# करेंट अफेयर्स प्वाइंटर

## संक्षिप्त सामान्य ज्ञान
## के साथ नि:शुल्क सप्लीमेंट

S. Chand And Company Limited
Copyright Reserved
S. Chand And Company Limited
Copyright Reserved

# विषय-सूची


| | |
|---|---|
| 1. सितंबर समसामयिक 2018 | 3–7 |
| 2. अक्टूबर समसामयिक 2018 | 8–12 |
| 3. नवंबर समसामयिक 2018 | 12–19 |
| 4. दिसंबर समसामयिक 2018 | 19–24 |
| 5. जनवरी समसामयिक 2019 | 24–31 |
| 6. फरवरी समसामयिक 2019 | 31–37 |
| 7. मार्च समसामयिक 2019 | 37–41 |
| 8. अप्रैल समसामयिक 2019 | 41–45 |
| 9. मई समसामयिक 2019 | 45–49 |
| 10. जून समसामयिक 2019 | 49–55 |
| 11. जूलाई समसामयिक 2019 | 56–66 |
| 12. अगस्त समसामयिक 2019 | 66–72 |
| 13. सितंबर समसामयिक 2019 | 72–76 |
| 14. अक्टूबर समसामयिक 2019 | 77–81 |


S. Chand And Company Limited Copyright Reserved
S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

# समसामयिक

# सितंबर, 2018

## राष्ट्रीय घटनायें

### कैबिनेट के महत्वपूर्ण निर्णय

- सितंबर, 2018 माह में केंद्रीय कैबिनेट ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये, जो इस प्रकार हैं :
- प्रधानमंत्री जन-धन योजना के अंतर्गत ओवरड्राफ्ट सुविधा के अंतर्गत मिलने वाली राशि एवं दुर्घटना बीमा की राशि को दोगुना कर दिया गया है। इसे अब 5 हजार से बढ़ाकर 10 हजार कर दिया गया है। इसी प्रकार, इस योजना के अंतर्गत मिलने वाली दुर्घटना बीमा की रकम को 1 लाख रूपये से बढ़ाकर 2 लाख रूपये कर दिया गया है।
- सरकार ने अटल पेंशन योजना के दायरे में वृद्धि की है। इसके लिये उम्र की सीमा 18-65 वर्ष कर दी गयी है। पहले यह अधिकतम 60 वर्ष थी।
- देश में 7 नये आईआईएम परिसरों को मंजूरी दी गयी है।
- सरकार ने देश में कौशल विकास के प्रशिक्षण से जुड़े केंद्रों को मान्यता देने के लिये नया नियामक बनाने का निर्णय किया है। राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीटी) एवं राष्ट्रीय कौशल विकास एजेंसी (एनएसडीए) को मिलाकर राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईबीटी) का गठन किया जायेगा। देश में कौशल विकास से जुड़े 14 हजार संस्थान हैं। इनमें से 80 प्रतिशत निजी संस्थान हैं।
- आंध्र प्रदेश के तिरूपति एवं ओडिशा के बेहरामपुर जिले में भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) के स्थायी परिसर स्थापित किये जायेंगे। इन पर 3074 करोड़ रूपये की लागत आयेगी।
- सरकार ने पर्यावरण योगदान के लिये भारत और फिनलैंड के मध्य समझौता ज्ञापन को मंजूरी प्रदान की। इसमें वायु एवं जल प्रदूषण रोकथाम एवं शुद्धीकरण, दूषित मृदा का उपचार, घातक कचरे को शामिल करते हुये कचरा प्रबंधन एवं कचरे से बिजली प्रौद्योगिकियां शामिल हैं।

### आधार वैध पर हर जगह आवश्यक नहीं

- सितंबर, 2018 माह में सर्वोच्च न्यायालय की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने आधार के संबंध में एक अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय देते हुये केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'आधार' को 4:1 के बहुमत से संवैधानिक ठहराया। हालांकि अदालत ने आधार संख्या को बैंक खाते एवं फोन नंबर से जोड़ने को असंवैधानिक बताते हुये इससे संबंधित

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

प्रावधान रद्द कर दिये। न्यायालय ने कहा कि आधार से जोड़कर बैंक में खाता खोलने की प्रक्रिया को संदेहास्पद नहीं बनाया जा सकता है। वहीं न्यायालय ने आधार को आयकर रिटर्न एवं पैन से जोड़ने की अनिवार्यता को बनाये रखा है।

## सबरीमाला मंदिर में महिलाओं को भी प्रवेश का अधिकार

- 28 सितंबर, 2018 को सर्वोच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय देते हुये कहा कि सबरीमाला स्थित ब्रम्हचारी भगवान अय्यपा के मंदिर में प्रवेश करने का अधिकार महिलाओं को भी है।
- विदित है कि केरल के इस प्रसिद्ध मंदिर में भगवान के ब्रम्हचारी होने की वजह से 10 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को प्रवेश का अधिकार नहीं है।
- पीठ ने कहा कि महिलाओं को प्रतिबंधित करने की सबरीमाला की प्रथा संविधान के अनुच्छेद 25 एवं 26 का समर्थन नहीं करते हैं। महिलाओं को प्रवेश से रोकना अनुच्छेद 25 (1) का उल्लंघन है तथा इसीलिये केरल हिंदू सार्वजनिक धर्मस्थल (प्रवेश अनुमति) नियम के प्रावधान 3 (बी) को असंवैधानिक होने की वजह से निरस्त किया जाता है।

**कौन हैं अय्यपा?**

- पैराणिक कथाओं के अनुसार, अय्यपा को भगवान शिव एवं मोहिनी (विष्णु जी का एक रूप) का पुत्र माना जाता है। इनका एक नाम हरिहरपुत्र भी है। हरि यानि विष्णु और हर यानि शिव। भगवान अय्यपा को अय्यपन, शास्ता, मणिकांता आदि नामों से भी जाना जाता है। इनके दक्षिण भारत में कई मंदिर हैं, जिनमें सबरीमाला सबसे अधिक प्रसिद्ध है।

# अंतर्राष्ट्रीय घटनायें

## भारत-अमेरिका के बीच 'कामकोसा समझौता

- सितंबर, 2018 माह में अमेरिका के रक्षा मंत्री जेम्स मैटिस तथा विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने भारत की यात्रा की।
- इस समझौते के अंतर्गत कई क्षेत्रों में आपसी सहयोग किया जाना सुनिश्चित किया गया। इस समझौते से भारत को रणनीतिक रूप से काफी लाभ होने की संभावना है। इस समझौते के बाद भारत को अमेरिका से मिलने वाली रक्षा संचार प्रौद्योगिकी हिंद महासागर में चीन की पनडुब्बियों पर नजर रखने में सहायता मिलेगी। इसके अलावा इस अवसर पर भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम लिमिटेड तथा अमेरिका की वेस्टिंगहाउस इलेक्ट्रिक कंपनी के बीच भी एक समझौता हुआ।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

## उजबेकिस्तान के राष्ट्रपति की भारत यात्रा

- सितंबर, 2018 माह में उजबेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव ने एक उच्चस्तरीय शिष्टमंडल के साथ भारत की यात्रा की। इस अवसर पर दोनों देशों के बीच कई समझौते भी संपन्न हुये।
- दोनों देशों ने वर्ष 2020 तक द्विपक्षीय व्यापार को 1 अरब डॉलर करने का लक्ष्य निर्धारित किया। दोनों देशों के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा, पर्यटन, औषधि, स्वास्थ्य, सांस्कृ. तिक आदान-प्रदान और शहरों के बीच सांस्कृतिक जुड़ाव को लेकर कुल 17 समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। इनमें आगरा को समरकंद की तरह सवांरने का समझौता भी शामिल है।
- **'सिस्टर सिटी समझौता' :** शावकत मिर्जियोयेव की इस भारत यात्रा के दौरान जो विभिन्न समझौते संपन्न हुये, उनमें से आगरा एवं समरकंद के समझौते को सिस्टर सिटी समझौता कहा गया है। यह समझौता ठीक उसी प्रकार का है, जिस प्रकार का वाराणसी एवं क्योटो के बीच हुआ था।

# आर्थिक घटनायें

- **सार्वजनिक क्षेत्र के तीन बैंकों का विलय**
- सितंबर, 2018 में केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के तीन बैंकों-बैंक ऑफ बड़ौदा, विजया बैंक एवं देना बैंक के आपस में विलय की घोषणा की है। वित्त वर्ष 2018-19 में इन तीनों बैंकों के विलय की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जायेगी। यह 1 अप्रैल, 2019 से प्रारंभ हो जायेगा। इसके पश्चात भारतीय स्टेट बैंक, विश्व के 50 सबसे बड़े बैंकों में शामिल हो गया था।

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## धरती के पड़ोसी ग्रह पर बन रहा है विशाल समुद्र

- धरती के पड़ोस में भी एक ऐसा ग्रह है, जहां हमारे जैसा विशाल समुद्र विद्यमान है। यह पड़ोसी ग्रह धरती से मात्र 4.2 प्रकाश वर्ष की दूरी पर स्थित है। वैज्ञानिकों की इस खोज से 'प्रोक्सिमा बी' ग्रह पर जीवन की संभावनायें सशक्त हो गयी हैं।
- इस ग्रह का द्रव्यमान धरती से लगभग 1.3 गुना है तथा यह पृथ्वी के समान सूर्य का चक्कर लगाता है। पृथ्वी के इस पड़ोसी ग्रह पर जीवन की विद्यमानता के संदर्भ में पहले भी कई शोध किये गये हैं लेकिन कुछ विशेष सफलता प्राप्त नहीं हो पायी थी। अब इस नये शोध से पुन : संभावनायें जागृत हुयी हैं।
- शोध के अनुसार, उचित परिस्थितियों में प्राक्सिमा बी पर जीवन संभव है तथा यहां पर

S. Chand And Company Limited
Copyright Reserved
S. Chand And Company Limited
Copyright Reserved

पानी भी उपलब्ध हो सकता है। नासा के वैज्ञानिकों द्वारा किये गये इस अध्ययन के अनुसार, इस पर विशाल महासागर भी हो सकता है। माना जा रहा है कि यह ग्रह सितारों से घिरा है। इस वजह से यहां ऐसा भी हो सकता है कि किसी हिस्से पर 24 घंटे का दिन रहे और 24 घंटे की रात्रि। जिन श्रेत्रों में अंधेरा है, वहां बर्फ के रूप में पानी जमा हो सकता है, जबकि दूसरी ओर अलग स्थिति हो सकती है। पहली बार इस ग्रह पर समुद्र होने की बात कही गयी है।

- प्रोक्सिमा बी, पृथ्वी के समीप स्थित एकमात्र ऐसा ग्रह है, जहां पृथ्वी जैसा वातावरण है।
- इस ग्रह पर चट्टानें हैं, जो बिल्कुल पृथ्वी जैसी हैं।
- इस ग्रह का तापमान –90 डिग्री सेल्सियस से लेकर 30 डिग्री सेल्सियस तक है।
- यहां ऐलियन के होने की संभावनायें भी व्यक्त की जा रही हैं।
- इस ग्रह पर जल एवं कार्बन डाईऑक्साइड विद्यमान हैं।
- यहां के वातावरण में लवणता एवं ग्रीनहाउस गैस का स्तर भी अलग-अलग हो सकता है।

# नवीनतम सामान्य ज्ञान

## नियुक्त/चयनित/निर्वाचित

- **गीता गोपीनाथ :** सितंबर, 2018 में भारतवंशी अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ को अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष का नया अर्थशास्त्री नियुक्त किया गया है। वे मारीस ओब्स्फील्ड का स्थान लेंगी। इस पद नियुक्त होने वाली वे दूसरी भारतीय हैं। इससे पहले भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुरमन राजन को इस पद पर नियुक्त किया जा चुका है।

## त्यागपत्र/सन्यास/बर्खास्त

- **केविन एवं माइक :** सितंबर, 2018 माह में इंस्टाग्राम के सह-संस्थापक केविन सिस्ट्रोम एवं माइक क्रीगर ने अपने पदों से त्यागपत्र दे दिया। सिस्ट्रोम एवं क्रीगर ने 2010 में पहली बार एक साफ्टवेयर प्रोजेक्ट को मिलाकर इंस्टाग्राम की स्थापना की थी। 2 वर्ष बाद इन्होंने इसे फेसबुक को बेच दिया था। इसके बाद से यह अब तक फेसबुक के ही पास है।

## चर्चित व्यक्ति

- **मुकेश अंबानी :** ये फोर्ब्स पत्रिका द्वारा जारी वर्ष 2018 के सबसे अमीर भारतीय हैं। पत्रिका के अनुसार, लगातार 11वें वर्ष इस उपलब्धि को प्राप्त करने वाले मुकेश अंबानी की कुल संपत्ति 47.3 अरब डॉलर (लगभग 3,48,956 करोड़) है। अंबानी की संपत्ति में इस वर्ष 9.3 अरब डॉलर की वृद्धि हुयी है। फोर्ब्स पत्रिका द्वारा जारी भारतीय अमीरों

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

की इस सूची में विप्रो के चेयरमैन अजीज प्रेमजी का दूसरा एवं लक्ष्मी मित्तल का तीसरा स्थान है।

- **युसाकू माइजावा :** जापानी अरबपति एवं जोजो कंपनी के मालिक यूसाकू माइजावा चंद्रमा पर जाने वाले विश्व के पहले पर्यटक होंगे। वे वर्ष 2023 तक स्पेसएक्स रॉकेट के द्वारा चांद की यात्रा करेंगे। विदित है कि इससे पहले केवल 12 लोगों ने ही चंद्रमा की सतह पर कदम रखा है। स्पेसएक्स अमेरिका की एयरोस्पेस विनिर्माता एवं अंतरिक्ष परिवहन सेवा कंपनी है। इस कंपनी का मुख्यालय कैलीफोनिर्या के हार्थोन में है।

## चर्चित स्थान

- **इंडोनेशिया :** सितंबर, 2018 माह में आये भीषण तूफान एवं सुनामी की वजह से यहां कई हजार लोग मारे गये तथा सैकड़ों बेघर हो गये। भारत ने इस अवसर पर इंडोनेशिया को सहायता पहुंचाने के लिये 'ऑपरेशन समुद्र मैत्री' चलाकर सहायता पहुंचायी। इस तूफान का सबसे अधिक प्रभाव देश के सुलावेसी द्वीप पर पड़ा।

## पुरस्कार और सम्मान

- **संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण पुरस्कार :** वर्ष 2018 का प्रतिष्ठित संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण पुरस्कार भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी एवं फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रो को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया है। इसके अंतर्गत उन्हें संयुक्त राष्ट्र के सर्वोच्च पर्यावरण पुरस्कार 'चैंपियन ऑफ अर्थ अवार्ड' चुना गया। इन दोनों को यह पुरस्कार अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन के लिये प्रसंशनीय कार्य करने के लिये दिया गया है।
- **आइंस्टीन पुरस्कार :** वर्ष 2018 का प्रतिष्ठित आइंस्टीन पुरस्कार भारतीय मूल के अमेरिकी प्रोफेसर अभय अश्तेकर को दिया है। यह पुरस्कार अमेरिका की फिजिकल सोसायटी द्वारा प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार उन्हें चार दशक पहले प्रारंभ किये गये गुरूत्वाकर्षण विज्ञान के क्षेत्र में कार्य करने के लिये प्रदान किया गया है।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved
S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

# अक्टूबर–2018

## राष्ट्रीय घटनायें

- **'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' राष्ट्र को समर्पित**
- 31 अक्टूबर, 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व की सर्वाधिक ऊंची प्रतिमा 'स्टेच्यू ऑफ यूनिटी' का लोकापर्ण किया। भारत के प्रथम उप-प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की यह प्रतिमा 182 मीटर ऊंची है, जो विश्व में सबसे अधिक है। यह प्रतिमा गुजरात के नर्मदा जिले के केवड़िया गांव में स्थित है।
- इस प्रतिमा का डिजाइन पद्मश्री एवं पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित राम वानजी सूतार ने किया था। इस प्रतिमा का निर्माण मुख्यतया लार्सन एवं टूब्रो कंपनी ने किया है, जिसमें उसने दुबई की बुर्ज खलीफा निर्माण करने वाली कंपनी की भी सहायता ली थी। इस प्रतिमा के निर्माण में 33 माह का समय लगा तथा लगभग 2,989 करोड़ रूपये की लागत आयी। इस प्रतिमा का आकार न्यूयार्क की 'स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी' से लगभग दोगुना है।

**अभी तक विश्व की पांच सबसे ऊंची प्रतिमायें**

1. स्प्रिपंग टेंपल बुद्धा, चीन (153 मीटर), 2. लेक्यून सेक्यार, म्यामांर (116 मीटर), 3. उशिकु दायबुत्सु, जापान (110 मीटर), 4. स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी, अमेरिका (97 मीटर) एवं 5. द ग्रेट बुद्धा, थाइलैंड (91 मीटर)।

### सरदार पटेल : एक परिचय

- सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के प्रथम उप-प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री थे। उन्हें 'आधुनिक भारत का निर्माता' कहा जाता है। भारत के विभाजन के समय उन्होंने तत्कालीन लगभग 552 रियासतों का भारत में एकीकरण करके आधुनिक भारत का स्वरूप संभव बनाया।
- 'सरदार' उनकी उपाधि थी, जो बारदोली सत्याग्रह के समय उन्हें बारदोली की महिलाओं द्वारा दी गयी थी। उन्हें 'भारत का बिस्मार्क' (जर्मनी का एकीकरण वाले नेता) की संज्ञा भी दी गयी है। हमारा देश एकीकरण के लिये उनके योगदान हेतु सदैव उनका ऋणी रहेगा।

## अंतर्राष्ट्रीय घटनायें

### रूस के राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा

- अक्टूबर, 2018 माह में रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमिर पुतिन ने अपनी दो दिवसीय भारत यात्रा संपन्न की तथा 19वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लिया।

S.Chand And Company Limited Copyright Reserved

- 4 अक्टूबर, 2018 को ब्लादिमिर पुतिन भारत पहुंचे। उनकी इस यात्रा में उनकी सबसे मुख्य वार्ता भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुयी। इसी तिथी को प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन के सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन किया। 5 अक्टूबर, 2018 को पुतिन की इस यात्रा में भारत एवं रूस के बीच अन्य समझौतों के साथ ही अत्यधिक महत्वपूर्ण 'के एस-400 मिसाइल समझौता' भी संपन्न हुआ।

**के एस-400 मिसाइल समझौता**

37 हजार करोड़ रूपये (लगभग 5 अरब डॉलर) के इस समझौते के अंतर्गत रूस, भारत को के एस-400 मिसाइलें देगा। यह मिसाइल प्रणाली 600 किमी. की दूरी तक निगरानी करने की क्षमता से लैस है तथा 36 लक्ष्यों पर एक साथ निशाना साध सकती है। इनके द्वारा पाकिस्तान के हर कोने में नजर रखी जा सकती है। यह मिसाइल दुश्मन की मिसाइलों का पता लगाकर उन्हें हवा में ही मार गिराने में सक्षम है। वर्तमान समय में लंबी दूरी तक मार करने वाली यह सबसे आधुनिक मिसाइल प्रणाली है।

- **अन्य समझौते :** रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमिर पुतिन की इस भारत यात्रा के दौरान के एस-400 मिसाइल प्रणाली के अलावा 8 अन्य महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये, जो इस प्रकार हैं :
- दोनों देशों के बीच विदेश मंत्रालय के स्तर पर 2019-2023 की अविधि के लिये परामर्श प्रोटोकाल संबंधी समझौता हुआ।
- नीति आयोग एवं रूस के आर्थिक विकास मामलों के मंत्रालय के बीच समझौता।
- इसरो और रूस की संघीय अंतरिक्ष एजेंसी में मानवयुक्त अंतरिक्ष अभियान पर समझौता।
- दोनों देशों के बीच रेलवे सहयोग ज्ञापन संबंधी समझौता।
- दोनों देशों के बीच परमाणु ऊर्जा सहयोग संबंधी समझौता।
- दोनों देशों के बीच परिवहन के क्षेत्र में समझौता।
- भारतीय राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम एवं रूस के लघु-मध्यम व्यापार निगम के बीच समझौता।
- दोनों देशों के बीच उरर्वक संबंधी समझौता।

# आर्थिक घटनायें

## केंद्र सरकार ने सार्वभौमिक स्वर्ण बांड योजना 2018-2019 प्रारंभ की

- अक्टूबर, 2018 में केंद्र सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के साथ सलाह करने के उपरांत सार्वभौमिक स्वर्ण बांड योजना 2018-2019 (Sovereign Gold Bond Scheme 2018 -19) प्रारंभ की।
- ये बांड अक्टूबर, 2018 से फरवरी, 2019 तक प्रत्येक माह जारी किया जायेंगे । ये

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

बांड भारत सरकार की ओर से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किये जायेंगे। इसके लिये बैंकों, स्टॉक एक्सचेंजों, पोस्ट ऑफिसों आदि को अधिकृत किया गया है। सार्वभौमिक स्वर्ण बांड, सोने के ग्राम के रूप में सरकारी प्रतिभूतियां हैं। ये सोने के स्थान पर उसका विकल्प हैं।

### विश्व बैंक ने पहला मानव पूंजी सूचकांक जारी किया

- अक्टूबर, 2018 में विश्व बैंक ने पहला मानव पूंजी सूंचकांक (Human Capital Index) इंडोनेशिया के बाली में जारी किया। यह सूचकांक विश्व विकास रिपोर्ट, 2019 का एक भाग है। इस सूचकांक में 157 देशों को शामिल किया गया है। यह सूचकांक इन देशों में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के स्तर पर आधारित है। इस सूचकांक में सिंगापुर को प्रथम स्थान पर रखा गया है।

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

### प्लास्टिक मुक्त अभियान

- अक्टूबर, 2018 में वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया। इसका नाम 'ब्रेक फ्री फ्रॉम प्लास्टिक' रखा गया था। इसमें यह पाया गया कि कोकाकोला, पेप्सिको एवं नेस्टले विश्व की उन प्रमुख कंपनियों में शामिल हैं, जो प्लास्टिक के उपयोग को बढ़ावा देती हैं तथा विश्व में अत्यधिक मात्रा में प्लास्टिक फैलाती हैं।
- इस अभियान में बताया गया कि इससे पहले एक अध्ययन किया गया था, जिसमें ये बातें पता चली थीं। इस अध्ययन के अनुसार, कोकाकोला, पेप्सिको एवं नेस्टले उन कंपनियों में भी शामिल हैं, जो समुद्री प्रदूषण को बढ़ावा देते हैं। इस अध्ययन में छह महाद्वीपों के 42 देशों की कुल 239 कंपनियों को शामिल किया गया था। अभियान के अंतर्गत 1 लाख 87 हजार प्लास्टिक के अवशेषों को एकत्रित किया गया।

## नवीनतम सामान्य ज्ञान

### नियुक्त/चयनित/निर्वाचित

- **तुषार मेहता :** 10 अक्टूबर, 2018 को केंद्र सरकार ने अतिरिक्त सालिसिटर जनरल तुषार मेहता को देश का नया सालिसिटर जनरल नियुक्त किया है। यह पद पिछले 1 वर्ष से रिक्त पड़ा था।
- **एम. नागेश्वर राव :** अक्टूबर, 2018 में एम. नागेश्वर राव को सीबीआई का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने आलोक वर्मा का स्थान लिया।

### त्यागपत्र/सन्यास/बर्खास्त

- **चंदा कोचर :** अक्टूबर, 2018 माह में भ्रष्टाचार एवं विवादों में घिरी आईसीआईसीआई

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

बैंक की प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रहीं चंदा कोचर ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया। इसके साथ ही उनका इस बैंक से लगभग 35 वर्ष जुड़ा रिश्ता भी समाप्त हो गया।

- **मेंग होंगवेई :** 8 अक्टूबर, 2018 को इंटरपोल (अंतर्राष्ट्रीय पुलिस संगठन) के अध्यक्ष मेंग होंगवेई ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया। उन पर भ्रष्टाचार एवं मनमाने ढंग से कार्य करने के आरोप थे। होंगवेई वर्ष 2016 में इंटरपोल के अध्यक्ष बने थे।
- **निक्की हेली :** अक्टूबर, 2018 में संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की प्रतिनिधि निक्की हेली ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया। इसकी औपचारिक घोषणा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की।

## निधन

- **नारायणदत्त तिवारी :** वयोवृद्ध कांग्रेसी नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री नारायणदत्त तिवारी का 18 अक्टूबर, 2018 को नयी दिल्ली में निधन हो गया।
- **मदनलाल खुराना :** वयोवृद्ध भाजपा नेता, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मदनलाल खुराना का लंबी बीमारी के बाद अक्टूबर, 2018 में निधन हो गया। वे अटल बिहारी वाजपेयी मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री एवं राजस्थान के राज्यपाल भी रहे थे।

## चर्चित स्थान

- **अमृतसर :** 18 अक्टूबर, 2018 को अमृतसर (पंजाब) में रावण दहन का कार्यक्रम देखने के समय रेलवे ट्रैक पर खड़ी भीड़ के ऊपर से ट्रेन के गुजर जाने से कई लोगों की जान चली गयी। इस दुर्घटना में सैकड़ों लोग घायल भी हो गये।

## पुरस्कार और सम्मान

- **शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार:** आईआईटी कानपुर के कंप्यूटर साइंस के प्रोफेसर डॉ. नितिन सक्सेना और इलाहाबाद स्थित हरीशचंद्र रिसर्च इंस्टीट्यूट की डॉ. अदिति सेन डे को वर्ष 2018 का भौतिक विज्ञान का शांतिस्वरूप भटनागर पुरस्कार दिया गया है। कुल 13 युवा वैज्ञानिकों को इस पुरस्कार के लिये चुना गया है। भौतिक विज्ञान का शांतिस्वरूप भटनागर पुरस्कार के लिये इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बंगलुरू के डॉ. अंबरीश घोष का चयन किया गया है। अन्य वैज्ञानिकों में जीवविज्ञान के क्षेत्र में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बंगलुरू के डॉ. गणेश नागाराजू एवं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च, पुणे के डॉ. थॉमस पुकेडेली, रसायन विज्ञान के लिये आईआईएसईआर, कोलकाता के डॉ. राहुल बनर्जी एवं इसी संस्थान के डॉ. स्वादिन कुमार मंडल को भी चुना गया है।
- **संयुक्त राष्ट्र चैंपियंस ऑफ द अर्थ पुरस्कार :** अक्टूबर, 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संयुक्त राष्ट्र चैंपियंस ऑफ द अर्थ पुरस्कार प्रदान किया गया। संयुक्त राष्ट्र द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रदान किया जाने वाला यह विश्व का सर्वोच्च पुरस्कार है। उन्हें यह पुरस्कार नयी दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुट्रस ने प्रदान किया। सुंयुक्त राष्ट्र द्वारा यह पुरस्कार ऐसे व्यक्ति को दिया जाता है, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय सौर सहयोग, सौर ऊर्जा के संरक्षण हेतु वैश्विक

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

भागेदारी एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय कार्य किया हो।

- **गोलकीपर्स गोल्डन गोल्स अवार्ड :** वर्ष 2017 में लंदन के डाउनिंग स्ट्रीट क्षेत्र में अपने परिवार और 2000 से ज्यादा लोगों के साथ फ्री पीरियड कैंपेन चलाकर चर्चा में आयी भारतवंशी अमेरिकी निवासी अमिका जार्ज को वर्ष गोलकीपर्स गोल्डन गोल्स अवार्ड से सम्मानित किया गया है। अमिका ने फ्री पीरियड कैंपेन के माध्यम से स्कूल जाने वाली गरीब लड़कियों को नि:शुल्क सैनिटरी उत्पाद की मांग की थी। इस अवार्ड को 'सामाजिक क्षेत्र का ऑस्कर अवार्ड' भी कहा जाता है। इसकी स्थापना वर्ष 2017 में ही बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने की थी। इसका उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास के लक्ष्य को गति प्रदान करना है।

## खेल परिदृश्य

- **पृथ्वी शॉ :** अक्टूबर, 2018 भ्रमणकारी वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के विरूद्ध अपने पहले ही टेस्ट में मुंबई के पृथ्वी शॉ ने शतक बनाकर इतिहास रच दिया। इस महान उपलब्धि को प्राप्त करने वाले वे विश्व के तीसरे एवं भारत के पहले सबसे युवा बल्लेबाज हैं।
- **विराट कोहली :** अक्टूबर, 2018 भ्रमणकारी वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के विरूद्ध पहले टेस्ट में भारतीय कप्तान विराट कोहली ने एक नयी उपलब्धि हासिल की। इस टेस्ट मैच में उन्होंने मात्र 123 पारियों में 24वां टेस्ट शतक लगाकर सचिन तेंदुलकर के रिकार्ड को पीछे छोड़ दिया। विदित है कि सचिन तेंदुलकर ने यह उपलब्धि 125 पारियां खेलकर प्राप्त की थीं। इसके साथ ही वे लगातार 3 कैलेंडर वर्ष में 1 हजार रन बनाने वाले पहले भारतीय भी बन गये हैं।

# नवंबर-2018

## राष्ट्रीय घटनायें

### देश की पहली परमाणु पनडुब्बी आई.एन.एस. अरिहंत

- नवंबर, 2018 माह में देश की पहली परमाणु पनडुब्बी 'आईएनएस अरिहंत' ने अपना पहला गश्ती अभियान पूर्ण कर लिया। इसके साथ ही अब भारत सतह, वायु एवं जल तीनों में परमाणु हमला करने में सक्षम बन गया है। इसे 'न्यूक्लियर ट्रायड' भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है-तीनों स्तरों की सुरक्षा। पाकिस्तान एवं चीन उसके दायरे मे आ चुके हैं। इस पनडुब्बी का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को समर्पित किया। इससे पूर्व मिराज-2000 की वजह से भारत वायु में एवं अग्नि बैलिस्टिक मिसाइल की वजह से वायु एवं थल में हमला करने में तो सक्षम था लेकिन आईएनएस अरिहंत के मिल जाने से वह अब जल में भी परमाणु हमला करने में सक्षम बन गया है।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

- आईएनएस अरिहंत का भार 8 हजार टन है तथा इसमें 750 से 3500 किमी. तक मार करने में सक्षम मिसाइलें शामिल हैं। इसका कोडनेम भारत के पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम के नाम पर किया गया है। वैसे आईएनएस अरिहंत के बाद भारत की दूसरी परमाणु पनडुब्बी 'आईएनएस परिधान' का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है तथा उम्मीद है कि वर्ष 2019 में इसे भी राष्ट्र को समर्पित कर दिया जायेगा।
- आईएनएस अरिहंत के मिलने के बाद भारत, विश्व का छठा ऐसा देश बन गया है, जिसके पास जल में परमाणु हमला करने की क्षमता है। इससे पहले विश्व के पांच देश यह क्षमता प्राप्त कर चुके हैं। इनके नाम हैं–रूस, अमेरिका, चीन, इंग्लैंड एवं फ्रांस।

### 'मिशन रक्षा'

- नवंबर, 2018 माह में देश की तत्कालीन रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'मिशन रक्षा' लांच किया। इसका मुख्य उद्देश्य स्वदेशी रक्षा उद्योग में बौद्धिक संपदा कानून को प्रोत्साहित करना है। इसके अंतर्गत देश में रक्षा उद्योग के स्वदेशी विकास के लिये प्रोत्साहन प्रदान करना है, जिसमें रक्षा उद्योग से संबंधित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठान भी शामिल हैं।

### प्रथम इंजनरहित ट्रेन के परिचालन का परीक्षण संपन्न

- नवंबर, 2018 माह में देश की पहली इंजररहित ट्रेन के परिचालन का सफल परीक्षण संपन्न हुआ। यह परीक्षण उत्तरी भारतीय रेल परिमंडल के मुरादाबाद-रामपुर लाइन के बीच संपन्न किया गया। इस अवसर पर इस ट्रेन को अलग-अलग स्पीड पर चलाया गया तथा इसकी ब्रेकिंग क्षमता का भी परीक्षण किया गया। इस ट्रेन में ड्राइविंग कोच के साथ कुल 16 डिब्बे होंगें।

### वाराणसी में प्रथम देशीय जलमार्ग टर्मिनल का लोकार्पण

- नवंबर, 2018 माह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गंगा नदी में देश के पहले देशीय जलमार्ग टर्मिनल का लोकार्पण वाराणसी में किया। यह टर्मिनल चार बहु-मॉडल युक्त होगा। इस अवसर पर उन्होंने उस कंटेनर कंसाइमेंट को भी देखा, जिसे पहली बार इस जलमार्ग से भेजा जायेगा। इससे गंगा नदी के माध्यम से सामान भेजने की सुविधा का विकास होगा तथा सड़क एवं वायु परिवहन पर भार में कमी आयेगी।

## अंतर्राष्ट्रीय घटनायें

### भारत अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ का पुनः सदस्य बना

- नवंबर, 2018 माह में भारत को अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (the International Telecommunications Union-ITU) का पुनः सदस्य निर्वाचित कर लिया गया। भारत

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved
S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

2019 से 2022 तक इसका सदस्य रहेगा। यह निर्वाचन संघ की दुबई में आयोजित बैठक में किया गया। इस अवसर पर भारत को 163 देशों के मत प्राप्त हुये तथा वह एशिया-ऑस्ट्रेलिया क्षेत्र से चुना गया।

## रेगी संगीत यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल में शामिल

- नवंबर, 2018 माह में रेगी संगीत को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल कर लिया गया। विदित है कि बॉब मार्ले जैसे विश्व प्रसिद्ध संगीतकार इससे जुड़े हुये हैं। इस संगीत का जन्म जमैका में हुआ था।

## भारत-इंग्लैंड का संयुक्त नौसैनिक अभ्यास संपन्न

- नवंबर, 2018 माह में भारत एवं इंग्लैंड के बीच गोवा में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास 'कोंकण-18' संपन्न हुआ। इसमें भारत की ओर से आईएनएस कोलकाता ने भाग लिया।

## भारत-रूस के बीच गोवा में नौसैनिक पोत कारखाने के निर्माण पर सहमति

- नवंबर, 2018 माह में भारत एवं रूस के बीच गोवा में संयुक्त रूप से एक नौसैनिक पोत के निर्माण की स्थापना से संबंधित सहमति-पत्र पर हस्ताक्षर किये गये। इसके अंतर्गत दोनों देश 500 मिलियन डालर वाली इस परियोजना पर गोवा में एक संयुक्त नौसैनिक पोत निर्माण कारखाने की स्थापना करेंगे। इसमें भारत की ओर से गोवा शिपयार्ड लिमिटेड एवं रूस की ओर से रोसोबोरोनोक्सपोर्ट ने हस्ताक्षर किये। इसे 'प्रोजेक्ट 11356' का नाम दिया गया है। इसके लिये रूस द्वारा तकनीकी उपलब्ध करायी जायेगी। इस कारखाने का निर्माण वर्ष 2020 में प्रारंभ होगा तथा यहां से पहले युद्धपोत की आपूर्ति 2026 से प्रारंभ होगी।

## भारत-इंग्लैंड कैंसर शोध पर सहमत

- नवंबर, 2018 माह में भारत एवं इंग्लैंड के बीच एक सहमति-पत्र पर हस्ताक्षर किये गये, जिसके अंतर्गत दोनों देश 5 वर्ष तक कैंसर शोध परियोजना पर एक-दूसरे को सहायता करेंगे। इस सहमति-पत्र पर भारत की ओर से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय एवं इंग्लैंड के कैंसर शोध संस्थान की ओर से हस्ताक्षर किये गये।

## फ्रांस में युद्ध स्मारक

- नवंबर, 2018 माह में भारत के उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैयानायडू ने फ्रांस में प्रथम भारतीय सशस्त्र बल युद्ध स्मारक का लोकार्पण किया। इस युद्ध स्मारक का निर्माण भारत द्वारा उन शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिये किया गया है, जिन्होने प्रथम विश्व युद्ध मे अपने प्राणों की आहूति दे दी थी।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

## अमेरिका, मैक्सिको एवं कनाडा ने नाफ्टा के स्थान पर नया समझौता किया

- नवंबर, 2018 माह में अमेरिका, मैक्सिको एवं कनाडा ने आपस में मिलकर एक नया समझौता किया है। यह नया समझौता नाफ्टा (American Free Trade Agreement; NAFTA) का स्थान लेगा। इस नये समझौते को अमेरिका-मैक्सिको-कनाडा समझौता (USMCA) नाम दिया गया है। इस समझौते के अंतर्गत इन देशों के आपसी व्यापार के एक ट्रिलियन होने की आशा है। हालांकि इस समझौते को लागू करने के लिये संबंधित देशों की व्यवस्थापिकाओं द्वारा इनका अनुमोदन किया जाना आवश्यक होगा।

# आर्थिक घटनायें

## चीनी उत्पादन में भारत बना विश्व का शीर्ष देश

- नवंबर, 2018 माह में भारत, ब्राजील को पीछे छोड़कर चीनी उत्पादन में विश्व में पहले स्थान पर आ गया है। वर्ष 2018 में भारत में चीनी उत्पादन में 5% से अधिक वृद्धि हुयी। इससे उसका कुल चीनी उत्पादन बढ़कर 4 करोड़ टन हो गया है। ब्राजील का वार्षिक चीनी उत्पादन 3.6 करोड़ टन है। विदित है कि पिछले 16 वर्षों से ब्राजील विश्व में शीर्ष स्थान पर बना हुआ था। वैसे निर्यात के मामले में अभी भी ब्राजील पहले स्थान पर है। वैसे वर्ष 2018 में वैश्विक चीनी उत्पादन में काफी गिरावट दर्ज की गयी है।

## भारत सरकार एवं एशियाई विकास बैंक के बीच सहमति

- नवंबर, 2018 माह में भारत सरकार एवं एशियाई विकास बैंक के बीच भारतीय अधोसंरचना वित्त कंपनी लिमिटेड (India Infrastructure Finance Company Limited) को सहायता उपलब्ध कराने के लिये 300 मिलियन डालर का ऋण प्राप्त करने के संबंध में नयी दिल्ली में एक सहमति-पत्र पर हस्ताक्षर किये गये।

## सौभाग्य योजना

- नवंबर, 2018 माह में देश के 8 राज्यों ने 'सौभाग्य योजना' के अंतर्गत 100 प्रतिशत विद्युतीकरण का लक्ष्य प्राप्त कर लिया। इन राज्यों के नाम हैं : मध्यप्रदेश, बिहार, त्रिपुरा, जम्मू-कश्मीर, सिक्किम, मिजोरम, पश्चिम बंगाल एवं तेलंगाना। इस प्रकार इस योजना के अंतर्गत अब तक देश के कुल 15 राज्य पूर्ण विद्युतीकरण के लक्ष्य को प्राप्त कर चुके हैं। विदित है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 सितंबर, 2017 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म शती के अवसर पर 16320 करोड़ की इस महत्वकांक्षी परियोजना का शुभारंभ किया था। इस योजना का उद्देश्य मार्च, 2019 तक देश के सभी घरों तक बिजली पहुंचाना था।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

### 59 मिनट में 1 करोड़ ऋण के लिये पोर्टल लांच

- नवंबर, 2018 माह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 59 मिनट में 1 करोड़ तक के लिये एक नया पोर्टल लांच किया। यह पोर्टल सूक्ष्म, मंझोले एवं मध्यम आकार वाले उद्योगों के लिये लांच किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से इस प्रकार के उद्योगों का संचालन करने वाले व्यवसायी/उद्योगपति ऋण प्राप्त करके अपने उद्योग को आगे बढ़ा सकते हैं।

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

### एस्प्रिन और ओमेगा-3 कैंसर से बचाव में सहायक

- वैज्ञानिकों द्वारा किये गये एक शोध से यह ज्ञात हुआ है कि छोटी आंत के कैंसर के अत्यधिक जोखिम वाले मरीजों में एस्प्रिन एवं ओमेगा-3 का सेवन सुरक्षित एवं कैंसर की संभावना को कम करने में सहायक है। शोध में यह पाया गया कि जिन मरीजों ने एस्प्रिन तथा ओमेगा-3 का सेवन किया, उनमें कैंसर से संबंधित 27 प्रतिशत पॉलिप कम विकसित हुये। ओमेगा-3 को 'ईपीए' (इकोसैप्टेनोइक एसिड) भी कहते हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि एस्प्रिन व ईपीए का उपयोग पालिप की संख्या पर प्रभावकारी होने के बाद भी एस्प्रिन व ईपीए का एक साथ उपयोग अधिक प्रभावी है।

### वर्ष 2026 तक ओजोन परत पूरी तरह भर जायेगी

- संयुक्त राष्ट्र द्वारा किये गये एक अध्ययन के अनुसार, वर्ष 2026 तक आजोन परत पूरी तरह से भर जायेगी। अंटार्कटिका के ऊपर विद्यमान इस परत का ब्लैक होल 2026 तक पूरी तरह से भर जायेगा। यह होल तेजी से भर रहा है तथा इसकी दर 1-3% वार्षिक है। यह अध्ययन मांट्रियल प्रोटोकाल के उस प्रावधान का हिस्सा था, जिसके अंतर्गत प्रत्येक चार वर्ष में ओजोन परत का अध्ययन किया जाता है। विदित है कि ओजोन परत सूर्य से आने वाली पराबैंगनी किरणों को रोककर हमें हानिकारक कैंसर से बचाती है।

### विश्व का सबसे बड़ा सुपर कंप्यूटर 'स्पिएनएनकेरर्स' (SpiNNaker) पहली बार चालू

- नवंबर, 2018 में विश्व का सबसे बड़ा सुपर कंप्यूटर 'स्पिएनएनकेरर्स' (Spiking Neural Network Architecture' machine) पहली बार चालू किया गया। इसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह मानव के दिमाग के जैसा काम कर सके। एक मिलियन प्रोसेसर्स से मिलकर बना यह सुपर कंप्यूटर प्रति सेकेंड 200 मिलियन गणनायें पूरी कर सकता है। यह सुपर कंप्यूटर वैज्ञानिकों को इस कार्य में सहायता करेगा कि कई गंभीर बीमारियां, जैसे-पार्किन्संस इत्यादि मस्तिष्क पर किस प्रकार का प्रभाव डालती हैं।

### इसरो द्वारा 'हाइसिस' का सफल प्रक्षेपण

- नवंबर, 2018 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन 'इसरो' ने 8 देशों के 30 उपग्रहों के

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

साथ 'हाइसिस' (Hyperspectral Imaging Satellite) का सफल प्रक्षेपण किया। इसरो के अनुसार यह विशेष रूप से उद्योगों द्वारा किये जा रहे प्रदूषण के संबंध में जानकारी देगा। इसके अलावा यह कृषि, वानिकी, भू-विज्ञान, तटीय क्षेत्र अध्ययन एवं देशीय जल अध्ययअन आदि में भी सहायता प्रदान करेगा।

### इसरो द्वारा 'जीसैट-29' का सफल प्रक्षेपण

- नवंबर, 2018 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन 'इसरो' ने भारत के सबसे भारी एवं सबसे शक्तिशाली जीएसएलवी एमके-III की सहायता से 'जीसैट-29' का अंतरिक्ष की कक्षा में सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। 3,423 कि.ग्राम भार वाले इस उपग्रह के 10 वर्ष तक सेवायें देने की आशा है। इसे पृथ्वी की भू-स्थैतिक कक्षा में पृथ्वी से 35,786 किमी. की ऊंचाई पर स्थापित किया गया है।

# नवीनतम सामान्य ज्ञान

## नियुक्त/चयनित/निर्वाचित

- **अरविंद सक्सेना :** नवंबर, 2018 में अरविंद सक्सेना को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) का नया अध्यक्ष बनाया गया है। अभी वे आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे थे।
- **सालोम जुराविसविली :** नवंबर, 2018 में इन्हें जार्जिया की पहली महिला राष्ट्रपति चुना गया है।
- **किम जोंग यांग :** नवंबर, 2018 में दक्षिण कोरिया के किम जोंग यांग को अंतर्राष्ट्रीय पुलिस संगठन 'इंटरपोल' का नया अध्यक्ष चुना गया है। उनका चयन दुबई में इंटरपोल की वार्षिक बैठक में 194 सदस्यों ने किया।
- **थॉमस कुरियन :** नवंबर, 2018 में इन्हें एडोब क्लाउड का नया चेयरमैन चुना गया है।
- **अशोक कुमार गुप्ता :** नवंबर, 2018 में इन्हें प्रतिस्पर्धा आयोग का नया अध्यक्ष चुना गया है।
- **एस.एस देसवाल :** नवंबर, 2018 में इन्हें भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) का नया महानिदेशक नियुक्त किया गया है।

## निधन

- **मोहम्मद अजीज :** नवंबर, 2018 में प्रसिद्ध गायक मोहम्मद अजीज का निधन हो गया।
- **सी.के. जाफर शरीफ :** नवंबर, 2018 में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सी.के.जाफर शरीफ का निधन हो गया।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

- **एलेक्स पदमशी :** नवंबर, 2018 में पद्मश्री पुरस्कार विजेता एवं प्रसिद्ध फिल्मकार एलेक्स पदमशी का निधन हो गया।
- **स्टैन ली :** नवंबर, 2018 में स्पाइडरमैन के सह-निर्माता स्टैन ली का निधन हो गया।
- **अनंत कुमार :** नवंबर, 2018 में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अनंत कुमार का निधन हो गया।

## चर्चित व्यक्ति

- **शांतनु नारायन :** नवंबर, 2018 में एडोब के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शांतनु नारायन को 'फोर्च्यून पर्सन ऑफ द इयर' चुना गया है।
- **अरूणिमा सिन्हा :** नवंबर, 2018 में अरूणिमा सिन्हा को इंग्लैंड में मानद डाक्टरेट की उपाधि दी गयी है। उन्हें यह सम्मान पर्वतारोहण को प्रोत्साहित करने के लिये दिया गया है। यह सम्मान पाने वाली वे पहली भारतीय महिला हैं।
- **एस. मैरीकॉम :** नवंबर, 2018 में नयी दिल्ली में संपन्न विश्व महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप में इन्हें ब्रांड एंबैस्डर बनाया गया था।
- **लियोनल मैसी :** नवंबर, 2018 में बार्सीलोना क्लब द्वारा स्पेन के प्रसिद्ध फुटबाल खिलाड़ी लियोनल मैसी को 'ला लिगा प्लेयर ऑफ द इयर अवार्ड' से सम्मानित किया गया है।
- **बजरंग पुनिया :** नवंबर, 2018 में एशियाई खेलों एवं राष्ट्रमंडल खेलों में कुश्ती के स्वर्ण पदक विजेता बजरंग पुनिया 65 कि.ग्रा. भार वर्ग में विश्व में शीर्ष स्थान पर पहुंच गये।
- **राहुल द्रविड़ :** नवंबर, 2018 में पूर्व भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी राहुल द्रविड़ को 'आ. ईसीसी हाल ऑफ फेम क्लब' में शामिल कर लिया गया है। इससे पूर्व बिशन सिंह बेदी, सुनील गावस्कर, कपिल देव एवं अनिल कुंबले को यह सम्मान प्राप्त हो चुका है।

## पुरस्कार और सम्मान

- **साहित्य अकादमी पुरस्कार :** नवंबर, 2018 में साहित्य अकादमी पुरस्कारों की घोषणा की गयी। वरिष्ठ कथाकार चित्रा मुद्गल और अनीस सलीम सहित 24 लेखकों को वर्ष 2018 का साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया है। चित्रा मुद्गल को हिंदी एवं अनीस सलीम को अंग्रेजी में लेखन के लिये पुरस्कृत किया गया है। इसी प्रकार, रहमान अब्बास को उर्दू, रमाकांत शुक्ल को संस्कृत, मोहनजीत को पंजाबी तथा वीणा ठाकुर को मैथिली में यह पुरस्कार दिया गया है।
- **फ्रांस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान :** नवंबर, 2018 में सॉफ्टवेयर कंपनी विप्रो के संस्थापक एवं चेयरमैन अजीज प्रेमजी को फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'नाइट ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर' (Knight of the Legion of Honour) से सम्मानित किया गया है।
- **ग्लोबल एजुकेशन पुरस्कार :** नवंबर, 2018 में 'सुपर 30' के संस्थापक आनंद कुमार को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved
S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

- **राजा राममोहन राय पुरस्कार :** नवंबर, 2018 में प्रसिद्ध पत्रकार एन. राम को राजा राममोहन राय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

## खेल परिदृश्य

- **महिला टी-20 विश्व कप :** नवंबर, 2018 माह में आयोजित महिला टी-20 विश्व कप का खिताब ऑस्ट्रेलिया ने जीत लिया। फाइनल में उसने इंग्लैंड को हराया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया सर्वाधिक 4 बार इस खिताब को जीतने वाली टीम बन गयी है। ऑस्ट्रेलिया की एशलेग गार्डनर को 'मैन ऑफ द सिरीज' चुना गया।
- **महिला विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप :** नवंबर, 2018 माह में नयी दिल्ली में आयोजित विश्व महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप का खिताब एस. मैरीकाम ने जीत लिया। फाइनल में उन्होंने यूक्रेन की हान्ना ओकहोटा को पराजित किया।
- **आर्टिस्टिक जिमनास्टिक विश्व चैंपियनशिप :** नवंबर, 2018 माह में जर्मनी में आयोजित इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया।

# दिसंबर-2018

# राष्ट्रीय घटनायें

## अंडमान निकोबार द्वीप समूह के नामों में परिवर्तन

- दिसंबर, 2018 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेताजी सुभाषचन्द्र चंद्र बोस को श्रद्धांजलि देने के साथ ही अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के तीन द्वीपों का नाम बदलने की घोषणा की। इसके अंतर्गत रॉस द्वीप को नेताजी सुभाषचन्द्र चंद्र बोस द्वीप, नील द्वीप को शहीद द्वीप और हैवलॉक द्वीप को स्वराज द्वीप का नाम दिया गया है।
- वर्ष 1943 में इस दिन बोस ने सुझाव दिया था कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूहों के नाम क्रमशः शाहिद और स्वराज द्वीप रखे जाने चाहिये। सन् 1943 में नेताजी बोस ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में फहराये गये झंडे के लिए मोदी ने नेताजी की प्रतिमा पर पुष्प श्रद्धांजलि अर्पित करने के अलावा पोर्ट ब्लेयर में 150 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज को भी फहराया।

## रेलवे द्वारा ई-दृष्टि सॉफ्टवेयर लांच

- दिसंबर, 2018 में रेलवे ने ई-दृष्टि साफ्टवेयर लांच किया है, जिससे पूर्णतया समयबद्ध तरीके से ट्रेनों के परिचालन में सहायता मिलेगी। इसके अलावा यह यात्रियों एवं सामान को भी देश के किसी भी हिस्से तक समय से पहुंचाने में सहायता करेगा। इस सॉफ्टवेयर का विकास रेलवे सूचना तंत्र ने किया है। इसमें रेलवे के परिचालन से संबंधित सभी प्रकार की जानकारियां एकत्रित होंगी। विदित है कि भारतीय रेवले नेटवर्क, विश्व के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्कों में से एक है।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved
S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

# अंतर्राष्ट्रीय घटनायें

## भारत द्वारा भूटान को 4,500 करोड़ रूपये की सहायता की घोषणा

- दिसंबर, 2018 माह में भूटान के प्रधानमंत्री लोटाय शेरिंग ने एक उच्चस्तरीय शिष्टमंडल के साथ भारत की यात्रा की। इस दौरान उनकी सबसे मुख्य बातचीत भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हुयी।
- इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने भूटान भूटान की विकास जरूरतों को पूरा करने के लिये उसे 4,500 करोड़ रुपए की सहायता देने की घोषणा की। दूसरी ओर भूटान के प्रधानमंत्री ने भारत के साथ गर्मजोशी से संबंध बनाए रखने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता का संकेत दिया। भूटान, भारत से विकास सहायता के महत्वपूर्ण प्राप्तकर्ताओं में से एक है । विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत ने 11वीं पंचवर्षीय योजना के लिए 4, 500 करोड़ रुपये प्रदान किए हैं।
- भारत की ओर से कहा गया कि वह भूटान की अगली पंचवर्षीय योजना शीघ्र ही शुरू करने का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री मोदी ने कहा कि दक्षिण एशियाई उपग्रह के लाभ को साझा करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) भूटान में एक ऐसा ग्राउंड स्टेशन स्थापित करने की योजनाओं के साथ आगे बढ़ रहा है जो टेलीमेडिसिन, आपदा राहत और जलवायु प्रवृत्तियों में सहायता करेगा।

## लक्जमबर्ग नि:शुल्क यात्रा प्रदान करने वाला विश्व का पहला देश

- दिसंबर, 2018 माह में लक्जमबर्ग द्वारा यह घोषणा की गयी कि वर्ष 2019 की गर्मियों से देश के सभी नागरिकों को नि:शुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।
- इस नीति के अंतर्गत देश के नागरिकों के लिये सभी बसों, ट्रेनों, ट्राम आदि में यात्रा करना पूर्णतया नि:शुल्क घोषित कर दिया गया है। देश की सरकार का कहना है कि उसने पर्यावरण को सुरक्षित रखने एवं ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात पाने के लिये उसने यह कदम उठाया है।

## जापान द्वारा श्रमिक प्रवेश आव्रजन विधेयक पारित

- दिसंबर, 2018 माह में जापान की सरकार ने श्रमिक आव्रजन विधेयक पारित कर दिया है, जिसके अंतर्गत अब देश में बाहरी श्रमिकों के प्रवेश एवं काम मिलने का रास्ता साफ हो गया है। वैसे यह योजना अप्रैल, 2019 से प्रारंभ की गयी। इस नीति के अंतर्गत जापान सरकार की योजना है कि वह पहले चरण में देश में 3 लाख 45 हजार ऐसे श्रमिकों को देश में लायेगी, जो विर्निमाण (construction) क्षेत्र से संबंधित हैं।

S. Copyright Reserved S. Chand And Company Limited

# आर्थिक घटनायें

## बैंकों ने 2017-18 में 40,400 करोड़ रूपये वसूले

- वर्ष 2018 में बैंकों ने दीवालिया, उगाही, सारफाएसी अधिनियम, ऋण वसूली अधिनियम, तथा लोक अदालत आदि के माध्यम से इनकी सहायता से ऋण के रूप में दिये गये 40,400 करोड़ रूपये वसूले। इसके अलावा बैंकों ने आईबीसी के माध्यम से लगभग 4,900 करोड़ रूपये की राशि की वसूली की।

## आरबीआई ने आर्थिक पूंजी फ्रेमवर्क पर पैनल बनाया

- दिसंबर, 2018 में भारतीय रिजर्व बैंक ने आर्थिक पूंजी फ्रेमवर्क पर एक पैनल या विशेषज्ञ समिति का गठन किया है, जिसके अध्यक्ष भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर विमल जालान होंगे। इस समिति का कार्य देश के इस केंद्रीय बैंक एवं सरकार के बीच सहयोग को बढ़ाना तथा विवादित मुद्दों को कम करने हेतु तरीके सुझाना होगा।
- 30 जून, 2018 तक भारतीय रिजर्व बैंक के पास 9.43 लाख करोड़ की आरक्षित धनराशि थी, जिसका अधिंकांश हिस्सा आकस्मिकता निधि (2.32 लाख करोड़) तथा मुद्रा एवं स्वर्ण पुर्नमूल्यांकन खाते (6.91 लाख करोड़) रूपये से आया था।

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## गगनयान परियोजना : केंद्र सरकार ने 10 हजार करोड़ रूपये की राशि प्रदान की

- दिसंबर, 2018 में केंद्र सरकार ने मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए 10 हजार करोड़ रुपये की मंजूरी दी प्रदान की है। केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा इस परियोजना को मंजूरी दे दी गयी है, जिसके अंतर्गत दो मानवरहित एवं एक तीन सदस्यीय दल को कम से सात दिन के लिए अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने इसकी घोषणा की।
- इस परियोजना पर 10 हजार करोड़ रुपये की लागत आएगी । विदित है कि इस परियोजना की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण में की थी। मानवयुक्त अंतरिक्ष अभियान के लिये इसरो द्वारा जीएसएलवी एमके-III प्रक्षेपण वाहन का विकास किया जायेगा। इसके अलावा इसरो द्वारा नये क्रू स्केप सिस्टम का भी विकास किया जा रहा है, जिसमें मानव के अंतरिक्ष में जाने संबंधी सभी प्रकार की प्रौद्योगिकियां होंगी।
- यह सिस्टम इस प्रकार विकसित किया जायेगा कि वह तीन सदस्यीय अंतरिक्ष यान को पृथ्वी के लो अर्थ आर्बिट में ले जाने में सक्षम हो। इस अंतरिक्ष यान में मानव के जीवन तंत्र को संचालित करने के लिये सभी प्रकार की अन्य सुविधायें भी होंगी।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

## नासा के यान ने मंगल ग्रह में ध्वनि के संकेत दिये

- दिसंबर, 2018 में मंगल ग्रह में भेजे गये नासा के यान ने वहां की हवा में ध्वनि की विद्यमानता के संकेत दिये हैं। नासा के अनुसार, इस यान में लगे सेंसरों से यह आभास हुआ है कि यहां 10 से 15 मील प्रति घंटे की गति से हवायें बहती हैं तथा जिसके कारण इन सेंसरों में कंपन दर्ज किये गये हैं। ये वायुदाब सेंसर, जो कि मौसमी आंकड़े एकत्रित करते हैं, उनमें सीधे तौर पर इन वायु कंपनों को दर्ज किया गया है।

# नवीनतम सामान्य ज्ञान

## नियुक्त/चयनित/निर्वाचित

- **सी. प्रवीन कुमार :** दिसंबर, 2018 में सी. प्रवीन कुमार को आंध्रप्रदेश उच्च न्यायालय का नया मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने घोषणा की कि जब आंध्रप्रदेश की राजधानी अमरावती बन जायेगी तो वहां उसका नया उच्च न्यायालय स्थापित किया जायेगा तथा हैदाराबाद उच्च न्यायालय तेलंगाना के उच्च न्यायालय के रूप में कार्य करेगा।
- **सुनील अरोड़ा :** दिसंबर, 2018 में सुनील अरोड़ा को देश का नया मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया है।
- **डॉ. अजय भूषण पांडेय :** दिसंबर, 2018 में डॉ. अजय भूषण पांडेय को वित्त मंत्रालय में नया राजस्व सचिव नियुक्त किया गया है।
- **के. सुब्रमण्यम :** दिसंबर, 2018 में के. सुब्रमण्यम को देश का नया आर्थिक सलाहकार नियुक्त किया गया है।
- **उदयशंकर :** दिसंबर, 2018 में उदयशंकर को फिक्की का नया उपाध्यक्ष चुना गया है।
- **सोलोम जूरीचिसवेली :** दिसंबर, 2018 में सालोम जूरीचिसवेली को जार्जिया की पहली महिला प्रधानमंत्री चुना गया है।
- **रानिल विक्रमसिंघे :** दिसंबर, 2018 में रानिल विक्रमसिंघे को श्रीलंका का नया प्रधानमंत्री चुना गया है।
- **शेख हसीना :** दिसंबर, 2018 में शेख हसीना को बांग्लादेश का नया प्रधानमंत्री चुना गया है।

## त्यागपत्र/सन्यास/बर्खास्त

- **जेम्स मैटिस :** दिसंबर, 2018 में अमेरिका के रक्षा मंत्री जेम्स मैटिस ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

## निधन

- **जार्ज. डब्ल्यू. बुशः** दिसंबर, 2018 में अमेरिका के भूतपूर्व राष्ट्रपति जार्ज डब्ल्यू. बुश का निधन हो गया।
- **मृणाल सेन :** दिसंबर, 2018 में प्रसिद्ध फिल्मकार मृणाल सेन का लंबी बीमारी के बाद कोलकाता में निधन हो गया। उन्हें 12 अंतर्राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त हुये थे।
- **जयरमन :** दिसंबर, 2018 में प्रसिद्ध कृषि विशेषज्ञ जयरमन का चेन्नई में निधन हो गया।

## चर्चित व्यक्ति

- **कश्मीर शिवन :** दिसंबर, 2018 में इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) के अध्यक्ष कश्मीर शिवन को एसएसआई ने गोल्ड मेडल प्रदान किया गया है। इसरो के अध्यक्ष कश्मीर शिवन ने तिरुअनंतपुरम में आयोजित 42 वें नेशनल सिस्टम्स सम्मेलन के दौरान सिस्टम्स सोसायटी ऑफ इंडिया (एसएसआई) द्वारा नेशनल सिस्टम्स गोल्ड मेडल भेंट किया गया । यह पदक प्रणाली विज्ञान और इंजीनियरिंग के लिए उत्कृष्ट योगदान योगदान हेतु प्रदान किया जाा है। भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएसटी) के कुलपति भोलानाथ सुरेश ने VSSC में आयोजित एक समारोह में उन्हें यह पदक प्रदान किया।
- **वैनेशा पोंकेडे लियोन :** दिसंबर, 2018 में चीन में आयोजित मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में मैक्सिको की वैनेशा पोंकेडे लियोन को वर्ष 2018 का नया मिस वर्ल्ड चुना गया है। यह खिताब जीतने वाली वे पहली मैक्सिकन महिला हैं।
- **कैट्रियाना ग्रे :** दिसंबर, 2018 में थाइलैंड में आयोजित मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में कैट्रियाना ग्रे को वर्ष 2018 का नया मिस यूनिवर्स चुना गया है।

## चर्चित स्थान

- **भुवनेश्वर :** दिसंबर, 2018 में ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में नेशनल हाइस्कूल साइंस कांग्रेस का आयोजन किया गया। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भुवनेश्वर में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के 26 वें संस्करण का उद्घाटन किया, जिसमें दस एशियाई और सात खाड़ी देशों से 800 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस वर्ष की थीम 'विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचारः स्वच्छ, हरित और स्वस्थ राष्ट्र' के लिए थी।

## पुरस्कार और सम्मान

- **ज्ञानपीठ पुरस्कार :** दिसंबर, 2018 में वर्ष 2018 के लिये ज्ञानपीठ पुरस्कार अमिताभ घोष को दिया गया है।
- **तानसेन सम्मान :** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संगीत के क्षेत्र में प्रदान किया जाने वाला प्रसिद्ध तानसेन सम्मान सितावर वादक मंजू मेहता को दिया गया है।
- **संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार पुरस्कार :** दिसंबर, 2018 में वर्ष 2018 के लिये संयुक्त

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

राष्ट्र मानवाधिकार पुरस्कार प्रसिद्ध वकील एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता असमा जहांगीर को दिया गया है।

## खेल परिदृश्य

- **महिला हॉकी विश्व कप :** दिसंबर, 2018 में बेल्जियम ने नीदरलैंड के पेनाल्टी शूटआउट में हराकर महिला हॉकी विश्व कप का खिताब जीत लिया है।
- **पुणे इंटरनेशनल मैराथन :** दिसंबर, 2018 में पुणे में आयोजित इंटरनेशनल मैराथन प्रतियोगिता का खिताब अटलावियन वेवेवे ने जीता। उन्होंने यह मैराथन रेस 2 घंटे, 17 मिनट और 17 सेकेंड में पूरी की।
- **वर्ल्ड टूर फाइनल्स बैडमिंटन :** दिसंबर, 2018 में चीन के ग्वांगझू में आयोजित इस प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया। फाइनल में उन्होंने जापान की ओजोकी नोकुहारा को हराया।
- **आगा खां स्वर्ण कप हॉकी :** दिसंबर, 2018 में पुणे के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता का खिताब स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया, सेल ने जीत लिया।

## खेल समाचार

- पूर्व भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी वीवीएस लक्ष्मण को भारत की महिला क्रिकेट टीम का नया कोच नियुक्त किया गया है।
- भारत के पूर्व निशानेबाजी कोच पवन सिंह को 7 सदस्यीय अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी महासंघ का सदस्य नियुक्त किया गया है। इस पद पर नियुक्त होने वाले वे पहले भारतीय हैं।
- भारत की अरूणिमा सिन्हा ने दिसंबर, 2018 में माउंट एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ने वाली पहली दिब्यांग महिला होने का गौरव प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें तिरंगा प्रदान किया।
- भारत की वेदांगी कुलकर्णी ने सबसे तेज महिला साइकिल चालक होने का खिताब प्राप्त किया।

# जनवरी–2019

# राष्ट्रीय घटनायें

## अनियमित जमा योजना प्रतिबंध विधेयक 2018 को कैबिनेट की मंजूरी

- जनवरी, 2019 में सरकार ने 'अनियमित जमा योजना प्रतिबंध विधेयक 2018' को अपनी मंजूरी दे दी। कैबिनेट ने कुछ संशोधनों के साथ इसे मंजूरी प्रदान कर दी है। यह संशोधन संसद की समिति ने सुझाए थे।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved
S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

- यह विधेयक गैर-कानूनी जमा योजनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से लाया गया है। इस विधेयक में ऐसी योजनाएँ चलाने वालों के विरूद्ध कड़ी सजा और भारी जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

## आंध्र प्रदेश तथा तेलंगाना के लिए पृथक् उच्च न्यायालय का गठन

- 1 जनवरी, 2019 से तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के लिए अलग-अलग उच्च न्यायालय कार्य करने लगे हैं। विदित है कि 2014 में आंध्र प्रदेश का विभाजन होने के बाद अब तक दोनों राज्यों का एक ही उच्च न्यायालय था, जो हैदराबाद में था। तेलंगाना के लिए अभी यह हैदराबाद उच्च न्यायालय के भवन से ही कार्य करेगा, जबकि आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय अमरावती के अस्थाई भवन से कार्य करेगा।
- तेलंगाना उच्च न्यायालय देश का 25वाँ उच्च न्यायालय होगा। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में 16 न्यायाधीश, जबकि तेलंगाना उच्च न्यायालय में 10 न्यायाधीश होंगे।

## भारतीय संविधान के 124वें संशोधन विधेयक 2019 को राष्ट्रपति की मंजूरी

- जनवरी, 2019 में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने भारतीय संविधान के 124वे संशोधन विधेयक को मंजूरी प्रदान कर दी। यह संविधान संशोधन विधेयक सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए शिक्षा और नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण से संबंधित है। इससे पहले संसद के दोनों सदनों (लोकसभा और राज्यसभा) से यह विधेयक को पारित किया जा चुका है। इस विधेयक पर राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह संशोधन विधेयक पूर्ण रूप से पारित हो गया है और अब यह कानून का रूप धारण कर चुका है। 124वें संशोधन विधेयक को संसद की मंजूरी के बाद यह 103वाँ संविधान संशोधन होगा।
- आरक्षण की वर्तमान व्यवस्था के अंतर्गत सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 प्रतिशत निर्धारित की है। वर्तमान व्यवस्था के अंतर्गत देश में 49.5 आरक्षण लागू है। वर्तमान समय में ओबीसी को 27 प्रतिशत एससी को 15 प्रतिशत, एसटी को 7.5 आरक्षण मिलता है।
- **आरक्षण का लाभ किसे? :** आरक्षण का लाभ उन्हें दिया जाएगा, जिनकी वार्षिक आय आठ लाख रूप से कम होगी और जिसके पास गाँव में 5 एकड़ से कम खेती की जमीन है। साथ ही जिनके पास शहर में 1,000 वर्ग फुट से कम क्षेत्र का घर है तथा जिनके पास 200 गज से कम की निगम और गैर-अधिसूचित जमीन हो। इस विधेयक के प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं :
- जाति एवं धर्म से परे आर्थिक रूप से सभी कमजोर लोगों को आरक्षण का लाभ मिलेगा।
- 10 प्रतिशत का यह आरक्षण वर्तमान 49.5 प्रतिशत आरक्षण से अलग होगा।
- नए आरक्षण से पुराने आरक्षण के लाभार्थियों को नुकसान नहीं होगा।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

- इसके बाद वर्तमान आरक्षण की सीमा 49.5 प्रतिशत से बढ़कर 59.5 प्रतिशत हो जाएगी।
- यह आरक्षण केंद्र और राज्य दोनों प्रकार की सरकारी नौकरियों पर लागू होगा।
- आरक्षण आर्थिक रूप से पिछड़े ऐसे गरीब लोगों को दिया जाएगा, जिन्हें अभी आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है।
- राज्यों को अधिकार होगा कि वे इस आरक्षण के लिए अपना आर्थिक मानक तय कर सकें।

## निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार (संशोधन) विधेयक को मंजूरी

- 3 जनवरी, 2019 को राज्यसभा ने निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार (संशोधन) विधेयक 2018 को मंजूरी दे दी। लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है। इस विधेयक में आठवीं कक्षा तक फेल नहीं करने की नीति में संशोधन के प्रावधान हैं।
- मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने राज्यसभा में यह विधेयक प्रस्तुत किया था। स्कूलों में अनुत्तीर्ण होने की स्थिति में बच्चों को उसी कक्षा में रोकने या नहीं रोकने का अधिकार राज्यों के पास होगा।

## लोकसभा ने 'नागरिकता संशोधन विधेयक' को मंजूरी दी

- जनवरी, 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नागरिकता संशोधन विधेयक को मंजूरी दी। यह विधेयक नागरिकता कानून, 1955 में संशोधन के लिए लाया गया है। लोकसभा ने 8 जनवरी को इस संशोधन विधेयक पारित कर दिया। अब यह विधेयक राज्यसभा की मंजूरी के लिए भेजा गया है।
- इस विधेयक पर संसद की मंजूरी के बाद, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई धर्म के मानने वाले अल्पसंख्यक समुदाय को 12 वर्ष की जगह छह वर्ष ही भारत में गुजारने पर भारतीय नागरिकता प्राप्त हो सकेगी।

## आधार संशोधन विधेयक को लोकसभा की मंजूरी

- जनवरी, 2019 में लोकसभा ने आधार संशोधन विधेयक-2018 को मंजूरी दे दी। इस संशोधन विधेयक में आधार संख्या रखने वाले बच्चों को 18 वर्ष की आयु पूरी करने पर अपनी आधाार संख्या रद्द करने का विकल्प दिया गया है।
- इस विधेयक में निजी अस्तित्वों द्वारा आधार के उपयोग से संबंधित आधार अधिनियम की धारा का लोप करने का प्रावधान है। विधेयक में नागरिकों की निजता सुरक्षित रखने और दुरुपयोग रोकने को भी ध्यान में रखा गया है।
- विधेयक में यह सुनिश्चित किया गया है कि बैंकों और मोबाइल कंपनियों में केवाईसी फॉर्म में आधार अनिवार्य नहीं होगा। यह भी सुनिशिचित किया जाएगा कि कोई भी आधार की अनुपस्थिति में सरकार योजनाओं से वंचित न रह जाए।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

## रेणुकाजी बांध बहुद्देशीय परियोजना समझौते पर हस्ताक्षर

- 11 जनवरी, 2019 को देश के छह राज्यों-उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और उत्तराखंड के बीच रेणुकाजी बाँध बहुद्देशीय परियोजना पर नई दिल्ली में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता इन छह राज्यों के मुख्यमंत्री और जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्री नितिन गडकरी की उपस्थिति में हुआ।
- यह परियोजना ऊपरी यमुना थाले के उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में यमुना और उसकी दो सहायक नदियों टोंस तथा गिरि से संबंधित है। परियोजना के पूरा हो जाने पर इन राज्यों के बीच जल विवाद भी समाप्त हो जाएगा। इस परियोजना से पेयजल और सिचाई की समस्या कम हो जाएगी। दिल्ली में करीब यमुना की क्षमता में 160% की वृद्धि हो जायेगी।

## सिक्किम में 'वन फैमिली वन जॉब' योजना की शुरूआत

- सिक्किम सरकार ने राज्य में 'वन फैमिली वन जॉब' योजना शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत राज्य में प्रत्येक परिवार के लिए एक सरकारी नौकरी आवंटित की गई है। यहां 12 विभागों में ग्रुप C और ग्रुप D पदों के लिए नई भर्ती निकाली गई थी।

# अंतर्राष्ट्रीय घटनायें

## भारत और अमेरिका की साझेदारी मजबूत करने के लिए विधेयक

- अमेरिका में कई सांसदों के समूह ने प्रतिनिधि सभा में एक महत्वपूर्ण विधेयक पेश किया है। इस विधेयक में अमेरिका और भारत की रणनीतिक भागीदारी बढ़ाने का प्रावधान है। यदि यह विधेयक पारित हो जाता है, तो यह सुनिश्चित हो जाएगा कि अमेरिकी विदेश विभाग, हथियार निर्यात नियंत्रण अधिनियम के उद्देश्यों के लिए भारत को नाटो देशों जैसा सहयोगी देश मानेगा।
- एचआर-2123 नामक यह विधेयक अमेरिकी कांग्रेस और सदन की विदेश मामलों की समिति के सदस्य जो विल्सन ने प्रस्तुत किया। अमेरिका की ओर से कहा गया है कि भारत, विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र और समूचे क्षेत्र में स्थिरता का आधार है। उन्होंने कहा कि भारत ने निर्यात नियंत्रण से जुड़ी नीतियों के बारे में मजबूत प्रतिबद्धताएँ दिखाई हैं, फलतः इस विधयेक को प्रस्तुत करने का सही समय आ चुका है।

## ब्रिटेन की संसद ने ब्रेक्जिट समझौता नामंजूर किया

- जनवरी, 2019 में ब्रिटेन की संसद ने ब्रेक्जिट (यूरोपीय संघ के ब्रिटेन के अलग होने का) समझौता नामंजूर कर दिया। 432 सदस्यों के सदन में प्रधानमंत्री टेरेजा के प्रस्ताव के समर्थन में 202 तथा विरोध में 230 वोट पड़े।
- आधुनिक इतिहास में ब्रिटेन के किसी प्रधानमंत्री की यह सबसे बड़ी हार है। टेरीजा में में की कंजरवेटिव पार्टी के 100 से अधिक सांसदों ने भी समझौते के विरोध में मत दिया।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

**फिलिस्तीन को 'G-77' की अध्यक्षता**

- जनवरी, 2019 में 'G-77' की अध्यक्षता फिलिस्तीन को सौंप दी गई है। फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने मिस्र से 2019 के लिए समूह की अध्यक्षता ली है। इससे पहले मिस्र 'G-77' का अधयक्ष था।
- फिलिस्तीन को 2019 में 'G-77* की अध्यक्षता सौंपने का निर्णय सितंबर, 2018 में ही हो चुका था। 'G-77' भारत सहित विकासशील देशों के हितों को रखने वाला संयुक्त राष्ट्र का सबसे बड़ा समूह है। वर्तमान में इस समूह में 134 सदस्य हैं।

## अमेरिका और इजराइल औपचारिक रूप से यूनेस्को से अलग

- जनवरी, 2019 में अमेरिका औरर इजराइल ने औपचारिक रूप से संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) से अलग होने की घोषणा कर दी। दोनों देशों ने यूनेस्को पर इजराइल के प्रति पक्षपात किए जाने पर आरोप लागते हुए 2017 में इससे अलग होने का फैसला किया था।
- यूनेस्को का गठन द्वितीय विश्व युद्ध के बाद शांति स्थापना के लिए किया गया था। अमेरिका इसके संस्थापक सदस्यों में से एक है। इजराइल 1949 में इसका सदस्य बना था।

## भारत ने ईरान के महत्वपूर्ण चाबहार बंदरगाह का संचालन प्रारंभ किया

- जनवरी, 2019 से भारत ने ईरान के चाबहार बंदरगाह का संचालन प्रारंभ कर दिया है। यह पहली बार है कि भारत ने अपने देश की सीमा के बाहर किसी बंदरगाह का संचालन संभाला है। भारत ने 24 दिसंबर, 2018 को हुई चाबहार त्रिपक्षीय समझौता बैठक के बाद ईरान के चाबहार शहिद बेहेश्ती के एक हिस्से का संचालन संभाल लिया।
- चाबहार ईरान में सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत का एक शहर है। यह एक मुक्त बन्दरगाह है और ओमान की खाड़ी के किनारे स्थिति है। यह ईरान का सबसे दक्षिणी शहर है। यह बंदरगाह ईरान के लिए रणनीति की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। इसके माध्यम से भारत के लिए समुद्री सड़क मार्ग से अफगानिस्तान पहुंचने का रास्ता साफ हो जाएगा और इस स्थान तक पहुंचने के लिए पाकिस्तान के रास्ते की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

# आर्थिक घटनायें

## सीएसओ ने वर्ष 2018-19 के राष्ट्रीय आय का पहला अग्रिम अनुमान जारी किया

- 7 जनवरी, 2019 को केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (सीएसओ) ने चालू वित्त वर्ष (2018-19) के राष्ट्रीय आय का पहला अग्रिम अनुमान जारी किया। इस अनुमान के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमार है। इससे पिछले वित्त वर्ष (2017-18) में यह दर 6.7 प्रतिशत रही थी। सीएसओ के अनुसार, कृषि और विनिर्माण क्षेत्र के प्रदर्शन में

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

सुधार से चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर पिछले वित्त वर्ष की तुलना में बेहतर रहने उम्मीद है।

- सीएसओ के आँकड़ों के अनुसार कृषि, वन और मत्स्यपालन जैसे गतिविधियों की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 3.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 3.4 प्रतिशत रही थी। वहीं विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 2017-18 के 5.7 प्रतिशत से 2018-19 में 8.3 प्रतिशत पर पहुँचने का अनुमान है। वित वर्ष 2016-17 में जीडीपी की वृद्धि दर 7.1 रही थी। वहीं 2015.16 में यह 8.2 प्रतिशत थी।

## वैश्विक अर्थव्यवस्था वृद्धि पर विश्व बैंक की रिपोर्ट जारी

- जनवरी, 2019 में विश्व बैंक ने 'नियंत्रण आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट-जनवरी 2019' जारी की। इस रिपोर्ट में वैश्विक अर्थव्यवस्था वृद्धि का अनुमान व्यक्त किया है।
- इसके अनुसार भारत की अर्थव्यवस्था में चालू वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान 7.3% तथा इसके बाद अगले दो वर्षों के दौरान 7.5% की दर से वृद्धि होने का अनुमान है। विश्व बैंक ने कहा है कि भारत, विश्व की सबसे तीव्र गति से वृद्धि करने वाली मुख्य अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## मानक इकाइयों की दुनिया को मिली नई परिभाषा

- अंतर्राष्ट्रीय माप विज्ञान समुदाय और विषेष रूप से देश का राष्ट्रीय मापन संस्थान (एनएमआई) इस वर्ष विश्व माप विज्ञान दिवस को एक नई शुरुआत के रूप में मना रहा है। सीएसआईआर और एनपीएल अंतर्राष्ट्रीय मापतौल इकाइयों को नए सिरे से परिभाषित किए जाने की व्याख्यांनों और कई अन्य कार्यक्रम के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है।
- नए सिरे से परिभाषित की गई इन इकाइयों के महत्व को स्वीकार करने और राष्ट्रीय स्तर पर इसे पहचाने दिलाने की जिम्मेदारी के अंतर्गत सीएसआईआर और एनपीएल ने नए सिरे से कई दस्तावेज तैयार किए है, जिनमें माप विज्ञान की पहचान, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्-एनसीईआरटी, माप विज्ञान में इंजीनियरिंग, आलइंडिया काउंसिल फॉर टेकनिकल एजुकेशन तथा राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के पाठ्यक्रम को नये तरीके से परिभाषित करने तथा इसमें आवश्यक परिवर्तन किये जाने संबंधी सुझाव शामिल हैं।

## चांद के अनदेखे हिस्से पर पहला अंतरिक्ष यान

- जनवरी, 2019 माह में चंद्र रोवजर 'चांग ई-4' नामक एक चीनी यान ने चंद्रमा की दूसरी ओर की सतह पर उतरने में सफलता प्राप्त की है। इसके साथ ही यह रोवर पृथ्वी से चंद्रमा की दूसरी ओर के हिस्से पर पहुंचने वाला विश्व का पहला यान बन गया है। 'चांग ई-4' का प्रक्षेपण शिचांग के प्रक्षेपण केंद्र से 8 दिसंबर, 2018 को लॉन्ग मार्च 3बी

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

रॉकेट के जरिए किया गया था। चांद का इस भाग के बारे में अब तक कोई विशेष जानकारी नहीं है। इसे चांद के अंधेरे हिस्से (डार्क साइड) के रूप में भी जाना जाता है।

- 'चांग ई–4' चंद्रमा के दूसरी ओर की सतह पर 177.6 डिग्री पूर्वी देशांतर और 45.5 डिग्री दक्षिणी देशांतर पर क्षेत्र में पहुंचा। यान दक्षिण ध्रुव एटकेन बेसिन में वोन कारमन क्रेटर में उतरा और उसके लैंडर ने मॉनिटर कैमरा से ली गई लैंकिंग स्थल की एक तस्वीर भेजी।

## कलामसैट और इमेजिंग उपग्रह माइक्रोसैट–आर का सफल प्रक्षेपण

- जनवरी, 2019 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने 'कलामसैट' और इमेजिंग उपग्रह 'माइक्रोसैट–आर' का सफल प्रक्षेपण किया। यह प्रक्षेपण श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से किया गया। इस प्रक्षेपण में दोनों उपग्रहों को PSLV C-44 रॉकेट के माध्यम से पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया गया।
- कलामसैट उपग्रह को चेन्नई स्थित स्पेस किड्स इंडिया ने तैयार किया है। यह विश्व का सबसे छोटा उपग्रह है, जिसे भारतीय छात्रों के एक समूह ने बनाया है। उपग्रह का नाम देश के पूर्व राष्ट्रपति ए. पी. जे. अब्दुल कलाम के नाम पर रखा गया है। माइक्रोसैट–आर उपग्रह का प्रयोग रक्षा अनुसंधान की गतिविधियों में पृथ्वी के चित्र लेने में किया जाएगा।

# नवीनतम सामान्य ज्ञान

## नियुक्त/चयनित/निर्वाचित

- **सुल्तान अब्दुल्ला सुल्तान :** जनवरी, 2019 में मलेशिया के शाही परिवार ने सुल्तान अब्दुल्ला सुल्तान को नया राजा चुना। मलेशिया के इस्लामी राजशाही की विशेष बैठक के दौरान उन्हें नया राजा चुना गया। सुल्तान अब्दुल्ला मलेशिया के 16वें राजा होंगे। उनका कार्यकाल 5 वर्ष होगा।
- **जेयर बोल्सोनारो :** 1जनवरी, 2019 को दक्षिणपंथी सांसद जेयर बोल्सोनारो ने ब्राजील के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। पूर्व सेना अधिकारी बोल्सोनारो ने वामपंथी वर्कर्स पार्टी के फर्नांडो हदाद के विरूद्ध अक्टूबर, 2018 में हुए चुनाव में भारी अंतर से जीत दर्ज की थी। बोल्सोनारो को यह जीत, ब्राजील में व्याप्त भ्रष्टाचार व अपराध पर नियंत्रण के वादों के कारण मिली है।
- **शेख हसीना :** जनवरी, 2019 में बांग्लादेश में अवामी लीग के नेता और वर्तमान प्रधानमंत्री शेख हसीना ने चौथी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। हसीना के मंत्रिमंडल में 24 मंत्री, 22 राज्य मंत्री है।
- **सूत्सेंग–चांग :** 11 जनवरी, 2019 को ताइवान के राष्ट्रपति त्साई इंग–वेन ने सूत्सेंग–चांग को देश का नया प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया। सू ने विलियम लाई का स्थान लिया है। नवम्बर, 2018 में हुए स्थानीय चुनावों में सत्तामधारी, डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) को हुए भारी हार के बाद विलियम लाई ने प्रधानमंत्री के पद से त्यागपत्र दे दिया था। सू ने वर्ष 2012 में डीपीपी में शामिल होने से पहले वर्ष 2006

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved
S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

और 2007 के बीच ताईवान के प्रधानमंत्री के रूप में अपनी सेवायें दी थीं।

- **कुमार राजेश चंद्रा :** जनवरी, 2019 में कुमार राजेश चंद्रा को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) का महानिदेशक नियुक्त किया गया। वह 1985 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। कुमार चंद्रा वर्तमान में नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरों के महानिदेशक हैं।

## निधन

- **कादर खान :** बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर-राइटर कादर खान का 1 जनवरी को कनाडा के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे।
- कादर खान का जन्म 22 अक्टूबर, 1937 में अफगानिस्तान के काबुल में हुआ था। खान ने 1973 में राजेश खन्ना की फिल्म दाग के साथ फिल्मी दुनिया में पदार्पण किया था। खान ने 300 से अधिक फिल्मों में काम किया है।

## चर्चित व्यक्ति

- सिरिल रामापोसा : दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामपोसा गणतंत्र दिवस 2019 समारोह के मुख्य अतिथि थे। वे 25 और 26 जनवरी को भारत के दौरे पर रहे। राष्ट्राध्यक्ष के रूप में राष्ट्रपति रामाफोसा की यह पहली भारत यात्रा थी। पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला के बाद गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बनने वाले वे दक्षिण अफ्रीका के दूसरे राष्ट्रपति हैं।

## पुरस्कार और सम्मान

- **व्यास सम्मान** 2018 : हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकार लीलाधर जगूड़ी को वर्ष 2018 का व्यास सम्मान दिया जाएगा। यह 28वां व्यास सम्मान है। लीलाधर जगूड़ी का चयन डॉ. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी की अध्यक्षता में पाँच सदस्यीय चयन समिति ने किया है। लीलाधर जगूड़ी को यह सम्मान उनके कविता संग्रह 'जितने लोग उतने प्रेम' के लिए दिया गया है। यह कविता संग्रह वर्ष 2013 में प्रकाशित हुआ था।

# फरवरी-2019

# राष्ट्रीय घटनायें

## जम्मू-कश्मीर में आरक्षण संशोधन अध्यादेश को मंजूरी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 28 फरवरी, 2019 को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में जम्मू-कश्मीर आरक्षण संशोधन अध्यादेश 2019 को मंजूरी प्रदान कर दी। इसके अंतर्गत जम्मू-कश्मीर आरक्षण अधिनियम 2004 में संशोधन करने की व्यवस्था की गई है। इससे जम्मू-कश्मीर के लिए 77वें संविधान संधाोधन अधिनियम के माध्यम से संशोधित संविधान के संबंधित प्रावधानों को लागू किया जा सकेगा।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved
S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

- इसके द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट रहने वाले लोगों को भी आरक्षण का लाभ वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास रहने वाले लोगों के समान प्राप्त हो सकेगा।

## भारतीय रेलवे का नया जोन

- फरवरी, 2019 में भारतीय रेलवे ने एक नया रेलवे जोन बनाने की घोषणा की। आंध्र प्रदेश से तेलंगाना अलग होने के बाद 'आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014' को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने यह घोषणा की है। यह जोन आंध्र प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगा और इसक नाम 'साउथ-कोस्ट' (दक्षिणी तट रेलवे) रखा गया है।
- भारतीय रेलवे का संचालन अभी 17 क्षेत्रों में बंटा हुआ है और हर एक क्षेत्र के अंतर्गत कई डिवीजन हैं। प्रत्येक डिवीजन का एक मुख्यालय है। वर्तमान में रेलवे की कुल 73 डिवीजन है।
- साउथ कोस्ट जोनल रेलवे का मुख्यालय विशाखापट्टनम होगा। अभी तक यह इलाका साउथ सेक्टर रेलवे में था।
- नए जोन में तीन डिजीजन गुलटाकल, गुंटूर और विजयवाड़ा होंगे, जबकि साउथ सेक्टर रेलवे में हैदराबाद, सिकंदराबाद तथा नांदेड़ डिवीजन होंगे।

## इंडो-रशिया राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड राष्ट्र को समर्पित

- फरवरी, 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेठी के कोरवा में अत्याधुनिक AK-203 क्लाशनिकोव राइफल निर्माण की नई यूनिट का शुभारंभ किया।
- रूस साथ हुए समझौते में साझे उपक्रम में अत्याधुनिक राइफल का निर्माण का फैसला किया गया था। कोरवा आयुध फैक्ट्री में 7 लाख से ज्यादा अत्याधुनिक राइफल का निर्माण मे-इन-इंडिया कार्यक्रम के तहत किया जाएगा।

## किसान सम्मान निधि योजना

- 24 फरवरी, 2019 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारंभ किया। इस योजना से 12 करोड़ से अधिक किसानों को लाभ होगा।
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 2 हेक्टेयर या इससे कम जोत वाले लघु और सीमांत किसानों को वार्षिक 6 हजार रुपए दिए जाने का प्रस्ताव है। यह धनराशि 2000 रुपए की तीन किस्तों में दी जायेगी।
- योजना का लाभ एक दिसंबर, 2018 से मिलेगा। प्रधानमंत्री ने गोरखपुर में किसानों को 2000 रुपए की पहली किस्त इलेक्ट्रॉनिक रूप से अंतरित करके इस योजना की शुरूआत की।

## भारत के हिमालयी राज्यों के लिए जलवायु भेद्यता सूचकांक

- भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (Department of Science and Technology-DST) ने देश के 12 हिमालयी राज्यों में जलवायु जोखिमों का आकलन

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved
S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

करने के लिए एक अध्ययन शुरू किया है।

- वैज्ञानिकों ने आठ प्रमुख मापदंडों के आधार पर 0–1 अंक तक का जलवायु भेद्यता सूचकांक बनाया है। इसमें 1 भेद्यता के उच्चतम संभावित स्तर को दर्शाता है। इस सूचकांक में असम को 0.72 अंक के साथ शीर्ष पर एवं 0.71 अंक के साथ मिजोरम दूसरे स्थान पर है।
- इसके अंतर्गत इन राज्यों में जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहे वैश्विक ताप वृद्धि के जोखिमों का मूल्यांकन किया गया है। इस मूल्यांकन के आधार पर वैज्ञानिकों ने इनमें से प्रत्येक राज्य का जलवायु भेद्यता (Vulnerability) सूचकांक तैयार किया।

### किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान योजना

- फरवरी, 2019 में केंद्र सरकार ने किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (कुसुम) योजना को प्रारंभ करने की मंजूरी प्रदान कर दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में यह निर्णय किया गया। इस योजना के लिए केंद्र सरकार 34,422 करोड़ रुपए का वित उपलब्ध कराएगी।
- इसका उद्देश्य 2022 तक 25.75 गीगावाट की सौर ऊर्जा क्षमताओं का दोहन कर किसानों को वित्तीय और जल सुरक्षा उपलब्ध कराना है।
- प्रस्थावित योजना के अंतर्गत नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों से 10,000 मेगावाट के भूमि के ऊपर बनाए गए विकेंद्रीकृत ग्रिड़ों को जोड़ने, 17.50 लाख सौर ऊर्जा चालित कृषि पंपों को लगाने और 10 लाख ग्रिड से जुड़े और ऊर्जा चालित कृषि पंपों का सौरकरण करने का काम किया जायेगा।

# अंतर्राष्ट्रीय घटनायें

### भारत ने पाक का सर्वाधिक वरीयत प्राप्त राष्ट्र का दर्जा वापस लिया

- फरवरी, 2019 में भारत ने पाकिस्तान से सर्वाधिक वरीयता प्राप्त राष्ट्र (Most Favoured Nation - MFN) का दर्जा वापस लेने का निर्णय लिया है। यह निर्णय जम्मू एवं कश्मीर के पुलवामा जिले में पाकिस्तान समर्थित जैश–ए–मोहम्मद आतंकवादी द्वारा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) काफिले पर किए गए हमले के परिपेक्ष्य में लिया गया है।
- भारत ने विश्व व्यापार संगठन (WTO) के गठन के एक वर्ष बाद 1996 में पाकिस्तान को यह दर्जा दिया था। पाकिस्तान ने अभी तक भारत को MFN का दर्जा नहीं दिया है।

### सऊदी अरब के युवराज की भारत यात्रा

- फरवरी, 2019 में सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुल अजीज अल सऊद ने एक उच्चस्तरीय शिष्टमंडल के साथ भारत की यात्रा की। सऊदी अरब के युवराज की यह भारत की पहली भारत यात्रा थी।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

- इस अवसर पर भारत और सऊदी अरब के बीच पर्यटन, ऊर्जा और आवास सहित विभिन्न क्षेत्रों में पांच समझौतों पर हस्ताक्षर किए।
- सऊदी अरब ने भारत से जाने वाले हज यात्रियों का कोटा बढ़ाकर प्रतिवर्ष 2 लाख करने की घोषणा की। वर्ष 2018 में भारतीय हज यात्रियों का कोटा 1 लाख 75 हजार 25 का था।
- सऊदी अरब अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) पर हस्ताक्षर करने वाला 73वां राष्ट्र बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के तत्कालीन राष्ट्रपति फ्रांस्वा ओलांद ने वर्ष 2015 में ISA का अनावरण किया था।
- सऊदी अरब की जेलों में बंद 850 भारतीय कैदियों की रिहाई के आदेश दिये।

# आर्थिक घटनायें

**'फेम' के दूसरे चरण के लिए रूपये 10 हजार करोड़ का कार्यक्रम**

- फरवरी, 2019 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों को तेजी से बढ़ावा देने की योजना 'फेम' (Faster adoption and manufacturing of hybrid and electric vehicles) के दूसरे चरण के लिए 10 हजार करोड़ रुपए के कार्यक्रम 'फेम-2' को मंजूरी प्रदान कर दी। फेम-2 कार्यक्रम तीन वर्ष की अवधि के लिए होगा।
- यह 1 अप्रैल, 2019 से लागू होगी। योजना का मुख्य उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर सब्सिडी के द्वारा इलेक्ट्रिक तथा हाइब्रिड वाहनों को प्रोत्साहन देना है। इसके साथ ही इसका उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग संबंधी ढांचागत सुविधा को भी बढ़ाना है।

## देना बैंक और विजया बैंक का बैंक ऑफ बड़ौदा में विलय

- फरवरी, 2019 में सार्वजनिक क्षेत्र के दो सरकारी बैंकों-विजया बैंक और देना बैंक का बैंक ऑफ बड़ौदा (BOB) में विलय हो गया। यह विलय 1 अप्रैल 2019 से प्रभावी हो गया। इस तिथि से विजया बैंक और देना बैंक के उपभोक्ताओं को बैंक ऑफ बड़ौदा का माना जाएगा। देना बैंक और विजया बैंक की शाखाएं 1 अप्रैल 2019 के बाद से बैंक ऑफ बड़ौदा के आउटलेट के रूप में कार्य करेंगी।
- इस विलय के साथ भारत में सरकारी बैंकों की संख्या घटकर 18 रह गई है। विलय के बाद अब देश में बैंक ऑफ बड़ौदा की 9,500 शाखाएँ, 134000 एटीएम तथा 85000 से अधिक कर्मचारी होंगे।
- इसके साथ ही बैंक अब 12 करोड़ से अधिक ग्राहकों को अपनी सेवाएँ देगा। अब यह देश का तीसरा सबसे बड़ा बैंक और दूसरा सबसे बड़ा सरकारी बैंक बन गया है। पहले स्थान पर भारतीय स्टेट बैंक (SBI) और दूसरे स्थान पर एचडीएफसी (HDFC) बैंक हैं।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

### रिजर्व बैंक द्वारा आईडीबीआई बैंक को निजी क्षेत्र के बैंक की श्रेणी दी गयी

- रिवर्ज बैंक ऑफ इंडिया (RBI) ने आईडीबीआई बैंक को निजी क्षेत्र के बैंक की श्रेणी में रख दिया है। भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) द्वारा आईडीबीआई बैंक में बहुलांश हिस्सेदारी के अधिग्रहण के बाद यह कदम उठाया गया है। भारतीय जीवन बीमा निगम ने जनवरी, 2019 में 51% हिस्सेदारी की अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी कर ली थी।
- आईडीबीआई बैंक को भारतीय रिजर्व बैंक के तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई रूपरेखा के अंतर्गत रखा गया है। यह कंपनियों को दिए जाने वाले कर्ज तथा शाखा विस्तार, वेतन वृद्धि तथा अन्य नियमित गतिविधियों पर रोक लगाता है।

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

### भारत का उपग्रह-रोधी मिसाइल का सफल परीक्षण

- भारत ने हाल ही में 'मिशन शक्ति' अभियान के अंतर्गत स्वदेशी उपग्रह-रोधी (एंटी-सैटेलाइट) मिसाइल 'ए-सैट' का सफल परीक्षण किया है।
- इस परीक्षण में अतंरिक्ष में 300 किमी दूर पृथ्वी की निचली कक्षा (लो अर्थ ऑर्बिट-LEO) में एक लाइव सैटेलाइट को 3 मिनट के भीतर मार गिराया गया। यह लाइव सैटेलाइट एक पूर्व निर्धारित लक्ष्य था।
- इस एंटी सैटेलाइट में भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस इंटरस्प्टर का उपयोग किया गया, जो अविरत बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस प्रोग्राम का हिस्सा है।

### संचार उपग्र जीसैट-31 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण

- फरवरी, 2019 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने अपने नवीनतम संचार उपग्रह, GSAT-31 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। यह प्रक्षेपण फ्रेंच गुयाना में कोउरू के 'एरियन प्रक्षेपण स्थल' से किया गया।
- इस प्रक्षेपण में यूरोपीय कंपनी के राकेट 'एरिएन-5 (BA247)' के माध्यम से इस जीसैट-31 को अंतरिक्ष में भेजा गया।

# नवीनतम सामान्य ज्ञान

### नियुक्त/चयनित/निर्वाचित

- **सुशील चंद्र :** फरवरी, 2019 में भारतीय राजस्व सेवा (IRS) के पूर्व अधिकारी सुशील चंद्र को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है। वे भारतीय राजस्व सेवा के 1980 बैच के अधिकारी हैं। वर्तमान में वे केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) के अध्यक्ष हैं। सुनील

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

अरोड़ा को मुख्य चुनाव आयुक्त बनाए जाने के बाद से तीन सदस्यीय चुनाव आयोग में एक पद खाली था।

## चर्चित व्यक्ति

- **पी.वी सिंधु :** 23 फरवरी, 2019 को शीर्ष भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिंधु ने देश में ही बने हल्के लड़ाकू विमान 'तेजस' में उड़ान भर कर नया इतिहास रच दिया। सिंधु इसके साथ ही तेजस में सवार होने वाली पहली महिला बन गई। सिंधु ने बेंगलुरू के येलाहंका वायु स्टेशन में चल रहे 'एयरो इंडिया शो' के दौरान उड़ान भरी। सिंधु ने तेजस में यह उड़ान सह-पायलट के रूप में भरी थी।

## पुरस्कार और सम्मान

- **संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार :** फरवरी, 2019 में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने वर्ष 2017 के प्रतिष्ठित संगीत नाटक अकादमी पुरस्कानर प्रदान किए। इसमें संगीत, नृत्य और रंगमंच के कलाकारों को सम्मानित किया गया। इस समारोह में जाने-माने वांसुरी वादक राजेंद्र प्रसन्ना, कथक-नृत्यांगना शोभा कौसर, लोकगायक अनवर खान मांगनियार, ओडिशी नृत्यांगना सुजाता मोहपात्रा सहित 42 कलाकारों को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार में एक लाख रुपए का नकद पुरस्कार, एक ताम्रपत्र और अंगवस्त्रम दिया जाता है।
- 91**वें ऑस्कर पुरस्कार,** 2019 : 24 फरवरी को अमेरिका के लॉस एंजेलिस में 91वें एकेडमी अवॉर्ड्स (ऑस्कर पुरस्कार) की घोषणा की गई। इस बार कुल 24 कैटेगरी में अवॉर्ड्स दिए गये, जो इस प्रकार हैं :

  - सर्वश्रेष्ठ फिल्म : ग्रीन बुक
  - सर्वश्रेष्ठ निर्देशक : अलफॉन्सी क्यूरॉन (रोमा)
  - सर्वश्रेष्ठ अभिनेता : रामी मालेक (बोहेमियन रैप्सोडी)
  - सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री : ओलिविया कोलमन (द फेवरेट)
  - सर्वश्रेष्ठ सपोर्टिंग एक्ट्रेस : रेजिना किंग
  - सर्वश्रेष्ठ सपोर्टिंग एक्टर : माहेरशला अली (ग्रीन बुक)
  - सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड फीचर फिल्म : स्पाइडर मैन
  - सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट : पीरियड एंड ऑफ सेंटेंस

भारतीय पृष्ठभूमि में बनी फिल्म 'पीरियड एंड ऑफ सेंटेंस' को यह पुरस्कार लघु अवधि केटेगरी (डॉक्यमेंट्री फिल्म) में दिया गया है। फिल्म का निर्माण भारतीय फिल्मकार गुनीत मोगा की सिखिया एंटरटेनमेंट कंपनी द्वारा किया गया है। इस फिल्म का निर्देशन 25 वर्षीय ईरानी-अमेरिकी फिल्म निर्माता रेयका जहाताबची और मैलिसा बर्टन ने किया है। इसे उत्तरप्रदेश के हापुड़ में बनाया गया है। हापुड़ की रहने वाली स्नेहा ने इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाई है। यह फिल्म नारी स्वास्थ्य जागरूकता से संबंधित है।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

## खेल परिदृश्य

- **एशिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट :** कतर ने एशिया कप फुटबॉल 2019 टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। अबूधाबी में खेले गए इस टूर्नामेंट में मतर जापान को 3–1 से हराकर विजेता बना। कतर पहली बार इस टूर्नामेंट का विजेता बना है। कतर के अल ने इस टूर्नामेंट में 9 गोल किए और वह किसी एक एशिया कप में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।
- **रणजी ट्रॉफी :** विदर्भ ने रणजी ट्राफी क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब बनाये रखा है। नागपुर में फाइनल मैंच में मेजबान विदर्भ ने सोराष्ट्र को 78 रन से हराकर यह खिताब जीता।

## खेल समाचार

- **एक.सी. मैरीकॉम :** भारतीय महिला मुक्केबाज एम. सी. मैरीकॉम अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (एआईबीए) की विश्व रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गई है। मणिपुर की इस मुक्केबाज ने नवम्बर, 2018 में नयी दिल्ली में हुई विश्व चैंपियनशिप में 48 किग्रा. वर्ग का खिताब जीता था, जिससे वह टूर्नामेंट की सबसे सफल मुक्केबाज बन गई। एआईबीए की ताजा रैंकिंग में मैरीकॉम 48 किग्रा वर्ग में 1700 अंक लेकर शीर्ष स्थान पर स्थित हैं।

# मार्च–2019

# राष्ट्रीय घटनायें

## प्रधानमंत्री श्रम-योगी मान-धन योजना

- मार्च, 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के वस्त्राल में 'प्रधानमंत्री श्री–योगी मान–धन योजना' का शुभारंभ किया। देश के असंगठित क्षेत्र के करीब 10 करोड़ कामगारों के इस योजना में शामिल होने का अनुमान है।
- भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का करीब आधा हिस्सा असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे श्रमिकों से आता है। अंतरिम बजट 2019 में असंगठित क्षेत्र के कार्मिकों और मजदूरों के लिए इस योजना की घोषणा की गई थी।
- यह योजना स्वैच्छिक और अंशदान पंशन योजना है। इस योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी को अपनी आयु के अनुसार 55 से 100 रुपए मासिक अंशदान करना होगा। इसमें उतनी ही धनराशि केन्द्र सरकार द्वारा दी जाएगी।
- इस योजना के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के कामगारों को 60 वर्ष की आयु के बाद 3000 रुपए प्रतिमाह की दर से पेंशन दी जायेगी। पेंशन प्राप्त कर रहे कामगार की मृत्यु के बाद पेंशन की आधी धन–राशि उनके पति/पत्नी को दी जाएगी।
- इस योजना में उन कामगारों को पंशन दी जाएगी, जिनकी मासिक आय 15000 रुपए या

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

इससे कम है और जो 18 से 40 वर्ष की आयु वर्ग में आते हैं।

### चिनूक हेलीकॉप्टर

- फरवरी, 2019 माह में अमेरिका निर्मित चार चिनूक हेलीकॉप्टरों को वायुसेना में शामिल कर लिया गया है। एयर चीफ मार्शल बी. एस. धनोआ ने इन हेलीकॉप्टरों को चंडीगढ़ एयरबेस में 25 मार्च को औपचारिक रूप से शामिल किया।
- भारतीय वायुसेना ने गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह में 10 फरवरी को अपना पहला CH-47F (I) चिनूक अमेरिका से प्राप्त किया था। भारत ने बोईंग के साथ 22 अपाचे (AH-64E) हेलीकॉप्टर के अलावा 15 चिनूक हेलीकॉप्टर खरीदने की प्रक्रिया को सितम्बर, 2015 में अंतिम रूप दिया था।

## अंतर्राष्ट्रीय घटनायें

### सुषमा स्वराज की मालदीव यात्रा

- फरवरी, 2019 में भारत की तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने मालदीव की यात्रा की। इस अवसर पर दोनों देशों के बीच वीजा सुविधा, विकास कार्यों में सहयोग और अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये।
- इस यात्रा में श्रीमती स्वराज ने मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहीम मोहम्मद स्वालेह तथा मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुतल्लार शाहिद से भी भेंट की और एक संयुक्त मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लिया।
- श्रीमती स्वराज ने माले शहर में एक पट्टिका का अनावरण करते हुए नवीनीकृत आईजीएम अस्पताल को लोगों को समर्पित किया। आईजीएम अस्पताल भारत की सहायता से बना मालदीव का पहला और सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है।

### ग्लोबल इनवायरमेंट आउटलुक रिपोर्ट

- मार्च, 2019 में संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरणीय सुरक्षा बढ़ाने को लेकर 'छठी ग्लोबल इनवायरमेंट आउटलुक रिपोर्ट' प्रकाशित की। इस रिपोर्ट में विश्व को बड़े पैमाने पर पर्यावरणीय सुरक्षा बढ़ाने की चेतावनी दी गई है।
- यह रिपोर्ट 70 से ज्यादा देशों के 250 वैज्ञानिकों व विशषज्ञों द्वारा यह रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है। छठी ग्लोबल इनवायरमेंट आउटलुक रिपोर्ट विशेष है, क्योंकि यह सभी पर्यावरण मुद्दों के साथ-साथ स्वास्थ परिणामों व पर्यावरण समस्याओं से जुड़ी हुई है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, यदि ऐसा नहीं किया गया तो एशियाई शहरों व क्षेत्रों, मध्य पूर्व व अफ्रीका में सदी के मध्य तक लाखों लोगों की असमय मौत हो सकती है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं गई तो लोगों के स्वास्थ्य पर भी खतरा बढ़ सकता है।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved
S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

## अमेरिका के साथ आईएनएफ शस्त्र संधि से अलग हुआ रूस

- मार्च, 2019 में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका के साथ मध्यम दूरी की परमाणु शक्ति संधि (INF Treaty) से औपचारिक रूप से अलग होने की घोषणा की थी। अमेरिका ने इससे पहले आईएनएफ संधि से हटने का फैसला किया था। NF Treaty, Intermediate-Range Nuclear Forces Treaty का संक्षिप्त रूप है।
- यह संधि अमेरिका तथा रूस की 300 से 3,400 मील दूर तक मार करने वाली, जमीन से छोड़े जाने वाले क्रूज ज मिसाइल के निर्माण को प्रतिबंधित करती है। 8 दिसंबर, 1987 को अमेरिका के राष्टपति रोनाल्ड रीगन ओर तत्कालीन सोवियत संघ (USSR) के राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचेव ने इस संधि पर हस्ताक्षर किए थे।
- द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद (1945 से 1989 के दौरान) दोनों देशों के बीच शत्रुतापूर्ण संबंधों के कारण युद्ध की आशंका गहरा गई थी। इस संधि से अमेरिका एवं पूर्व सोवियत संघ के संबंधों को प्रोत्साहन मिला था।
- यह संधि प्रतिबंधित परमाणु हथियारों और गैर-परमाणु मिसाइलों की तैनाती को रोकती है। अमेरिका की नाराजगी का कारण रूस की एसएस-20 की यूरोप में तैनाती है। इसकी मारक क्षमता 500 से 5,500 किमी. तक है।
- मध्यम दूरी के परमाणु प्रक्षेपास्त्र संधि को लेगर दोनों देशों के बीच लंबे सयम से तनाव और आरोप-प्रत्योराप चल रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फरवरी में कहा था कि अमेरिका छह महीनों के भीतर इस संधि से वापस हटने की प्रक्रिया प्रारंभ करेगा।

# आर्थिक घटनायें

## भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक देश बना

- विश्व इस्पात संघ (WSA) द्वारा मार्च, 2019 में जारी रिपोर्ट के अनुसार, भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक देश बन गया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का कच्चे इस्पात का उत्पादन 2018 में 4.9% बढ़कर 10.65 करोड़ टन रहा, जो 2017 में 10.15 करोड़ टन था। इस दौरान जापान का उत्पादन 0.3% घटकर 10.43 करोड़ टन रह गया। इस तरह भारत ने इस्तात उत्पादन में जापान को पीछे छोड़ दिया।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, 92.83 करोड़ टन इस्पात उत्पादन के साथ चीन पहले स्थान पर है। कुल इस्पात उत्पादन में चीन की हिस्सेदारी 51% है।

# नवीनतम सामान्य ज्ञान

## नियुक्त/चयनित/निर्वाचित

- **प्रमोद सावंत :** 19 मार्च, 2019 को प्रमोद सावंत ने गोवा के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल मृदुला सिन्हा ने सावंत को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

उन्होंने श्री मनोहर पर्रिकर का स्थान लिया जिनका लंबी बीमारी के बाद 17 मार्च को निधन हो गया था। राज्यपाल ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर परिकर मंत्रिमंडल के सभी मंत्रियों सहित 11 मंत्रियों को भी शपथ दिलाई।

- **ऋषि कुमार साुक्ला :** मध्यप्रदेश काडर के 1983 बैच के IPS अधिकारी ऋषि कुमार शुक्ला को सीबीआई का नया डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। बतौर निदेशक उनका कार्यकाल 2 वर्ष का होगा। ऋषि कुमार, मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक (DGP) रह चुके है। ऋषि कुमार शुक्ला, आलोक वर्मा का स्थान लेंगे, जिन्हें 10 जनवरी को सीबीआई निदेशक के पद से हटा दिया गया था।
- **न्यायमूर्ति पिनाकी घोष :** उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति पिनाकी घोष ने 23 मार्च को देश के पहले लोकपाल के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। राष्ट्रपति ने लोकपाल में चार न्यायिक सदस्य और चार गैर-न्यायिक सदस्य भी नियुक्त किए हैं।
- **वाइस एडमिरल करमबीर सिंह :** वाइस एडमिरल करमबीर सिंह नौसेना के अगले प्रमुख होंगे। उन्होंने डमिरल सुनील लांबा का स्थान लिया, जो मई, 2019 में सेवानिवृत्त हो गये।

## निधन

- **मनोहर पर्रिकर :** 17 मार्च, 2019 को गोवा के मुख्यमंत्री और देश के पूर्व रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर का निधन हो गया। वे 64 वर्ष के थे और पैंक्रियाटिक कैंसर से पीड़ित थे।

## चर्चित व्यक्ति

- **अजीम प्रेमजी :** विप्रो के अध्यक्ष अजमी प्रेमजी ने विप्रो लिमिटेड के 34% शेयर परोपकार कार्य के लिए दान करने की घोषणा की है। इन शेयर का बाजार मूल्य 52,750 करोड़ है। यही नहीं, प्रेमजी ने विप्रो के 67% शेयर से होने वाली आय को चैरिटेबल फाउंडशन को दान करने की प्रतिबद्धता भी जताई है। कंपनी में प्रेमजी के परिवार और कंपनियों की हिस्सेदारी 74.30% है। 73 वर्षीय प्रेमजी ऐसे पहले भारतीय हैं, जिन्होंने 'द गिविंग प्लेज इनीशिएटिव' पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पहल की शुरूआत बिल गेट्स और वॉरेन बफेट ने की थी। इसके अंतर्गत अपनी 50% संपति परोपकारी कार्य के लिए देने का वादा किया जाता है।

## पुरस्कार और सम्मान

- **टैगोर पुरस्कार :** वर्ष 2016 का टैगोर पुरस्कार रामवनजी सुतार को दिया गया है। रामवनजी सुतार को मूर्तिशिल्प को आगे बढ़ाने तथा विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा, स्टेच्यू ऑफ यूनिटी (गुजरात में सरदार पटेल की) के शिल्पकार के रूप में उनके योगदान के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। उन्हें मध्यप्रदेश में गाँधी सागर बांध पर चम्बल स्मारक के निर्माण के लिए जाना जाता है। वे पद्मभूषण तथा पद्म श्री पुरस्कार भी प्राप्त कर चुके हैं।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

## खेल परिदृश्य

- **सुल्तान अजलन शाह कप :** मार्च, 2019 में मलेशिया में 28वें सुल्तान अजलन शाह कप पुरूष हॉकी 2019 टूर्नामेंट का खिताब दक्षिण कोरिया ने जीता। फाइनल में उसने भारत को हराया।
- **इंडियन प्रीमियर लीग** 2019 : मुंबई इडियंस ने इंडियन प्रीमियर ली (IPL 2019) का चौथा टाइटल जीत कर एक बार फिर से अपना दबदबा कायम कर दिया। हैदराबाद के राजीव गांधी क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए आईपीएल के फानल मैच में मुंबई इडियंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को आखिरी ओवर में 1 रन से हरा दिया। यह चौथा मौका था, जब रोहित शर्मा की कप्तानी में महेंद्र सिंह धौनी की टीम को हार का सामना करना पड़ा। मुंबई इंडियंस ने इससे पहले 2013, 2015 और 2017 में खिताब जीता था।

## खेल समाचार

- **मिताली राज :** भारत और न्यूजीलैंड महिला टीम के बीच सीरीज के तीसरे और आखिरी मैच में मिताली राज ने इतिहास रच दिया। यह उनके वनडे करियर का 200वां वनडे है। इस आंकड़े तक पहुंचने वाली वह पहली महिला क्रिकेटर हैं। यही नहीं, यह कप्तान के तौर पर उनका 123वाँ मैंच है, जो रिकॉर्ड है। मिताली ने जून, 1999 में एकदिवसीय क्रिकेट में पदार्पण किया था और आयरलैंड के विरूद्ध अपने वनडे कॅरियर का पहला मैच खेला था। महिला क्रिकेट में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भी मिताली के ही नाम है। उन्होंने एकदिवसीय क्रिकेट मे 6622 रन बनाए हैं।

# अप्रैल–2019

# राष्ट्रीय घटनायें

## स्वदेश निर्मित धनुष तोप सेना में शामिल

- अप्रैल, 2019 में स्वदेश निर्मित धनुष तोप को सेना में शामिल कर लिया गया। जबलपुर की आर्डिनेंस फैक्ट्री में आयोजित एक क्रार्यक्रम के दौरान फैक्ट्री बोर्ड ने 6 धनुष तोपें सेना को सौंपीं। धनुष, भारत में निर्मित होने वाली लंबी रेंज की पहली तोप है।
- धनुष पूरी तरह से देश में ही बनी तोप है। यह जबलपुर स्थित गन कैरिज में आर्डिनेंस फैक्ट्री बोर्ड द्वारा डिजाइन और विकसति की गई है। धनुष तोप की मारक क्षमता 42–45 किमी. तक है।

### **सैन्य अभ्यास मित्रशक्ति**–VI

- मार्च–अप्रैल, 2019 माह में भारत और श्रीलंका के बीच वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास 'मित्रशक्ति–VI' संपन्न हुआ। यह युद्धाभ्यास श्रीलंका के दियातलावा में आयोजित किया गया था। दोनों देशों के बीच संयुक्त अभ्यास का यह छठा संस्करण था।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

### 'बोल्ड कुरुक्षेत्र-2019'

- अप्रैल, 2019 में भारत और सिंगापुर के बीच 'बोल्ड कुरुक्षेत्र-2019' सैन्य अभ्यास आयोजित किया गया। यह सैन्य अभ्यास झांसी के बबीना फील्ड फायरिंग रेंज में आयोजित किया गया। यह 'बोल्ड कुरुक्षेत्र' सैन्य अभ्यास का 12वां संस्करण था।

### भारतीय तटरक्षक का जहाज 'वीरा' बेड़े में शामिल

- 16 अप्रैल, 2019 को विशाखापत्तनम में भारतीय तटरक्षक बल ने जहाज 'वीरा' को अपने बेड़े में शामिल किया गया।
- 98 मी. का यह जहाज 12 अधिकारियों और 94 सैनिकों के साथ समुद्री सीमाओं की निगरानी कर सकता है। इस जहाज में अत्याधुनिक संचार प्रणालियों का इस्तेमाल किया गया है। यह जहाज 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के अंतर्गत एलएंडटी ने विकसित किया है।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

## अंतर्राष्ट्रीय घटनायें

### नेपाल द्वारा अपना पहला उपग्रह 'नेपालीसैट-1' प्रक्षेपित किया

- अप्रैल, 2019 में नेपाल ने अपना पहला उपग्रह 'नेपालीसैट-1' सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया। यह प्रक्षेपण अमेरिका में वर्जीनिया से किया गया। इस उपग्रह को नेपाल के वैज्ञानिकों द्वारा तैयार किया गया है।
- जापान के क्यूशू इंस्टीट्युट ऑफ टेक्नोलॉजी में नेपाल के दो वैज्ञानिक आस मास्की और हरिराम श्रेष्ठ ने अपनी संस्था की 'बर्डस प्रोजेक्ट' के अंतर्गत इस उपग्रह का निर्माण किया है।

### विश्व की जनसंख्या पर संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट जारी

- संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNPFA) के सेक्सुअल एंड रिप्रोडक्टिव हेल्थ एजेंसी ने अप्रैल, 2019 माह में स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन, 2019 रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट के अनुसार 2010 से 2019 के बीच भारत की जनसंख्या 1.2 की औसत वार्षिक दर से बढ़कर 1.36 अरब हो गई है।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

### एमिसैट का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण

- 1 अप्रैल, 2019 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने 'एमिसैट' (इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस सैटेलाइट) सहित अन्य देशों के कुल 29 उपग्रहों का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। इस प्रेक्षपण में अमेरिका के 24, लिथुआनिया का 1, स्पेन का 1 और स्विट्जरलैंड का 1 उपग्रह शामिल हैं।

- यह प्रक्षेपण श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से भारतीय रॉकेट पीएसएलवी-45 के माध्यम से किया गया। इस प्रक्षेपण में रॉकेट पीएसएलवी-45 ने अपने 47वें अभियान में दूसरे लॉन्च पैड से उड़ान भरी।

## अमेरिका ने ईरान से तेल आयात करने वाले भारत समेत अन्य देशों पर पाबंदी लगाई

- अप्रैल, 2019 में अमेरिका ने ईरान से तेल खरीद रहे देशों के लिए आर्थिक प्रतिबंधों में छूट समाप्त करने का फैसला किया है। इसकी घोषणा व्हाइट हाउस ने की।
- रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका 2 मई 2019 के बाद किसी भी देश को ईरान से तेल आयात करने की कोई छूट नहीं देगा। अमेरिका ने नवम्बर, 2018 में आठ देशों को ईरान से तेल आयात के बदले अन्य विकल्प तलाशने के लिए 180 दिनों की छूट प्रदान की थी। इन आठ देशों में से तीन देश, यूनान, इटली और ताइवान ने पहले ही ईरान से तेल आयात घटाकर शून्य कर लिया है। अन्य पांच देशों में भारत, चीन, तुर्की जापान और दक्षिण कोरिया शामिल हैं, जिन्हें अब ईरान से तेल आयात में बंद करना होगा या अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना करना होगा।
- वर्तमान में ईरान से सबसे ज्याद तेल का आयात चीन और भारत द्वारा किया जाता है। अगर इन दोनों देशों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना नहीं माना तो अमेरिका के साथ इनके द्विपक्षीय रिश्तों में तनाव आ सकता है और व्यापार जैसे अन्य मुद्दों पर भी इसका प्रभाव परिलक्षित हो सकता है।

# नवीनतम सामान्य ज्ञान

## नियुक्त/चयनित/निर्वाचित

- **डेविड मालपास :** 5 अप्रैल, 2019 को डोविड मालपास को विश्व बैंक का नया अध्यक्ष चुना गया है। वे विश्व बैंक के 13वें अध्यक्ष होंगे। मालपास ने पूर्व विश्व बैंक के अध्यक्ष जिम योग किम के जनवरी, 2019 में इस्तीफा देने के बाद उनका स्थान लिया है।
- **वोलोदिमीर जेलेंस्की :** यूक्रेन में संपन्न हुए राष्ट्रपति चुनाव में हास्य अभिनेता ब्रोलोदिमीर जेलेंस्की ने जीत दर्ज की है। अप्रैल, 2019 माह में जारी आधिकारिक परिणाम के अनुसार, वोलोदिमीर ने 73% वोट प्राप्त करके वर्तमान राष्ट्रपति पेट्रो पोरोशेंको को पराजित किया है। पोरोशेंको को केवल 24% मत ही प्राप्त हो सके।

## चर्चित व्यक्ति

- **नरेंद्र मोदी :** अप्रैल, 2019 में संयुक्त अरब अमीरात (UAE) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'दि ऑर्डर ऑफ जायेद' से अलंकृत करने का निर्णय लिया है। यह संयुक्त अरब अमीरात का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख खलीफा बिन जायद अल नाहयान ने राजाओं, राष्ट्रपतियों और राष्ट्राध्यक्षों को दिए जाने वाले इस सर्वोच्च सम्मान से प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किए जाने की घोषणा की। यह सम्मान

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत एवं संयुक्त अरब अमीरात के बीच रणनीतिक सोझेदारी को विकसित करने में सरकार के योदान के लिए दिया गया है।

- **रूस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान :** अप्रैल, 2019 में रूस ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल' (Order of Saint Andrew the Spostle) देने की घोषणा की। यह सम्मान उन हस्तियों को दिया जाता है, जो रूस के साथ संबंधों को मजबूत बनाने में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व प्रदान करते हैं। इससे पहले यह सम्मान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और कजाकिस्तान के राष्ट्रपति नुरसुल्तान नजरवायेव को प्रदान किया जा चुका है।
- **आचार्य बालकृष्ण :** संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनाइटेड नेशन सस्टेनेबल डवलपमेंट गोल (UNSDG) ने पंतजलि योगपीठ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आचार्य बालकृष्ण को सम्मानित किया है। यह सम्मान आयुर्वेद को वैकल्पिक चिकित्सा के रूप में स्थापित करने के साथ-साथ अनुसंधान एवं निदान के लिए दिया गया।

## पुरस्कार और सम्मान

- 28**वाँ सरस्वती सम्मान :** अप्रैल, 2019 में तेलुगू के प्रखायत कवि डॉ. के शिवा रेड्डी को वर्ष 2018 का सरस्वती सम्मान दिए जाने की घोषणा की गई है। उन्हें 28वां सरस्वती सम्मान दिया जाएगा। रेड्डी को यह सम्मान उनके काव्य संग्रह 'पक्की ओतिगिलिते' के लिए दिया गया है।
- **पुत्जिर पुरस्कार** 2019 : 16 अप्रैल, 2019 को पुलित्जर पुरस्कारों की घोषणा की गयी। इस वर्ष का पुलित्जर पुरस्कार समाचार-पत्र 'न्यूयॉर्क टाइम्स' और 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' को दिया गया है।

## खेल परिदृश्य

- **एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप :** अप्रैल, 2019 में एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप का आयोजन चीन के शियान में किया गया। इस प्रतियोगिता में भारत ने कुल 16 पद जीते।
- **अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ विश्व कप :** अप्रैल, 2019 में अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (ISSF) विश्व कप का आयोजनचीन के बीजिंग में किया गया। इस प्रतियोगिता में भारत ने चीन को पीछे छोड़कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया।
- **संतोष ट्रॉफी राष्ट्रीय फुटबौल चैम्पियनशिप :** अप्रैल, 2019 में सेना ने संतोष ट्रॉफी राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप 2019 का खिताब जीत लिया है। इस टूर्नामेंट के फाइनल में सेना ने मेजबान पंजाब को 1-0 से हराकर छठी बार यह प्रतियोगिता जीती।

## खेल समाचार

- **विराट कोहली :** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली को 'विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर' चुना गया है। विजडन अलमानेक (Widen Almanack) ने अप्रैल माह में उनके नाम की घोषणा की। विराट कोहली को यह सम्मान तीसरी बार प्राप्त हुआ है।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

- **क्लेयर पोलोसेकः** ऑस्ट्रेलिया की क्लेयर पोलोसेक पुरुष एक-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अंपायरिंग करने वाली पहली महिला अंपायर की बन गयी है। 31 वर्षीय क्लयेर ने यह उपलब्धि 27 अर्पेल को नामीबिया और ओमान के बीच खेले एक प्ब्ब वर्ल्ड क्रिकेट ली डिविजन-2 के फाइनल मैच में अंपायरिंग कर प्राप्त की। इससे पहले, क्लेयर महिलाओं के 15 एकदिवसीय मैचों में अंपायरिंग कर चुकी हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच 2016 में खेले गए एकदिवसीय मैच से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अंपायरिंग का कार्य प्रारंभ किया था।

# मई-2019

## राष्ट्रीय घटनायें

### अपाचे हेलीकॉप्टर

- मई, 2019 में भारतीय वायुसेना को प्रथम एएच-64 (I)-अपाचे गार्जियन हेलीकॉप्टर प्राप्त हुआ। इसे अमेरिका के मेसा, एरिजोना में भारतीय वायु सेना को सौप दिया गया।
- एयर मार्शल ए. एस. बुटोला ने भारतीय वायु सेना का प्रतिनिधित्व करते हुए अमेरिका के बोइंग उत्पादन केंद्र में आयोजित एक समारोह में पहले अपाचे हेलीकॉप्टर को स्वीकार किया। इस अवसर पर अमेरिकी सरकार के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।
- भारतीय वायुसेना ने सितंबर, 2015 में अमेरिकी सरकार और मेसर्स बोइंग लिमिटेड के साथ 22 अपाचे हेलीकॉप्टरों के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे।
- भारतीय वायुसेना के चयनित वायु और थल कर्मियों ने अलबामा में अमेरिकी सेना के बेस फोर्ट रकर में इसका प्रशिक्षण लिया है। प्रशिक्षण प्राप्त ये कर्मी भारतीय वायुसेना में अपाचे बेड़े का नेतृत्व करेंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय घटनायें

### नौसेनिक युद्धाभ्यास 'वरूण'

- मई, 2019 माह में भारतीय और फ्रांसीसी नौसेनाओं के संयुक्त नौसेना अभ्यास 'वरूण' का पहला भाग गोवा समुद्रतट के पास आयोजित किया गया।
- इस अभ्यास में फ्रांसीसी नौसेना का विमानवाहक एफएनएस चार्ल्स डी गौल, दो विध्वंसक, एफएनएस फोरबीन और एफएनएस प्रोवेंस, फ्रिगेट एफएनएस लाटच-ट्रेबिल, टैंकर एफएनएस मार्न और एक नाभकीय पनडुब्बी की भागीदारी रही।
- भारतीय नौसेना की ओर से इस अभ्यास में विमानवाहक आईएनएस विक्रमादित्य, विध्वंसक आईएनएस तरकश, शिशुमार-क्लास पनडुब्बी, आईएनएस मुम्बई, टेंग-क्लास

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

फ्रिगेट, आईएनएस शंकुल, दीपक-क्लास फ्लीट टैंकर, आईएनएस दीपक की भागीदारी रही।

- इस अभ्यास को दो चरणों में आयोजित किया गया। इसमें नौसेना अधिकारियां के दौरे, पेशेवर वार्तालाप एवं विचार-विमर्श तथा खेल आयोजन भी शामिल थे। सामुद्रिक चरण में विभिन्न प्रकार के समुद्री संचालनों से जुड़े अभ्यासों को शामिल किया गया था।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा समिति में आतंकियों की फंडिंग पर रोक के लिए प्रस्ताव

- मई, 2019 में संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा समिति (UNSC) में एक प्रस्ताव लाया गया, जिसके अंतर्गत आंतकवादी संगठनों को मिलने वाली आर्थिक मदद को रोक लगाई जा सकेगी। इसके साथ ही जो भी देश आतंकवादियों की आर्थिक मदद करते हुए पाए जाएँगे, उनके विरूद्ध संयुक्त राष्ट्र की ओर से कार्रवाई भी की जा सकेगी।
- विदित है कि संयुक्त राष्ट्र में जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मौलाना मसूद अजहर को घेरने के लिए भारत लगातार दवाब बना रहा है। भारत की पहल पर ही अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस संयुक्त राष्ट्र में उस पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव फिर से लेकर लाए है। पहले इस प्रस्ताव को चीन ने वीटो पावर लगाकर रोक दिया था, लेकिन यह सभी देश दोबारा प्रस्ताव लेकर आए हैं।

## जी-20 शिखर सम्मेलन 2020

- सउदी अरब ने यह घोषणा की है कि वर्ष 2020 में होने वाला जी-20 शिखर सम्मेलन राजधानी रियाद में आयोजित होगा। यह सउदी अरब में होने वाला पहला शिखर सम्मेलन होगा।
- वर्ष 2019 में जी-20 शिखर सम्मेलन जून महीने के अंत में जापान के ओसका शहर में आयोजित किया गया। वर्ष 2018 में जी-20 की बैठक अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में आयोजित की गई थी।

# आर्थिक घटनायें

## अंतरराष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक

- अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक (IP) सूचकांक में भारत ने अपनी स्थिति में 8 पायदान का सुधार किया है। अमेरिकी चैंबर आफ कॉमर्स के नियंत्रण नवोन्मेषण नीति केंद्र (GIPC) द्वारा तैयार 2019 के इस सूचकांक में भारत अब 36वें स्थान पर पहुंच गया है। 2018 के इस सूचकांक में भारत 44वें स्थान पर था।
- वर्तमान संस्करण (2019) में भारत का कुल स्कोर उल्लेखनीय रूप से सुधरकर 36.04% (45 में से 16.22) पर पहुंच गया। पिछले संस्करण (2018) में यह 30.07% (40 में से 12.03) था। GIPC के अनुसार लगातार दूसरे साल भारत का स्कोर में सबसे अधिक सुधार हुआ है।

S Chand And Company Limited Copyright Reserved
S Chand And Company Limited Copyright Reserved

- इस सूचकांक में इस वर्ष 50 नियंत्रण अर्थव्यवस्थाओं में बौकि संपदा की स्थिति का विश्लेषण किया गया है। इसमें शामिल 50 देशों में भारत की स्थिति में सबसे ज्यादा सुधार आया है। इस सूचकांक में अमेरिका पहले ब्रिटेन दूसरे, स्वीडन तीसरे, फ्रांस चौथे और जर्मनी पांचवें स्थान पर रहा है। पिछले वर्ष भी ये देश इन्हीं स्थानों पर थे।
- यह सूचकांक 45 संकेतकों पर तैयार किया गया है। इनमें पेटेंट, कॉपीराइट और व्यापार गोपनीयता का संरक्षण आदि शामिल है। भारत की स्थिति में यह सुधार भारतीय नीति निर्माताओं द्वारा घरेलू उद्यमियों और विदेशी निवेशकों के लिए समान रूप से एक सतत् नवोन्मेषी पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के प्रयासों को परिलक्षित करता है।

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## इसरो के रिसैट-2बी का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण

- मई, 2019 में भारत के पोलर सेटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी-सी46) ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) एसएचएआर से रिसैट-2बी का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर का यह 72वां लॉन्च वेकल मिशन था और फर्स्ट लॉन्य पैड से यह 36वां प्रक्षेपण था।
- रीसेट-2बी का वजन 615 किलोग्राम है और यह रडार इमेंजिंग पृथ्वी पर्यवेक्षण उपग्रह है। यह उपग्रह कृषि, वानिकी और आपदा राहत के क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देगा।

# नवीनतम सामान्य ज्ञान

## नियुक्त/चयनित/निर्वाचित

- **सुभाष चंद्र गर्ग :** मई, 2019 में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने सुभाष चंद गर्ग को नया वित्त सचिव नियुक्त किया है। वे जून, 2017 से आर्थिक मामलों के विभाग में सचिव के रूप में काम कर रहे थे। गर्ग ने पूर्व वित्त सचिव अजय नारायण झा का स्थान लिया।
- **डी.के. जैन :** सुप्रीम कोर्ट ने रियायर्ड जस्टिस डी.के. जैन को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) का पहला लोकपाल नियुक्त किया है। यह लोकपाल, राज्य क्रिकेट संघों के खिलाड़ियों से जुड़े मुद्दों और वित्तीय मुद्दों का समाधान करने की भूमिका निभाएगा। इसका गठन ठब्ब के स्वीकृत नए संविधान के अंतर्गत किया गया है।
- **जगन मोहन रेड्डी :** आंध्र प्रदेश में YSR वाईआरएस. कांग्रेस के प्रमुख जगन मोहन रेड्डी ने 30 मई को विजयवाड़ा में राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। उन्होंने आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाओं में बहुमत प्राप्त किया था। इससे पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायू ने मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंप दिया। विधानसभा चुनाव में नायडू की तेलगू देशम पार्टी चुनाव हार गई थी।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

- **पेमा खांडू :** मई, 2019 में पेमा खांडू ने अरूणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण की। राज्यपाल डॉ. बी. डी. मिश्रा ने ईटानगर में उन्हें और उनकी मंत्रिपरिषद को पद और गाोपनीयता की शपथ दिलाई।
- **नवीन पटनायकः** मई, 2019 में ओडिशा में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने लगातार पांचवीं बार राज्य के मुख्यमंत्री के पद की शपथ ली। राज्यपाल प्रोफेसर गणेशी लाल ने भुवनेश्वर में नवीन पटनायक और बीस सदस्यों की मंत्रिपरिषद के सदस्यों को शपथ दिलाई। 72 वर्षीय पटनायक ओडिशा के सबसे लंबे समय तक रहने वाले मुख्यमंत्री है। बीजू जनता दल ओडिशा में वर्ष 2000 में सत्ता में है।
- **प्रेम सिंह तमांगः** 27 मई, 2019 को प्रेम सिंह तमांगा ने सिक्किम के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल गंगाप्रसाद ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इससे पहले तमांग को सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के विधायक दल का नेता चुना गया था।

## त्यागपत्र/सन्यास/बर्खास्त

- **के . राजशेखरन :** मई, 2019 में मिजोरम के राज्यपाल कुम्मनम राजशेखरन ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया। श्री राजशेखरन ने मई, 2018 में मिरोजरम के राज्यपाल बने थे।

## चर्चित व्यक्ति

- **भावना डेहरिया :** भावना डेहरिया दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली मध्य्रदेश की पहली महिला बन गई हैं। भावना ने अन्य पर्वतारोही दल के साथ माउंट एवरेस्ट पर 22 मई को फतह किया। 27 वर्षीय भावना मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र तामिया की हैं।
- **भावना कंठ :** मई, 2019 में भारतीय वायु सेना की फ्लाइट लेफ्टिनेंट भावना कंट ने प्रमुख लड़ाकू विमान मिग-21 बाइसन पर अपने प्रशिक्षण की अंतिम उड़ान को सफलतापूर्वक पूरा किया। वह इस प्रशिक्षण को पूरा करने वाली पहली महिला बन गयी हैं। उन्होंने मार्च, 2018 में मिग-21 बाइसन विमान पर अकेले पहली बार उड़ान भरी थी।

## पुरस्कार और सम्मान

- **एबेल पुरस्कार** 2019 : वर्ष 2019 का एबेल पुरस्कार (Abel Prize) कनाडा के गणितज्ञ करेन उहलेनबेक को दिया गया है। करेन यह पुरस्कार जीतने वाली पहली महिला हैं। 76 वर्षीय उहलेनबेक को 'विश्लेषण, ज्यामिति और गणितीय भौतिकी' के क्षेत्र में उनके प्रोजेक्ट के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। करेन को यह पुरस्कार नार्वे की राजधानी ओस्लो में आयोजित एक समारोह में दिया गया।
- **मैन बुकर अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार :** मई, 2019 में ओमान की लेखिका जोखा अल्हार्थी को वर्ष 2019 का प्रतिष्ठित मैनबुकर अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गयी। जोखा अल्हार्थी को उनकी पुस्तक 'सेलेस्टियल बॉडीज' के लिए यह सम्मान दिया गया है। जोखा अरबी भाषा की पहली लेखिका है, जिन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया गया है।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved
S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

## खेल परिदृश्य

- **सुदीरमन कप** 2019 : 26 मई, 2019 को बैडमिंटन खिलाड़ी शि युकी ने विश्व चैंपियन जापान के केंटो मोमोटा को हराकर सुदीरमन कप खिताब जीत लिया। चीन का यह 11वां सुदीरमन कप खिताब है। चीन ने 2015 के बाद यह खिताब जीता है। इससे पहले दक्षिण कोरिया चैंपियन था।

# जून–2019

# राष्ट्रीय घटनायें

## केंद्र की कृषि विज्ञान केंद्रों की स्थापना की योजना

- जून, 2019 माह में केंद्र सरकार ने यह निर्णय लिया है कि वह पूरे देश में डिजिटल टेक्नोलॉजीयुक्त कृषि विज्ञान केंद्रों की स्थापना करेगी, जिससे वर्ष 2022 तक देश के किसानों की आय दोगुनी हो सके।
- इसके अंतर्गत सरकार पूरे देश में 713 कृषि विज्ञान केंद्रों की स्थापना करेगी तथा जिला स्तर पर 684 कृषि तकनीकी प्रबंधन एजेंसियों की स्थापना की जायेगी। इनमें कृतिम बुद्धिमत्ता, बिग डाटा एनालाइटिक एवं ब्लॉक चेयर तकनीकी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IOT) जैसी तकनीकों का उपयोग किया जायेगा।
- इसके लिये भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् ने लगभग 100 मोबाइल एंप्स का भी विकास किया है। ये एप किसानों को एसएमएस के माध्यम से खेती, कृषि संबंधी जानकारियां एवं सलाह आदि प्रदान करेंगे।

## भारतीय नौसेना का 'ऑपरेशन संकल्प'

- जून, 2019 माह में भारतीय नौसेना ने फारस की खाड़ी एवं ओमान की खाड़ी में 'ऑपरेशन संकल्प' नामक अभ्यास संपन्न किया। इसका मुख्य उद्देश्य इन क्षेत्रों से होकर भारतीय पोतों की सुरक्षित आवाजाही को सुनिश्चित करना था।
- इस अभियान में भारतीय नौसेना के प्रमुख पोतों आईएनएस चेन्नई एवं आईएनएस सुनयना को भेजा गया था। वायु क्षेत्र की निगरानी वायुसेना की युद्धक विमानों ने की।
- यह संपूर्ण अभियान भारतीय नौसेना के भारतीय महासागरीय क्षेत्र–सूचना प्रदाता केंद्र की निगरानी में संपन्न हुआ।

## सरकार की रक्षा अंतरिक्ष अनुसंधान अधिकरण की स्थापना को मंजूरी

- प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली रक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने रक्षा अंतरिक्ष अनुसंधान अधिकरण (Defence Space Research Agency : DSRO) की स्थापना को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस नवस्थपित अधिकरण को पूर्णतया अत्याधुनिक रक्षा तंत्र से सुसज्जित किया जायेगा।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

- इसकी स्थापना का उद्देश्य अंतरिक्ष में युद्ध की स्थिति में सशस्त्र सेनाओं की क्षमता में वृद्धि करना है। यह अधिकरण अंतरिक्ष युद्ध से संबंधित रक्षा उपकरणों के विकास का कार्य भी करेगा।
- इसका मुख्यालय बंगलुरू में होगा तथा एयर-वाइस मार्शल का अधिकारी इसका प्रमुख होगा। धीरे-धीरे यह अधिकरण तीनों सेनाओं की अंतरिक्षत युद्ध संबंधी क्षमताओं में वृद्धि करेगा।

# अंतर्राष्ट्रीय घटनायें

## मेसेडोनिया की संसद ने देश का नाम 'उत्तर मेसेडोनिया गणराज्य' किया

- जून, 2019 माह में मेसेडोनिया की संसद ने देश के नाम में परिवर्तन के लिए संविधान में संशोधन प्रस्ताव पारित किया है। इस परिवर्तन के बाद मेसेडोनिया का नया नाम 'उत्तर मेसेडोनिया गणराज्य' किया गया है। नाम में परिवर्तन से पड़ोसी यूनान के साथ स्कोप्जे के नाटो और यूरोपीस संघ में शामिल होने के रास्ते को खोलने के साथ दशकों पुराने विवाद को सुलझाने में सहायता मिलेगी।
- यूरोप के दो देशी यूनान और मेसेडोनिया के बीच 18 जून, 2018 को एक ऐतिहासिक समझौता हुआ था। इसके बाद ही दोनों देशों के बीच मेसेडोनिया के नाम को लेकर 27 वर्ष से जारी विवाद सुलझा लिया गया था।

- **यूनेस्को ने वर्ष 2019 को रासायनिक तत्वों की 'आवर्त सारणी' का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष घोषित किया।**

- **जनसंख्या संबंधी संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट**
- जून, 2019 में संयुक्त राष्ट्र ने 'विश्व जनसंख्या प्रॉस्पेक्ट, 2019' नामक एक रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2027 तक चीन को पीछे छोड़कर भारत विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन जायेगा।
- रिपोर्ट के अनुसार, भारत के साथ ही विश्व के आठ प्रमुख देश ऐसे हैं, जिनकी जनसंख्या वर्ष 2050 तक लगभग दोगुनी हो जायेगी।

## यूएई ने लांच किया नया रिपोर्टिंग प्लैटफार्म

- जून, 2019 में संयुक्त अरब अमीरात के केंद्रीय बैंक ने अबूधाबी में अपनी वित्तीय बौद्धिक इकाई में नया रिपोर्टिंग प्लैटफार्म 'गो-एएमएल' (goAML' : global operations Anti-Money Laundering) लांच किया है।
- इसका विकास संयुक्त राष्ट्र के ड्रग्स एवं क्राइम कार्यालय ने किया है। इसका मुख्य उद्देश्य संगठित अपराध पर रोक लगाना है। संयुक्त अरब अमीरात, खाड़ी क्षेत्र का पहला देश है, जिसने इस तरह का प्लैटफार्म लांच किया है।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

# आर्थिक घटनायें

## आईएमडी वर्ल्ड कॉम्पटीटिवनेस रैंकिंग

- विश्व की सबसे अधिक प्रतिस्पर्धा वाली शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं की रैंकिंग में भारत एक अंक के सुधार के साथ 43वीं पायदान पर पहुंच गया है। पिछले वर्ष भारत इस रैंकिंग में 44वें, 2017 में 45वें एवं 2016 में 41वें स्थान पर था। इस रैंकिंग में सिंगापुर ने अमेरिका को पछाड़कर पहला स्थान प्राप्त कर लिया है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत अपनी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में तेज बढ़ोतरी, कारोबार में आसानी के लिए विभिन्न कानूनों में सुधार और शिक्षा पर सरकारी खर्च बढ़ने के कारण अपनी रैंकिंग सुधारने में सफल हुआ है। भारत ने इस वर्ष की रैंकिंग में कई आर्थिक मानकों और कर नीतियों के मामले में भी अच्छा प्रदर्शन किया।
- आईएमडी वर्ल्ड कॉम्पटीटिवनेस रैंकिंग के अंतर्गत 235 पैमानों पर 63 देशों की अर्थव्यवस्थाओं को रैंकिंग प्रदान की जाती है। रिपोर्ट के अनुसार एशिया-प्रशांत क्षेत्र, विश्व का अगुवा बनकर उभरा है। इस क्षेत्र की 14 में से 11 अर्थव्यवस्थाएं या तो सुधर रही हैं या पुरानी स्थिति पर टिकी हुई हैं।

### अंकटाड वर्ल्ड इनवेस्मेंट रिपोर्ट, 2019

- जून, 2019 में व्यापार एवं विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन : अंकटाड (the United Nations Conference on Trade and Development : UNCTAD) ने वर्ल्ड इनवेस्टमेंट रिपोर्ट, 2019 जारी की है। इसके अनुसार, वर्ष 2018 में भारत ने लगभग 42 बिलियन अमेरिकी डॉलर का विदेशी निवेश प्राप्त किया है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत, दक्षिणी एशियाई क्षेत्र में होने वाले विदेशी निवेश का लगभग 77% हिस्सा अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहा है। वैसे वर्ष 2018 में वैश्विक निवेश में 13% की गिरावट दर्ज की गयी है।
- रिपोर्ट के अनुसार, विदेशी निवेश के क्षेत्र में विश्व के प्रमुख देशों में भारत 9वें स्थान से 10वें स्थान पर आ गया है तथा 9वां स्थान स्पेन ने ग्रहण कर लिया है। भारत के अलावा बांग्लादेश एवं श्रीलंका भी उन दक्षिण एशियाई देशों में शामिल हैं, जहां संतोषजनक विदेशी निवेश हुआ है।

## केंद्र द्वारा कृषि सुधारों हेतु उच्चस्तरीय कार्यबल की स्थापना की घोषणा

- जून, 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की है कि केंद्र सरकार शीघ्र ही कृषि क्षेत्र में सुधारों के लिये एक उच्चस्तरीय कार्यबल की स्थापना करेगा। यह निर्णय नीति आयोग की पांचवी बैठक में लिया गया। यह कार्यबल कृषि क्षेत्र में ढांचागत सुधारों पर अपनी अनुशंसायें देगा, जिसमें परिवहन सुविधा को और सशक्त बनाने, मार्केटिंग व्यवस्था में सुधार, खाद्य प्रसंस्करण के साथ आवश्यक वस्तु अधिनियम से संबंधित अनुसंशायें या सुझाव भी शामिल होंगे।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

- प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के कृषि क्षेत्र का पूर्ण संक्रमण के लिये कृषि क्षेत्र में आधारभूत सुधार एवं परिवर्तन किये जायेंगे। इस कार्यबल में विषय विशेषज्ञों के अतिरिक्त कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी शामिल किया जायेगा।
- भारत का प्रयास है कि वर्ष 2024 तक कृषि क्षेत्र 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्वस्था बने।

### ओएनजीसी सबसे अधिक लाभ कमाने वाला सार्वजनिक प्रतिष्ठान

- जून, 2019 में तेल एवं प्राकृतिक गैस कार्पोरेशन (ओएनजीसी) ने सबसे अधिक लाभ कमाने वाला सार्वजनकि प्रतिष्ठान का गौरव प्राप्त किया है।
- इस कंपनी ने वर्ष 2018-19 में 34% का उछाल दर्ज करते हुये 26,716 करोड़ का लाभ कमाया, जबकि 31 मार्च 2019 को समाप्त हुये वित्तीय वर्ष में भारतीय तेल निगम (आईओसी) का लाभ 17,274 करोड़ रूपये रहा।

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

### नासा के क्यूरिओसिटी रोवर ने मंगल ग्रह में मीथेन गैस का पता लगाया

- जून, 2019 में नासा के मंगल ग्रह संबधी यान क्यूरिओसिटी रोवर ने इस ग्रह के संबंध में एक नयी जानकारी प्रदान की है। अब यान ने यह पता लगाया है कि इस ग्रह में मीथेन गैस विद्यमान है। यह जानकारी रोवर में लगे हुये लेजर स्पेक्ट्रोमीटर से प्राप्त हुयी है। यह स्पेक्ट्रोमीटर रोवर में लगे उन तीन प्रमुख उपकरणों में से एक है, जिसे मंगल ग्रह के अन्वेषण के लिये रोवर में लगाया गया है।
- विदित है कि जब रोवर पहल बार मंगल की सतह पर उतरा था तो वहां मीथेन की विद्यमानता के कोई संकेत प्राप्त नहीं हुये थे लेकिन वर्ष 2013 में अचानक इसका पता चला था। ऐसा प्रतीत होता है कि इस ग्रह में मीथेन की मात्रा में ऋतुओं के अनुसार उतार-चढ़ाव होता रहता है।

### माउंट एवरेस्ट के डेथ जोन में विश्व का सबसे ऊंचा मौसम केंद्र स्थापित

- जून, 2019 में वैज्ञानिकों ने उस समय एक इतिहास रच दिया, जब उन्होंने माउंट एवरेस्ट के डेथ जोन में विश्व के सबसे ऊंचे मौसम केंद्र की स्थापना की। यह मौसम केंद्र माउंट एवरेस्ट के डेथ जोन में स्थापित किया गया है। इसमें यहां स्थापित पांच अन्य स्वचालित स्टेशन भी शामिल हैं।
- टाम मैथ्यू एवं बेकर पैरी के नेतृत्व में मौसम वैज्ञानिकों के एक दल ने माउंट एवरेस्ट में 8,430 मीटर की ऊंचाई में अत्यंत प्रतिकूल परिस्थितियों के उपरांत इस 7 फुट ऊंचे मौसम केंद्र की स्थापना की है।
- यह मौसम केंद्र तापमान, सापेक्षिक आर्द्रता, बैरोमीटरीय दबाव, वायु की गति एवं वायु की

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

दिशा संबंधी आंकड़े एकत्रित करेगा। इसके अलावा यह जेट स्ट्रीम एवं हिमालय में होने वाले जलवायु परिवर्तनों के कारणों से भी वैज्ञानिकों को अवगत करायेगा।

## वैज्ञानिकों ने वरूण ग्रह में नये एक्जो-प्लैनेट का पता लगाया

- वैज्ञानिकों ने वरूण ग्रह (Neptunian) के मरूस्थल में एक नये एक्जो-प्लैनेट एनजीटीएस-4बी (NGTS- 4b) का पता लगाया है। इसे इस ग्रह का भूला हुआ एक्जो-प्लैनेट माना जाता था।
- यह वरूण ग्रह से आकार में छोटा है लेकिन पृथ्वी के आकार से तीन गुना बड़ा है। इसका भार पृथ्वी के भार से 20 गुना अधिक है। इसका रेडियस वरूण से 20% कम है तथा इसका तापमान 1 हजार डिग्री सेल्सियस है। इसके वायुमंडल में गैसों की विद्यमानता है।

# नवीनतम सामान्य ज्ञान

## नियुक्त/चयनित/निर्वाचित

- **गीता गोपीनाथ :** भारत में जन्मी गीता गोपनाथ को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) में मुख्य अर्थशास्त्री (चीफ इकोनॉमिस्ट) नियुक्त किया गया है। वह अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की 11वीं मुख्य अर्थशास्त्री बनी हैं। गीता इस पद पर आसीन होने वाली प्रथम भारतीय हैं।
- **दलबीर सिंह सुहाग :** केंद्र सरकार ने जनरल दलबीर सिंह सुहाग (सेवानिवृत्त) को सेशेल्स गणराज्य का नया उच्चायुक्त नियुक्त किया है। जनरल सुहाग को 31 जुलाई, 2014 को थल सेना के 26वें सेना प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया था। वह 31 दिसम्बर, 2016 को सेवानिवृत्त हुए थे।
- **फेलिक्स त्शिसेकेदी :** कांगों में हाल ही में हुए राष्ट्रपति चुनाव में विपक्षी नेता फेलिक्स त्शिसेकेदी को विजय प्राप्त हुई है। इस चुनाव में फेलिक्स को 38.57% मत मिले हैं। विपक्षी उम्मीदवार मार्टिन फायुलु ने इस नतीजों को चुनावी तख्तापलट बताते हुए खारिज कर दिया है। अगर संवैधानिक न्यायालय फेलिक्स त्शिसेकेदी की जीत की पुष्टि कर देता है तो कांगो में 1960 में बेल्जियम से स्वतंत्रता मिलने के बाद पहली बार लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता का हस्तांतरण होगा।
- **ओम बिड़ला :** जून, 2019 में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ओम बिड़ला को नया लोकसभा अध्यक्ष चुना गया है। उन्होंने सुमित्रा महाजन का स्थान लिया तथा वे लोकसभा के 17वें अध्यक्ष हैं। वे राजस्थान से लोकसभा के सांसद चुने गये हैं।
- **अजीत डोभाल :** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (National Security Adviser ) को दूसरी बार इस पद पर नियुक्त किया गया है। उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा भी दिया गया है। पहली बार उन्हें राज्यमंत्री का ही दर्जा प्रदान किया गया था।
- **सामंत गोयल :** 26 जून, 2019 को वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सामंत गोयल को रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

- **अरविंद कुमार :** जून, 2019 में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अरविंद कुमार को इंटेलीजेंस ब्यूरो (आईबी) का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है।
- **के. नटराजन :** जून, 2019 में कृष्णमूर्ति नटराजन को भारतीय तटरक्षक बल का नया महानिदेशक नियुक्त किया गया है। इस पद उन्होंने राजेंद्र सिंह का स्थान लिया।
- **शेफाली जुनेजा :** जून, 2019 में केंद्र सरकार ने शेफाली जुनेजा को अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संगठन की परिषद् (Council of the International Civil Aviation Organisation : ICAO) में तीन वर्ष की अवधि के लिये भारत का प्रतिनिधि नियुक्त किया है।
- **राजनाथ सिंह :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को दूसरी बार संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह समिति संसदीय मामलों का निर्णय करती है।
- **थावरचंद गहलोत :** जून, 2019 में थावरचंद गहलोत को राज्यसभा का नेता चुना गया है। पहले इस पद पर अरूण जेटली थे।

## त्यागपत्र/सन्यास/बर्खास्त

- **विरल आचार्य :** जून, 2019 में भारतीय रिजर्व बैंक के सबसे युवा डिप्टी-गवर्नर विरल आचार्य ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया। उन्होंने 23 जनवरी, 2017 को तीन वर्ष के लिये भारतीय रिजर्व बैंक ज्वाइन किया था।
- **परवेज अहमद :** जम्मू-कश्मीर सरकार ने जम्मू-कश्मीर बैंक के चेयरमैन परवेज अहमद को उनके पद से हटा दिया।

## चर्चित व्यक्ति

- **नरेंद्र बत्रा :** जून, 2019 में भारतीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष नरेंद्र बत्रा को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति का सदस्य चुना गया है। वे इस पद पर चुने जाने वाले पहले भारतीय हैं।
- **अजय सिंह :** स्पाइसजेट के चेयरमैन अजय सिंह को अंतर्राष्ट्रीय परिवहन संगठन (International Air Transport Association : IATA) के बोर्ड में चुना गया है। इससे पहले जेट एयरवेज के चेयरमैन नरेश गोयल काफी लंबे समय तक इस संगठन के बोर्ड में रहे थे।
- **सत्य नाडेला एवं शांतनु नारायण :** रोजगार वेबसाइट ग्लासडोर द्वारा किये गये एक सर्वे के अनुसार, माइक्रोसॉफ्ट के सत्य नाडेला एवं एडोब के शांतनु नारायण विश्व के प्रथम 10 अमेरिकी मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (US CEOs) में शामिल किये गये हैं। इस सूची में फेसबुक के मार्क जकरबर्ग को 55वां एवं एप्पल के टिम कुक को 69वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- **निर्मला सीतारमण :** भारत की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को इंग्लैंड द्वारा प्रकाशित विश्व की 100 सर्वाधिक शक्तिशाली महिलाओं में स्थान दिया गया है। यह लिस्ट इंग्लैंड

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

की संसद में 'भारत दिवस' के अवसर पर इंग्लैंड के गृहमंत्री साजिद जाविद ने जारी की।

- **ऋतु करीधल एवं मुथैय्या वनीथा :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने पहली बार दो महिला वैज्ञानिकों–ऋतु करीधल (मिशन डायरेक्टर के रूप में) एवं मुथैय्या वनीथा (प्रोजेक्ट डायरेक्टर के रूप में) को दूसरे चंद्रयान मिशन के लिये नियुक्त किया है। इस अवसर पर इसरो के चेयरमैन के. शिवन ने यह भी बताया कि चंद्रयान-2 मिशन में कार्य करने वाले वैज्ञानिकों में 30 प्रतिशत महिलायें हैं। ऋतु करीथल को 'रॉकेट विमन ऑफ इंडिया' के नाम से भी जाना जाता है।

## पुरस्कार और सम्मान

- **रेड इंक अवार्ड :** जून, 2019 में ट्रिब्यून न्यूज की रचना खेरा को भारतीय पत्रकारिता में उत्कृष्ट योगदान के लिये वर्ष 2019 का 'जर्नलिस्ट ऑफ द इयर, 2019' रेड इंक अवार्ड प्रदान किया गया है। वर्तमान में वे हफिंग्टन पोस्ट में कार्यरत हैं। उन्हें यह पुरस्कार वर्ष 2018 में आधार डाटा संग्रहण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिये दिया गया है।
- **निशान-इजाजुद्दीन:** जून, 2019 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मालदीव के सर्वोच्च सम्मान निशान-एजाजुद्दीन से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान दोनों देशों के द्विपक्षीय हितों को बढ़ावा देने तथा इस क्षेत्र में शाति स्थापना संबंधी प्रयासों को सुदृढ़ करने के लिये प्रदान किया गया है।
- **ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड:** जून, 2019 में वाशिंगटन आधारित बिजनेस एडवोकेसी ग्रुप, यूएसआईबीसी द्वारा गूगल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई एवं नास्डाक के अध्यक्ष एडेना फ्रीडमैन को ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड, 2019 के लिये चुना गया है। इन दोनों को यह पुरस्कार अपनी कंपनी के लिये किये गये सराहनीय प्रयासों के लिये दिया गया है।

## खेल परिदृश्य

- **फ्रेंच ओपन,** 2019: जून, 2019 में पेरिस के रोला गैरा में टेनिस की फ्रेंच ओपन, 2019 प्रतियोगिता संपन्न हुयी। इसके प्रमुख विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं

1. पुरूष एकल : राफेल नडाल, स्पेन (विजेता) एवं ऑस्ट्रिया डोमिनिक थीम (उपविजेता)
2. महिला एकल : एशे बार्टी, ऑस्ट्रेलिया (विजेता) एवं मार्केटा वोंड्रोसोवा, चेक गणराज्य (उपविजेता)
3. पुरूष युगल : केविन क्रेट्ज एवं एंड्रीस मियास, जर्मनी (विजेता) एवं जेरेमी चार्डी एवं फैब्रिक मार्टिन, फ्रांस (उपविजेता)
4. महिला युगल : टीमिया बाबोस, हंगरी एवं क्रिस्टीना माल्डेनोविक, फ्रास (विजेता) तथा डुवान यिंगयिंग, चीन एवं जेन साईसाई, चीन
5. मिश्रित युगल : लैटिसा चान, चीनी ताइपेई एवं इवान डोडिग, क्रोएशिया (विजेता) तथा गैब्रिएला डाबोवस्की, कनाडा तथा मेट पेविक, क्रोएशिया (उपविजेता)

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

# जुलाई–2019

## राष्ट्रीय घटनायें

### आईएनएस सागरनिधि कोच्ची से रवाना

- जुलाई, 2019 में 'महासागरीय एवं अनुप्रयुक्त अंतरा-विषयक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान कार्यक्रम' (Marine & Allied Interdisciplinary Training and Research Initiative : MAITRI) के अंतर्गत आईएनएस सागरनिधि पोत को कोच्चि बंदरगाह से रवाना किया गया।
- इसका उद्देश्य इस क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा की स्थापना एवं महासागरीय अनुसंधान की दिशा में कार्य करना है।
- यह पोत पूरे उत्तर भारतीय महासागर से आंकड़ों को एकत्रित करेगा तथा 'महासागरीय अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम' के लिये 8 देशों के साथ समन्वय स्थापित करेगा।

### पीएमजीएसवाई के तीसरे चरण को मंजूरी

- कैबिनेट समिति ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तीसरे चरण को मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके अंतर्गत 1 लाख 25 हजार किलोमीटर सड़कों का पुनर्निमाण किया जायेगा।
- इस परियोजना की अवधि पांच वर्ष की होगी तथा इसमें लगभग 80,250 करोड़ रूपये की लागत आयेगी। इस चरण के वर्ष 2024-25 तक पूरे होने की उम्मीद है।
- इसमें ग्रामीण सड़कों को नगरीय सड़कों से जोड़ना, स्कूलों एवं अस्पतालों को सड़कों के दायरे में लाना आदि जैसे कार्य शामिल हैं।

### सीमा सुरक्षा बल का 'ऑपरेशन सुदर्शन'

- जुलाई, 2019 में सीमा सुरक्षा बल ने सीमा क्षेत्रों में एक विशेष अभियान 'ऑपरेशन सुदर्शन' संपन्न किया। इसका मुख्य उद्देश्य पाकिस्तान की सीमा से लगे पंजाब एवं जम्मू-कश्मीर में अवैध घुसपैठियों पर रोक लगाना था।
- इसके अंतर्गत सीमा सुरक्षा बल के जवानों एवं अधिकारियों ने भाग लिया तथा इन क्षेत्रों में आवश्यक उपकरणों आदि की तैनाती भी की गयी।
- अभियान के अंतर्गत भारत-पाकिस्तान सीमा के लगभग 1 हजार लंबे भू-भाग को कवर किया गया।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

### शिक्षक आरक्षण विधेयक लोकसभा में परित

- जुलाई, 2019 में लोकसभा ने 'शिक्षण आरक्षण विधेयक' पारित कर दिया। इसका उद्देश्य अनुसूचित जाति/जनजाति, आर्थिक रूप से पिछड़े तबकों एवं शैक्षिक रूप से पिछड़े तबकों के युवाओं की शिक्षक के पद पर सीधी भर्ती के कार्य को सुनिश्चित करना है।
- इस विधेयक के माध्यम से 41 केंद्रीय विश्वविद्यालयों में 8 हजार शिक्षकों के पदों को भरा जा सकेगा तथा यह सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से पिछड़े अभ्यर्थियों को 10% आरक्षण भी उपलब्ध करायेगा।

## अंतर्राष्ट्रीय घटनायें

### भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार के 2025 तक 238 बिलियन अमेरिकी डालर तक पहुंचने की आशा

- भारत-अमेरिका रणनीतिक फोरम के अनुसार, वर्ष 2025 तक भारत तथा अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार के वर्तमान के 143 बिलियन अमेरिकी डालर के स्थान पर 238 बिलियन अमेरिकी डालर तक पहुंचने की आशा है।
- भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि यदि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 10-12.5% की गति से बढ़ता रहे तो इस लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2025 तक भारतीय अर्थव्यवस्था 1 ट्रिलियन के आंकड़े को छू सकती है।

## आर्थिक घटनायें

### आम बजट 2019-20

- देश की पहली पूर्णकालिक महिला वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने 5 जुलाई, 2019 को संसद में देश का बही-खाता (इस बार के बजट को बही-खाता नाम दिया गया था) पेश किया। यह बजट 27.86 लाख करोड़ का है, जो पिछले वर्ष से 13.39% ज्यादा है। इस बजट देश की अर्थव्यवस्था को 5 हजार करोड़ डालर को बनाने की रूपरेखा तय की गयी है। इसके अलावा इसमें करोड़पतियों पर अतिरिक्त कर लगाया गया है तो निम्न आयवर्ग, छोटे कारोबारियों, किसानों और महिलाओं को थोड़ी राहत दी गयी है। पेट्रोल एवं डीजल के दाम बढ़ने से मध्यम वर्ग की उम्मीदों को थोड़ा झटका लगा है। इस बजट की प्रमुख बातें इस प्रकार हैं :

## आयकर

- कर ढांचे में कोई परिवर्तन नहीं। जिनकी वार्षिक आय 5 लाख रूपये से कम है, उन्हें पूरी तरह आयकर से छूट मिलेगी। 5 से 10 लाख की आय पर 201% एवं 10 लाख से ऊपर की आय पर 30% कर लगेगा।
- जिन लोगों के पास पैन कार्ड नहीं है, वे आयकर रिटर्न भरने के लिये आधार कार्ड का उपयोग कर सकते हैं।
- आम करदाताओं को रिटर्न दाखिल करने के लिये पहले से भरे हुये रिटर्न फार्म उपलब्ध कराने की सुविधा दी जायेगी।

## महिला

- जनधन खाताधारक हर महिला समूह को 5 हजार रूपये तक ओवरड्राफ्ट की सुविधा दी जायेगी।
- अर्थव्यवस्था में महिलाओं को भागीदार बनाने के लिये एक समिति का गठन किया जायेगा।
- प्रत्येक स्वयं-सहायता समूह की एक महिला को मुद्रा योजना के अंतर्गत 1 लाख रूपये तक का कर्ज लेने की पात्रता होगी।
- स्टैंड-अप इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं एवं एससी एवं एसटी उद्यमियों को लाभ पहुंचाया जायेगा।

## शिक्षा

- 400 करोड़ रूपये से 'भारत में पढ़ो' नाम का एक नया कार्यक्रम प्रारंभ किया जायेगा। यह कार्यक्रम भारतीय शिक्षा प्रणाली में विदेशी छात्रों को आकर्षित करने के लिये प्रारंभ किया गया है।
- नयी शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षा प्रणाली में कई परिवर्तन किये जायेंगे तथा स्कूल एवं कॉलेजों में पढ़ाई का तरीका भी बदला जायेगा।
- शोध की गुणवत्ता सुधारने और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में शोध के लिये 'नेशनल रिसर्च फांउडेशन' की स्थापना की जायेगी।

## मध्यम वर्ग

- 45 लाख तक का घर खरीदने पर ब्याज में 1.5 लाख की अतिरिक्त छूट मिलेगी। इसके लिये 2 लाख की छूट पहले से ही मिल रही है। हालांकि यह छूट उन्हें मिलेगी, जो मार्च, 2020 तक होम लोन लेंगे। सरकार के इस निर्णय से 15 वर्ष की अवधि के लिये कर्ज लेने वालों को 7 लाख रूपये तक का लाभ प्राप्त होगा।

## अमीर

- 1 करोड़ से ज्यादा कैस निकालने पर 2% टीडीएस, 2 से 5 करोड़ की आय पर 3% अतिरिक्त कर तथा 5 से 7 करोड़ की आय पर 7% अतिरिक्त कर देय होगा।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

## कार्पोरेट सेक्टर

- 400 करोड़ रूपये तक का वार्षिक कारोबार करने वाली कंपनियों पर 25% टैक्स लगेगा। पहले यह टैक्स 250 करोड़ रूपये तक का कारोबार करने वाली कंपनियों पर लगता था। लगभग 93.3% निचले कर के दायरे में आयेंगी।

## व्यापारी

- 1.5 करोड़ रूपये से कम का वार्षिक कारोबार करने वाले देश के 3 करोड़ खुदरा कारोबारियों को 'प्रधानमंत्री कर्मयोगी मानधन पेंशन योजना' का लाभ दिया जायेगा।
- 'स्फूर्ति' के अंतर्गत 100 नये क्लस्टर बनाये जायेंगे। इससे 50 हजार दस्तकार आर्थिक मूल्य श्रृंखला से जुड़ सकेंगे।
- जीएसटी पंजीकृति अति-लघु, लघु और मध्यम उद्यमों को ब्याज में 2 प्रतिशत की छूट के लिये 350 करोड़ का आवंटन किया गया है।

## युवा

- 1 करोड़ युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जायेगा। युवाओं को विदेशों में अच्छी नौकरी मिल सके इसके लिये उन्हें कई क्षेत्रों में विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा।
- जो बच्चे युवा खेलों में कैरियर बनाना चाहते हैं, उनके लिये 'राष्ट्रीय खेल शिक्षा बोर्ड' का गठन किया जायेगा।
- स्टार्ट-अप करने वाले छात्रों को एंजेल टैक्स से छूट मिलेगी। इसकी सहायता के लिये पैनलों का गठन किया जायेगा।

## डिजिटल भुगतान पर शुल्क समाप्त

- 50 करोड़ के वार्षिक टर्नओवर से अधिक वार्षिक कारोबार करने वाले कारोबारी डिजिटल भुगतान करने पर अपने ग्राहकों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं ले सकेंगे। रिजर्व बैंक और अन्य बैंक ये नुकसान कैश हैंडलिंग घटने से होने वाले लाभ के माध्यम से वहन कर सकेंगे।

## किसान

- 75 हजार नये कृषि उद्यमी तैयार करने की योजना। दलहन, तिलहन और सब्जियों के निर्यात पर बल।
- 10 हजार नये कृषि उत्पादक संगठन बनाये जायेंगे।

## ग्रामीण भारत

- 2022 मे 1.95 करोड़ नये घरों का निर्माण किया जायेगा। कल्याणकारी योजनाओं के लिये बजट में 4.4 प्रतिशत की वृद्धि।
- देश के हर गांव में पक्की सड़कों का निर्माण किया जायेगा।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved
S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

## बैंक

- सरकारी बैंकों को 70 हजार करोड़ की सहायता प्रदान की जायेगी। हाउसिंग फाइनेंस सोसाइटियां अब रिजर्व बैंक के नियंत्रण में होंगी।
- सरकार की नीतियों से छह सरकारी बैंक कर्ज से बाहर आये तथा एनपीए भी घटा।

## परिवहन

- 300 किलोमीटर लंबी मेट्रो रेल परियोजनाओं को मंजूरी। रूपे कार्ड की सहायता से नेशनल ट्रांसपोर्ट कार्ड का ऐलान। बस, पार्किंग एवं रेलवे टिकट एक ही कार्ड से ले सकेंगे।

## बुनियादी ढांचा

- अगले पांच वर्षों में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र 100 लाख करोड़ रूपये का निवेश किया जायेगा।
- 80,250 करोड़ रूपये की लागत से 1.25 लाख किमी. सड़कों को बेहतर बनाया जायेगा।

## अंतरिक्ष तकनीक

- अंतरिक्ष के क्षेत्र में क्षमता का उपयोग करने के लिये 'न्यू स्पेश इंडिया लिमिटेड' के नाम से एक नयी कंपनी का गठन किया जायेगा।
- हर पंचायत में स्थानीय निकायों को इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराने के लक्ष्य को पूरा किया जायेगा।

## रक्षा

- रक्षा क्षेत्र के बजट में कोई विशेष वृद्धि नहीं। अंतरिम बजट में जो 3.8 लाख करोड़ रूपये आवंटित किये गये थे, उसे ही आगे बढ़ाया गया है।

## शिक्षा

- शिक्षा क्षेत्र के लिये 94,853 करोड़ दिये गये हैं, जो वित्त वर्ष 2018-19 के संशोधित अनुमान से 13% अधिक है।

## कृषि

- कृषि बजट में पिछले वर्ष की तुलना में 64,916 करोड़ रूपये की वृद्धि की गयी है। इस वर्ष इस क्षेत्र के लिये 1,51,518 करोड़ रूपये दिये गये हैं।

## स्वास्थ्य

- स्वास्थ्य क्षेत्र को 62,659 करोड़ मिलेंगे। यह पिछले वर्ष के आवंटन से 19% अधिक है।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved
S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

## रेलवे

- 2030 तक 50 हजार करोड़ का निवेश किया जायेगा। निजी भागीदारी से योजनाओं को पूरा करने पर बल दिया जायेगा।

## गृह मंत्रालय

- बजट में इस मंत्रालय को 1,19,025 करोड़ रूपये आवंटित किये गये हैं। यह पिछले वर्ष की तुलना में 5,858 करोड़ रूपये अधिक हैं।

## उज्जवला और सौभाग्य योजना

- 2022 तक सभी को रसोई गैस और बिजली उपलब्ध कराने का लक्ष्य। इस योजना के अंतर्गत अब तक 7 करोड़ एलपीजी कनेक्शन दिये जा चुके हैं।

## प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना

- 4.83 लाख करोड़ के निवेश से 81 लाख से अधिक आवासों का निर्माण किया गया है।

## प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना

- 2022 तक सभी के लिये आवास के लक्ष्य को प्राप्त करना। पिछले पांच वर्षों में कुल 1.54 करोड़ घरों का निर्माण किया गया है।

## स्टैंड-अप इंडिया

- समाज के वंचित वर्ग के लोगों को उद्यमी बनाने के उद्देश्य से प्रारंभ किये गये अभियान 2025 तक जारी रखने की घोषणा।

## जल सुरक्षा

- नया जलशक्ति मंत्रालय समग्र रूप से जल संसाधनों एवं जलापूर्ति की निगरानी करेगा। 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण परिवारों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत 'हर घर जल' के लक्ष्य को पूरा किया जायेगा।
- स्थानीय स्तर पर जल की मांग एवं आपूर्ति पर आधारित प्रबंधन पर बल दिया जायेगा।
- 256 जिलों के 1592 खंडों की पहचान जलशक्ति अभियान के लिये की गयी है।

## ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान

- ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अंतर समाप्त करने के लिये सभी पंचायतों एवं स्थानीय निकायों को इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगा।
- सार्वजनिक-निजी क्षेत्र भागेदारी के अंतर्गत, वैश्विक दायित्व निधि का उपयोग नेट की गति को तीव्र करने के लिये किया जायेगा।

## स्वच्छ भारत अभियान

- 2 अक्टूबर, 2014 से अब तक 9.6 करोड़ शौचालयों का निर्माण किया जा चुका है। 5.6

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved
S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

लाख से अधिक गांवों को खुले में शौच से मुक्त कराया गया है। 95 प्रतिशत से अधिक शहरों को भी खुले में शौच से मुक्त कराया गया है।

- 1700 शहरों के 45 हजार से अधिक सरकारी और सामुदायिक शौचालय गूगल मैप पर अपलोड हुये हैं।

# अन्य आर्थिक समाचार

## केंद्रीय कैबिनेट ने 15वें वित्त आयोग का कार्यकाल बढ़ाया

- केंद्रीय कैबिनेट ने 15वें वित्त आयोग के कार्यकाल को 30 नवंबर, 2019 तक बढ़ा दिया है। इससे पहले इसकी अवधि 30 अक्टूबर, 2019 तक थी।
- इस विस्तार का कारण 2020-2025 की अवधि के लिये प्रतिरक्षा एवं आंतरिक सुरक्षा के लिये धन की आवश्यकता संबंधी अनुसंशायें देना है।
- विदित है कि 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एन.के. सिंह हैं।

## सार्वजनिक बीमा कंपनियों के विलय की घोषणा

- जुलाई, 2019 में केंद्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों के विलय की घोषणा की। इसके अंतर्गत नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, यूनाइटेड इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड तथा ओरिएंटल इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड का विलय करके एक कंपनी बना दी जायेगी।
- इस विलय के बाद अस्तित्व में आने वाली बीमा कंपनी, सबसे बड़ी भारतीय गैर-जीवन बीमा कंपनी होगी, जिसकी कुल लागत 1.2-1.5 लाख करोड़ होगी।
- नयी बीमा कंपनी के पास कुल बाजार शेयर का 35% हिस्सा होगा।
- इन कंपनियों के विलय के लिये अनर्स्ट एंड यंग को सलाहकार नियुक्त किया गया है।

## बीसीसी एवं ब्रिक्स के बीच सहयोग पर सहमति-पत्र

- जुलाई, 2019 में भारत चेंबर ऑफ कामर्स (बीबीसी) एवं ब्रिक्स चैंबर ऑफ कामर्स के बीच एक सहमति-पत्र पर हस्ताक्षर किये गये, जिसके अंतर्गत दोनों आपसी व्यापार एवं निवेश को बढ़ाने की दिशा में मिलकर कार्य करेंगे।
- ये दोनों व्यापार को तीव्र करने तथा पश्चिम बंगाल एवं ब्रिक्स देशों के बीच औद्योगिक एवं तकनीकी सहयोग बढ़ाने की दिशा में भी कार्य करेंगे।
- भारत चेंबर ऑफ कामर्स एवं ब्रिक्स चैंबर ऑफ कामर्स आपस में व्यापार संबंधी सूचनाओं का आदान-प्रदान करेंगे तथा व्यापार प्रतिनिधिमंडल का भी आदान-प्रदान करेंगे।
- विदित है कि ब्रिक्स (BRICS) विश्व के पांच प्रमुख देशों का संगठन है, जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन एवं दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## चंद्रयान-2 का सफल प्रक्षेपण

- 22 जुलाई, 2019 को भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक नया इतिहास बन गया, जब भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा विकसित 'चंद्रयान-2' का आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा से सफल प्रक्षेपण किया गया।
- यह चंद्रमा के विभिन्न रहस्यों का पता लगाने के लिये भारत द्वारा भेजा गया अब तक का सबसे महत्वपूर्ण उपग्रह है। इससे पहले एक सप्ताह पूर्व इसका प्रक्षेपण तकनीकी कारणों की वजह से स्थगित कर दिया गया था।
- कुल 3.850 किग्रा. भार वाले इस उपग्रह एक तीन कंपोनेंट वाला यान है, जिसमें एक आर्बिटर, एक लैंडर एवं एक रोवर शामिल हैं। ये सभी मिलकर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव में विभिन्न रहस्यों का पता लगायेंगे। इससे पूर्व इसरो ने 29 अगस्त, 2009 को चंद्रयान-1 का प्रक्षेपण किया था लेकिन कुछ समय के बाद यह निष्क्रिय हो गया था।
- चंद्रयान-2 के सफल प्रक्षेपण के बाद अमेरिका, रूस एवं चीन के बाद भारत, विश्व का ऐसा चौथा देश बन गया है, जिसने चंद्रमा पर अपना कोई उपग्रह भेजा है।
- चंद्रयान-2 के प्रक्षेपण की सबसे महत्वपूर्ण बाद यह रही है कि इसरो ने इसे नासा द्वारा भेजे गये यान से 20 गुनी कम कीमत पर चंद्रमा में भेजा है।

## रूस द्वारा स्पेक्टीआर-आरजी स्पेश टेलिस्कोप का प्रक्षेपण

- रूस की अंतरिक्ष एजेंसी 'रोस्कोमॉस' ने जर्मनी की अंतरिक्ष एजेंसी 'डीएलआर' के साथ मिलकर प्रोटोन-एम रॉकेट की सहायता से स्पेक्टीआर-आरजी (Spectrum Roentgen Gamma) नामक टेलिस्कोप या दूरदर्शी का सफल प्रक्षेपण किया है। यह प्रक्षेपण कजाकिस्तान स्थित बैकानूर प्रक्षेपण स्थल से किया गया।
- इस दूरदर्शी के प्रक्षेपण के बाद ब्रम्हांड के रहस्यों का पता लगाने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। उम्मीद है कि अपने लंबे जीवनकाल के दौरान यह दूरदर्शी अंतरिक्ष में विद्यमान ब्लैक होलों का भी पता लगायेगी।
- स्पेक्टीआर-आरजी ब्लैक होल में विद्यमान एक्स-किरणों के बारे में भी जानकारी प्रदान करेगी, जो आकाशगंगाओं के केंद्र में पाये जाते हैं।

# नवीनतम सामान्य ज्ञान

## नियुक्त/चयनित/निर्वाचित

- **अरूण कुमार :** जुलाई, 2019 में नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव अरूण कुमार को नागरिक उड्डयन निदेशालय (DGCA) का महानिदेशक नियुक्त

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved
S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

किया गया है। वे 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

- **एन.एस विश्वनाथन :** एन.एस. विश्वनाथन को पुन: भारतीय रिजर्व बैंक का डिप्टी-गवर्नर बनाया गया है। उनका कार्यकाल 1 वर्ष का होगा।
- **नये राज्यपाल :** जुलाई, 2019 में केंद्र सरकार ने राज्यों में नये राज्यपालों की नियुक्ति की। इसके अंतर्गत एन. रवि को नागालैंड, जगदीप धनखड़ को पश्चिम बंगाल, आनंदीबेन पटेल को उत्तरप्रदेश (मध्यप्रदेश से स्थानांतरित करके), लालजी टंडन को मध्यप्रदेश (बिहार से स्थानांतरित करके), फगु चौहान को बिहार तथा रमेश बैस को त्रिपुरा का राज्यपाल बनाया गया है।

## त्यागपत्र

- **क्रिस्टीना लेगार्ड :** जुलाई, 2019 में अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष की प्रमुख क्रिस्टीना लेगार्ड ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया। इसका कारण उन्हें हाल ही में यूरोपीय सेंट्रल बैंक का अध्यक्ष नियुक्त किया जाना है। क्रिस्टीना वर्ष 2011 से अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष से जुड़ी हुयी थीं।

## निधन

- **शीला दीक्षित :** 20 जुलाई, 2019 को दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित का निधन हो गया। वे 81 वर्ष की थीं। वे 15 वर्षों तक दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं। किसी भारतीय राज्य में सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाली वे पहली महिला हैं। वे कुछ समय तक केरल की राज्यपाल भी रही थीं।

## चर्चित व्यक्ति

- **पी.टी. ऊषा :** जुलाई, 2019 में भारत की पूर्व एथलीट पी.टी. ऊषा को अंतर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स फेडरेशन (IAAF) का सदस्य नियुक्त किया गया है। विदित है कि उन्होंने एशियाई खेलों में पांच स्वर्ण एवं एक कांस्य पदक जीता था। उन्हें अक्सर 'उड़नपरी' के नाम से भी जाना जाता है।
- **इशा कांत :** जुलाई, 2019 में भारत की 20 वर्षीय इशा कांत का चयन अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में दो माह ही इंटर्नशिप के लिये किया गया है। वर्तमान में वे इंग्लैंड में लॉ की डिग्री की पढ़ाई कर रही हैं। विदित है कि अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय प्रतिवर्ष पूरे विश्व से केवल दो छात्रों का चयन इस इंटर्नशिप के लिये करता है।

## पुरस्कार और सम्मान

- **संगीत नाटक फैलोशिप अकादमी पुरस्कार :** जुलाई, 2019 में संगीत नाटक फैलोशिप अकादमी पुरस्कारों की घोषणा की गयी। इसमें संगीत, नृत्य, थियेटर, सामूहिक नृत्य, जनजातीय संगीत, कठपुतली कला इत्यादि क्षेत्रों के कुल 44 कलाकारों का चयन किया गया। प्रसिद्ध तबला वादक जाकिर हुसैन एवं नृत्यांगना सोनल मानसिंह इनमें प्रमुख हैं।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

ये पुरस्कार एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा प्रदान किये जायेंगे।

- **उस्ताद बिस्मिल्ला खां युवा पुरस्कार :** जुलाई, 2019 में संगीत नाटक अकादमी द्वारा वर्ष 2018 के उस्ताद बिस्मिल्ला खां युवा पुरस्कारों की घोषणा की गयी। इस पुरस्कार के लिये 32 कलाकारों का चयन किया गया है। पुरस्कार के अंतर्गत 25 हजार रूपये नकद दिये जाते हैं।

# खेल परिदृश्य

## खेल आयोजन

- 30 मई से 14 जुलाई, 2019 तक 12वें **क्रिकेट विश्व कप** का आयोजन इंग्लैंड एवं वेल्स ने संयुक्त रूप से किया। इस प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने भाग लिया।
- इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच 14 जुलाई को लार्ड्स में आयोजित किया। फाइनल में इंग्लैंड एवं न्यूजीलैंड का मैच अप्रत्याशित रूप से टाई हो गया लेकिन कुल बाउंड्री काउंट के आधार पर इंग्लैंड को विजेता घोषित किया गया।
- भारत इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल तक ही पहुंच सका तथा ओल्ड ट्रैफोर्ड में आयोजित सेमीफाइनल में उसे न्यूजीलैंड ने पराजित कर दिया।
- इंग्लैंड द्वारा पांचवी बार विश्व कप क्रिकेट का आयोजन किया गया था।
- इस प्रतियोगिता में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज केन विलियमसन को 'मैन ऑफ द सिरीज' चुना गया। वैसे प्रतियोगिता में सबसे अधिक रन भारत के रोहित शर्मा (648 रन) ने बनाये तथा सबसे अधिक विकेट ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज मिशेल स्टार्क (27 विकेट) ने लिये।

## खेल प्रतियोगितायें

- **ओपन एशियाई पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप :** जुलाई, 2019 में रूस में आयोजित इस प्रतियोगिता में भारत की भावना भावे टोकेकर चार स्वर्ण पदक जीते। टोकेकर एक गृहणी हैं तथा पिछले 6 वर्षों से ही उन्होंने पावरलिफ्टिंग का कार्य किया है।
- **विश्व यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स चैंपियनशिप :** जुलाई, 2019 में नेपोली में दुतीचंद ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने 100 मीटर की दौड़ 11.32 सेकेंड में परी करके यह इतिहास बनाया। इससे पहले दुतीचंद 2018 के एशियाई खेलों में 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ का रजत पदक जीत चुकी हैं।
- **वर्ल्ड टूर प्लैटिनम ऑस्ट्रेलियन ओपन :** भारत के जी. साथियान एवं एंटोनी अमलराज की टेबल-टेनिस जोड़ी ने इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। वर्ल्ड टूर प्लैटिनम ऑस्ट्रेलियन ओपन में भारत ने पहली बार पदक जीता है।
- **क्लाडनो मेमोरियल एथलेटिक्स मीट :** जुलाई, 2019 में चेक गणराज्य में आयोजित

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

इस प्रतियोगिता में भारत की हिमादास ने महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 23.43 सेकेंटका समय लिया। यह उनका तीसरा अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक है।

- **वर्ल्ड वेल्थ योगा फेस्टिवल एवं चैंपियनशिप :** इस प्रतियोगिता में भारत के पैरा-एथलीट तोरान यादव ने तीन पदक जीते। 19 वर्षीय यादव ने 9 वर्ष की आयु से ही योग का अभ्यास प्रारंभ कर दिया था।
- **विंबल्डन ओपन,** 2019 **:** जुलाई, 2019 में विंबल्डन टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन इंग्लैंड के समीप विंबल्डन में किया गया। इस प्रतियोगिता के विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं :

| श्रेणी | विजेता | उपविजेता |
|---|---|---|
| पुरूष एकल | नोवाक जेकोविक (सर्बिया) | रोजर फेडरर (स्विटजरलैंड) |
| महिला एकल | सिमोना हैलेप (रोमानिया) | सेरेना विलियम्स (अमेरिका) |
| पुरूष युगल | जॉन सेबेस्टियन कैबाल (कोलंबिया)<br>राबर्ट फराह (कोलंबिया) | निकोलस माहुट (फ्रांस)<br>ई.आर. वैसेलिन (फ्रांस) |
| महिला युगल | शीह सु वेई (चीनी ताइपेई)<br>बारबोरा स्ट्राईकोवा (चेक गणराज्य) | गैब्रिएला डाब्रोवस्की (कनाडा)<br>जू यि फान (चीन) |
| मिश्रित युगल | इवान डोडिग (क्रोएशिया)<br>लैटिसा चान (चीनी ताइपे) | राबर्ट लिंडस्टेड(स्वीडन)<br>जेलेना ओस्टापेंको (लातविया) |

# अगस्त, 2019

## राष्ट्रीय घटनायें

### जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन विधेयक, 2019 पारित

- अगस्त, 2019 में संसद ने जम्मू-कश्मीर पुनगर्ठन विधेयक, 2019 पारित कर दिया। 9 अगस्त, 2019 को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा इस पर हस्ताक्षर करने के साथ ही यह अधिनियम बन गया। इस अधिनियम के अनुसार, जम्मू-कश्मीर राज्य से अनुच्छेद 370 एवं 35-ए को समाप्त कर दिया गया है तथा उसका दो केंद्रशासित प्रदेशों-जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख में विभाजन कर दिया गया है। अब जम्मू-कश्मीर राज्य न रहकर केंद्रशासित प्रदेश बन गया है। इसके साथ लद्दाख को उससे पृथक करके उसे भी केंद्रशासित प्रदेश बना दिया गया है। इस प्रकार, अब देश में कुल 28 राज्य एवं 9 केंद्रशासित प्रदेश हो गये हैं। इस अधिनियम में निम्न प्रावधान किये गये हैं।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

- जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख नामक दो नये केंद्रशासित प्रदेश होंगे। लद्दाख में लेह एवं कारगिल शामिल होंगे, जम्मू-कश्मीर का शेष हिस्सा जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश के अंतर्गत आयेगा।
- जम्मू-कश्मीर में विधानसभा होगी, लेकिन विधान परिषद समाप्त कर दी जायेगी। लद्दाख में विधानसभा नहीं होगी। जम्मू-कश्मीर विधानसभा की कुल सदस्य संख्या 107 होगी।
- जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख दोनों का प्रळाासन राष्ट्रपति, प्रशासक के माध्यम से संचा. लित करेंगे, जिसे लेफ्टिनेंट गवर्नर के नाम से जाना जायेगा।
- जम्मू-कश्मीर विधानसभा का कार्यकाल पांच वर्ष होगा।
- जम्मू-कश्मीर में शासन के संचालन हेतु एक मंत्रिपरिषद् होगी, जो राज्य के प्रशासनिक कार्यों के संचालन में लेफ्टिनेंट गवर्नर को सहायता करेगी।
- जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख दोनों का एक ही उच्च न्यायालय होगा।

## जल जीवन मिशन योजना

- अगस्त, 2019 में लाल किले की प्राचीर से 73वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर देशवासियों को संबोधित करते हुये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सभी घरों में पाइप से जल पहुंचाने के लिये 'जल जीवन मिशन योजना' प्रारंभ करने की घोषणा की।
- इस योजना पर 3.5 लाख करोड़ की लागत आयेगी। इसके अंतर्गत जल संरक्षण पर अत्यधिक बल देकर देश के सभी घरों में जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी।

## भारतीय नौसेना एवं मौसम विभाग के बीच समझौता

- अगस्त, 2019 में भारतीय नौसेना एवं मौसम विभाग ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं, जिसके अंतर्गत मौसम संबंधी गतिविधियों के लिये चक्रवात अन्वेषण रडार भवन का उपयोग किया जायेगा। इसके साथ ही नौसेना स्थायी रूप से भी इस भवन का उपयोग करेगी।
- भारतीय नौसेना मौसम विश्लेषण केंद्र इस भवन का उपयोग करके भारतीय नौसेना के पोतों को मौमस संबंधी जानकारियां एवं सूचनायें उपलब्ध करायेगा।

## कैबिनेट द्वारा 75 नये मेडिकल कॉलेजों की स्थापना को मंजूरी

- अगस्त, 2019 कैबिनेट ने देश में 75 नये मेडिकल कॉलेजों की स्थापना को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। ऐसा होने से देश को एमबीबीएस की 15,700 नयी सीटें मिलेंगी। ये सभी मेडिकल कॉलेज वर्तमान में संचालित केंद्र प्रायोजित योजना के तीसरे चरण के अंतर्गत विद्यमान हास्पिटलों से संबंधित होंगे।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved
S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

## राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी

- अगस्त, 2019 सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी पर राष्ट्रीय मिशन ने राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी प्रारंभ की है। यह लाइब्रेरी मानव संसाधन विकास मंत्रालय की एक शाखा के रूप में संचालित होगी। इस लाइब्रेरी में 3 करोड़ से अधिक पुस्तकें उपलब्ध होंगी। इस लाइब्रेरी को उमंग एप (UMANG App) के साथ जोड़ा जायेगा तथा यह www.ndl.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

# अंतर्राष्ट्रीय घटनायें

## रूस ने लांच की विश्व का प्रथम तैरता हुआ नाभिकीय संयंत्र

- पर्यावरणविदों एवं वैज्ञानिकों की चेतावनी के बाद भी रूस ने आकर्टिक क्षेत्र में विश्व का पहला तैरता हुआ परमाणु संयंत्र स्थापित किया है। इसका नाम अकाडेमिक लोमोनोसोव (Akademik Lomonosov) रखा गया है, जो कि नाभिकीय ईंधन से परिपूर्ण है तथा इसकी पांच हजार किलोमीटर की यात्रा आकर्टिक क्षेत्र के मर्मान्स्क बंदरगाह से प्रारंभ होगी तथा यह उत्तर-पूर्वी सर्बिया तक जायेगा। इसका विकास नाभिकीय एजेंसी 'रोसाटोम' ने किया है।

# आर्थिक घटनायें

## प्रत्यक्ष डिजिटल मीडिया में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को मंजूरी

- अगस्त, 2019 में कैबिनेट ने प्रत्यक्ष डिजिटल मीडिया में 26% विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को मंजूरी प्रदान कर दी। ऐसा होने से देश के डिजिटल जगत में अपने स्वयं के निवेश का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

## आरबीआई ने सरकार के लिये 1.76 लाख करोड़ रूपये जारी किये

- बिमल जालान समिति की सिफारिशों के अंतर्गत भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत सरकार के लिये 1,76,051 करोड़ रूपये जारी किये हैं। केंद्र सरकार इस धनराशि का उपयोग सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिस्ठानों एवं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में कर सकेगी।

- विदित है कि बिमल जालान समिति ने इसके अलावा भारतीय रिजर्व बैंक के आर्थिक पूंजी ढांचे की भी समीक्षा की थी।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved
S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## अर्द्ध-जलीय कीटों की नयी प्रजातियों की खोज

- भारतीय जंतु सर्वेक्षण (The Zoological Survey of India) ने अर्द्ध-जलीय कीटों की ऐसी 7 नयी प्रजातियों की खोज की है, जो जल की सतह पर रेंगने एवं दौड़ने में सक्षम हैं। ये सभी प्रजातियां कीटों के मीसोवेलिया जीनस (genus Mesovelia) से संबंधित हैं।
- कीटों की इन प्रजातियों के पैरों में हाइड्रोफोबिक ब्रिस्टल लगे हुये हैं तथा इनका आकार 1.5 एमएम से 4.5एमएम तक है। इनमें गहरे हरे एवं सिल्वर-सफेद पंख है। तथा इनकी शिराओं का रंग काला है।

# नवीनतम सामान्य ज्ञान

## नियुक्त/चयनित/निर्वाचित

- **राजीव गाबा:** 1982 बैच के झारखंड काडर के आईएएस अधिकारी राजीव गाबा को देश का नया मंत्रिमंडलीय या कैबिनेट सचिव नियुक्त किया गया है। इसे देश का सबसे शक्तिशाली नौकरशाह पद माना जाता है। इस पद पर उन्होंने प्रदीप कुमार सिन्हा का स्थान लिया।
- **गिरराज प्रसाद गुप्ता:** 1983 बैच के सिविल अकांउट सेवा के अधिकारी गिरराज प्रसाद गुप्ता को देश का नया लेखा महापरीक्षक (the Controller General of Accounts) नियुक्त किया गया है। इन्हें केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, ग्रामीण विकास मंत्रालय तथा वित्त मंत्रालय में कार्य करने का लंबा अनुभव है।
- **अजय कुमार :** 1985 बैच के आईएएस अधिकारी अजय कुमार को देश का नया रक्षा सचिव नियुक्त किया गया है। इस पद पर उन्होंने संजय मित्रा का स्थान लिया।
- **ब्रिजकुमार अग्रवाल :** 1985 बैच के आईएए अधिकारी ब्रिजकुमार अग्रवाल को देश का नया लोकपाल सचिव नियुक्त किया गया है।

## निधन

- **सुषमा स्वराज :** भारत की पूर्व विदेश मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता सुषमा स्वराज का 6 अगस्त, 2019 को नयी दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में निधन हो गया। इंदिरा गांधी के उपरांत विदेश मंत्री बनने वाली वे देश की दूसरी महिला थीं।
- **अरूण जेटली :** भारत के पूर्व वित्त मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अरूण जेटली का 24 अगस्त, 2019 को नयी दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में निधन हो गया। अरूण जेटली का पूरा नाम अरूण महाराज किशन जेटली था।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved
S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

## चर्चित व्यक्ति

- **चंद्रिमा सिन्हा:** 66 वर्षीय चंद्रिमा सिन्हा को भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष (first-ever woman president) बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। वे कई वर्षों तक नासा से जुड़ी रही थीं तथा राष्ट्रीय इम्यूनोलॉजी संस्थान की डायरेक्टर भी रह चुकी हैं।
- **शालीजा धामी:** भारतीय वायुसेना की विंग कमांडर शालिजा धामी को देश का पहली महिला फ्लाइट कमांडर नियुक्त किया गया है। उन्हें हिंडन एयरबेस में चेतक हेलिकॉप्टर यूनिट सौंपी गयी है। वे इस यूनिट की दूसरी फ्लाइट कमांडर हैं।

## चर्चित स्थान

- **गुजरात:** अगस्त, 2019 में गुजरात में देश के पहले केंद्रीय रासायनिक इंजनीरिंग एवं तकनीकी संस्थान की स्थापना की घोषणा की गयी है। इसका उद्देश्य देश के रासायनिक उद्योग को प्रोत्साहन प्रदान करना है। 54 करोड़ रूपये की लागत से स्थापित इस संस्थान को या तो अहमदाबाद या सूरत में स्थापित किया जायेगा। इसके अलावा अहमदाबाद में एक प्लास्टिक कचरा प्रबंधन केंद्र (Plastic Waste Management Centre) की स्थापना भी की जायेगी, जिससे कि प्लास्टिकयुक्त कचरे का सही तरीके से प्रबंधन किया जा सके।
- **बैंकाक:** अगस्त, 2019 में 'भारत-प्रशांत रक्षा प्रमुखों' के वार्षिक सम्मेलन का आयोजन थाइलैंड की राजधानी बैंकाक में किया गया। इसका मुख्य विषय 'खुले एवं स्वतंत्र भारत-प्रशांत में सहयोग' था। इस सम्मेलन में 33 देशों के रक्षा प्रमुखों ने भाग लिया। इस सम्मेलन का उद्देश्य इन सभी देशों द्वारा सामना की जा रही समान प्रकार की रक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिये आवश्यक विचार-विमर्श करना था।

## पुस्तकें

- **डायरी ऑफ मनु गांधी :** अगस्त, 2019 में मनु गांधी पर इस पुस्तक का प्रकाशन राष्ट्रीय अभिलेखागार एवं ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस द्वारा मिलकर किया गया है। इस पुस्तक का लोकार्पण संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने नयी दिल्ली में किया।

## पुरस्कार एवं सम्मान

- **भारत रत्न:** अगस्त, 2019 में देश की तीन हस्तियों को भारत के सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया है। इनके नाम हैं-पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी, संगीतकार भूपेन हजारिका (मरणोपरांत) एवं भारतीय जनसंघ के नेता नाना जी देशमुख। विदित है कि यह सम्मान चार वर्षों के अंतराल के बाद प्रदान किया गया है।
- **रमन मैग्सेसे अवार्ड:** अगस्त, 2019 में एनडीटीवी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी संपादक रवीश कुमार को रमन मैग्सेसे अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इसे एशिया

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved
S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

का सबसे बड़ा पुरस्कार माना जाता है तथा इसे फिलीपींस की सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है।

- **आर्डर ऑफ रेनेशांः** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बहरीन का सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर ऑफ रेनेशां' प्रदान किया गया है। उन्हें यह सम्मान बहरीन के राजा हमद बिन इसा बिन सलमान अल खलीफा ने राजधानी मनामा में द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़ करने के लिये दिया।
- **राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कारः** 29 अगस्त, 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर दो खिलाड़ियों बजरंग पूनिया (कुश्ती) एवं दीपा मलिक (पैरा एथलेटिक्स) को राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- **अर्जुन पुरस्कारः** 29 अगस्त, 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 19 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इनके नाम इस प्रकार हैं : तजिंदर पाल सिंह तूर (एथलेटिक्स), मो. अनस यहिया (एथलेटिक्स), एस. भाष्करन (बॉडी बिल्डिंग), सोनिया लाथर (मुक्केबाजी), रवींद्र जडेजा (क्रिकेट), पूनम यादव (क्रिकेट), चिंगलेनसाना सिंह कंगुजम (हाकी), अजय ठाकुर (कब्बडी), गौरव सिंह गिल (मोटर स्पोर्टस), प्रमोद भगत (पैरा स्पोर्टस बैडमिंटन), अंजुम मुग्दिल (निशानेबाजी), हरमीत राजुल देसाई (टेबल टेनिस), पूजा ढांडा (कुश्ती), फवाद मिर्जा (घुड़सवारी), गुरप्रीत सिंह संधु (फुटबाल), स्वप्ना बर्मन (एथलेटिक्स), सुंदर सिंह गुर्जर (पैरा एथलेटिक्स), बी.साई प्रणीत (बैडमिंटन) एवं सिमरन सिंह शेरगिल (पोलो)।
- **द्रोणाचार्य पुरस्कार :** विमल कुमार (बैडमिंटन), संदीप गुप्ता (टेबल टेनिस) एवं मोहिंदर सिंह ढिल्लो (एथलेटिक्स)।
- **ध्यानचंद पुरस्कारः** मैनुअल फ्रेडरिक (हॉकी), अरूप बसाक (टेबल टेनिस), मनोज कुमार (कुश्ती), नितिन कीर्तने (टेनिस) एवं सी. लालरेमसांगा (तीरंदाजी)।
- **राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कारः** गगन नारंग स्पोर्टस प्रमोशन फाउंडेशन एवं गो स्पोर्ट्स और रायलसीमा विकास ट्रस्ट।
- **मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्राफीः** पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़।
- **तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहस पुरस्कारः** अर्पणा कुमार (भू-साहस), स्वर्गीय दीपांकर घोष (भू-साहस), मणिकंदन के. (भू-साहस), प्रभात राजू कोली (जल साहस), रामेश्वर जांगड़ा (वायु साहस) एवं वांगचुक शेरपा (जीवन पर्यन्त उपलब्धि)।

## खेल जगत

- **विश्व जूनियर ट्रैक साइकलिंग चैंपियनशिप :** अगस्त, 2019 में जर्मनी के फ्रैंकफर्ट में आयोजित इस प्रतियोगिता में भारत की पुरूषों की टीम ने स्वर्ण पदक जीता है। चार

सदस्यीय दल द्वारा जीता गया यह पहला स्वर्ण पदक है। इस दल में देश के चार युवा साइकिल चालक एसो एल्बेन, रोनाल्डो सिंह, जेम्स सिंह एवं रोहित सिंह शामिल थे। इस स्पर्धा में भारतीय दल ने ऑस्ट्रेलिया को 44.681 सेकेंड के अंतर से हराया।

- **विश्व युवा तीरंदाजी चैंपियनशिप :** अगस्त, 2019 में भारत की युवा तीरंदाज कोमालिका बारी ने विश्व युवा तीरंदाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। यह उपलब्धि प्राप्त करने वाली वे देश की तीसरी तीरंदाज हैं। उन्होंने यह पदक 17 वर्ष की आयु में जीतकर 18 वर्ष की कैटेगरी में भारत की दूसरी विश्व चैंपियन तीरंदाज बनने का गौरव भी पाया।
- **बीडब्ल्यूएफ पैरा-बैडमिंटन चैंपियनशिप :** इस प्रतियोगिता में भारत की मानसी जोशी ने स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने फाइनल में पारूल परमार को हराया। इस प्रतियोगिता में भारत के कुल एथलीटों ने पदक जीते।
- **फिरोजशाह कोटला स्टेडियम का नाम अरूण जेटली स्टेडियम :** अगस्त, 2019 माह में केंद्र सरकार द्वारा लिये गये एक निर्णय के अनुसार, नयी दिल्ली स्थित फिरोजशाह कोटला स्टेडियम का नाम बदलकर भारत के पूर्व वित्तमंत्री के नाम पर 'अरूण जेटली स्टेडियम' कर दिया गया है। विदित है कि इस स्टेडियम में ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों का आयोजन किया जाता है।

# सितंबर-2019

## राष्ट्रीय घटनायें

### सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि

- सितंबर, 2019 में केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि कर दी है। अब यहां भारत के मुख्य न्यायाधीश सहित न्यायाधीशों की संख्या 31 से बढ़ाकर 34 कर दी गयी है।
- सर्वोच्च न्यायालय में चार न्यायाधीशों की नियुक्तियों को लेकर कानून एवं न्याय मंत्रालय की ओर से चार अलग-अलग अधिसूचनायें भी जारी की गयीं। जस्टिस कृष्ण मुरारी (मुख्य न्यायाधीश, पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय), न्यायमूर्ति एस.आर. भट्ट (मुख्य न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय), न्यायमूर्ति वी. रामासुब्रमण्यम (मुख्य न्यायाधीश, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय) और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय (मुख्य न्यायाधीश, केरल उच्च न्यायालय) हैं।
- इन सभी को भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

## देश की सबसे लंबी विद्युतीकृत सुरंग प्रारंभ

- उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने चेरलोपल्ली और रापुरू के बीच देश की सबसे लंबी विद्युतीकृत रेल सुरंग को समर्पित किया। उन्होंने वेंकटचलम और ओपुलावरीपल्ली के बीच विद्युतीकृत रेलवे लाइन को भी समर्पित किया।
- रेल सुरंग की लंबाई 6.6 किलोमीटर है। उपराष्ट्रपति ने गुडरू और विजयवाड़ा के बीच एक नई इंटर सिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री नायडू ने बुनियादी ढांचे को मजबूत और आधुनिक बनाने के लिए निवेश बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## 14वां विश्व मरूस्थलीकरण सम्मेलन संपन्न

- सितंबर, 2019 में भारत के ग्रेटर नोएडा में मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन में पार्टियों (सीओपी 14) का 14वां सम्मेलन संपन्न हुआ। नोट: सम्मेलन में भूमि के मरुस्थलीकरण और क्षरण पर ध्यान केंद्रित किया गया।
- इस सम्मेलन ने देशों के लिए भूमि को बहाल करने और मानव स्वास्थ्य की रक्षा के लिए एक ढांचा प्रदान किया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य मरुस्थलीकरण का मुकाबला करना और गंभीर सूखे या मरुस्थलीकरण का सामना करने वाले देशों में सूखे के प्रभावों को कम करना था।

## 'प्रधानमंत्री किसान मां धन योजना'

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के रांची में 'प्रधानमंत्री किसान मां धन योजना' की शुरुआत की है। यह योजना 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने वालों को 3000 रुपये प्रतिमाह न्यूनतम पेंशन प्रदान करके 5 करोड़ लघु और सीमांत किसानों के जीवन को सुरक्षित करेगी।
- प्रधानमंत्री ने व्यापारियों और स्वरोजगार के लिए राष्ट्रीय पेंशन योजना का भी शुभारंभ किया। इस योजना का उद्देश्य छोटे व्यापारियों और 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद नियोजित स्वरोजगार के लिए 3000 रुपये की न्यूनतम सुनिश्चित पेंशन प्रदान करना है। लगभग 3 करोड़ छोटे व्यापारियों को इस योजना का लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री ने झारखंड के नए विधानसभा भवन का भी उद्घाटन किया।

# अंतर्राष्ट्रीय घटनायें

## मंगोलिया के राष्ट्रपति की भारत यात्रा

- सितंबर, 2019 में मंगोलिया के राष्ट्रपति खलीतमाजिन बटुल्गा पांच दिन की राजकीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे। श्री बटुल्गा के साथ एक उच्च स्तरीय अधिकारी और व्यापार प्रतिनिधिमंडल भी था।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved
S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

- उनकी इस यात्रा के अवसर पर उन्होंने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। श्री बटुल्गा ने नई दिल्ली में भारत-मंगोलिया व्यापार मंच में भी भाग लिया। अपने प्रवास के दौरान मंगोलियाई राष्ट्रपति आगरा, बोधगया और बेंगलुरु भी गये।

## नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा

- सितंबर, 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 दिन की अमेरिका यात्रा संपन्न की। अपनी यात्रा के दौरान श्री मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया। उन्होंने ह्यूस्टन, टेक्सास के एनआरजी स्टेडियम में रात साढ़े आठ बजे (इंडिया स्टैंडर्ड टाइम) और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में लगभग 50 हजार लोगों के शामिल हुये।

# आर्थिक घटनायें

### केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा आईडीबीआई बैंक में 4,557 करोड़ रुपये की पूंजी निवेश को मंजूरी

- सितंबर, 2019 में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा आईडीबीआई बैंक में 4,557 करोड़ रुपये की पूंजी निवेश को मंजूरी प्रदान कर दी गयी है। पूंजी निवेश प्रक्रिया को पुनर्पूंजीकरण बांड के माध्यम से पूरा किया जाएगा।
- केंद्र सरकार पूंजी का बैंक में संचार करेगी और बैंक उसी दिन सरकार से पुनर्पूंजीकरण बांड खरीदेगा। पूंजी से आईडीबीआई को भारतीय रिजर्व बैंक के त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई ढांचे से बाहर आने में भी सहायता मिलने की उम्मीद है।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम एवं स्टेट बैंक के बीच समझौता

- ईएसआईसी के लाभार्थियों के लिए इलेक्ट्रॉनिक भुगतान सेवाएं प्रदान करने के लिए कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।
- इस समझौते के अनुसार, एसबीआई एकीकृत और स्वचालित प्रक्रिया के रूप में बिना किसी मैन्युअल हस्तक्षेप के सभी ईएसआईसी लाभार्थियों और भुगतानियों के बैंक खातों को सीधे ई-भुगतान सेवाएं प्रदान करेगा।
- ई-भुगतान एकीकरण, ईएसआईसी लाभार्थियों के साथ-साथ वास्तविक समय के आधार पर अन्य भुगतानियों को सांविधिक लाभ भुगतान को प्रभावित करेगा, समय अंतराल और देरी को कम करेगा और साथ ही, दोहराव और मैनुअल डेटा के कारण प्रविष्टियों में होने वाली त्रुटियों को समाप्त करने में सहायता करेगा।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

**5 गीगावाट (जीडब्ल्यू) के सोलर पार्क की योजना**

- भारत की सबसे बड़ी बिजली कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने गुजरात के कच्छ में 5 गीगावाट (जीडब्ल्यू) सोलर पार्क स्थापित करने की योजना बनाई है। इस परियोजना के लिए एक स्थान की पहचान की गई है, जिस की लागत 25,000 करोड़ रुपये होने और 2024 तक परिचालन प्रारंभ होने की उम्मीद है। इसकी ऊर्जा मिश्रण क्षमता लगभग 96% से 70% तक है।

# नवीनतम सामान्य ज्ञान

## नियुक्त/चयनित/निर्वाचित

- **नये राज्यपाल:** सितंबर, 2019 में राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद ने पांच राज्यों के नए राज्यपालों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी। इसके अंतर्गत उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी को महाराष्ट्र तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री आरिफ मोहम्मद खान को केरल का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार, पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता बंडारू दत्तात्रेय को कलराज मिश्र के स्थान पर हिमाचल प्रदेश का नया राज्यपाल बनाया गया है, जिन्हें राजस्थान के राज्यपाल का प्रभार दिया गया है। तमिलनाडु भाजपा के पूर्व प्रमुख डॉ तमिली सौदराजन तेलंगाना के नए राज्यपाल हैं।
- **ओलेक्सी होंचारूक:** सितंबर, 2019 में ओलेक्सी होन्चारुक को यूक्रेन का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है। यूक्रेन के प्रधानमंत्री यूक्रेन के सरकार के प्रमुख हैं, जो यूक्रेन के मंत्रियों के मंत्रिमंडल की अध्यक्षता करते हैं, जो यूक्रेनी सरकार की कार्यकारी शाखा का सर्वोच्च निकाय है।
- **सुनील अरोड़ा:** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने 2019-21 शब्द के लिए एसोसिएशन ऑफ वर्ल्ड इलेक्शन बॉडीज (एवेब) की अध्यक्षता संभाल ली है। भारत को बुखारेस्ट में आयोजित पिछली आम सभा में एवेब के उपाध्यक्ष के लिए सर्वसम्मति से नामित किया गया था। वे 2021 तक दो वर्ष के कार्यकाल के लिए इसके अध्यक्ष रहेंगे।
- **आर.के.एस. भदौरिया:** एयर मार्शल आरकेएस भदौरिया को दो वर्ष के लिए भारतीय वायु सेना का नया प्रमुख नियुक्त किया है। वर्तमान में एयर मार्शल भदौरिया वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ हैं। उन्होंने एयर चीफ मार्शल बीएस धनोआ का स्थान लिया।

## निधन

- **वैलेरी हार्पर :** सितंबर, 2019 में चार बार की एमी पुरस्कार विजेता अभिनेत्री वैलेरी हार्पर का कैंसर से निधन हो गया। वैलेरी हार्पर ने ब्रॉडवे पर एक नर्तकी के रूप में अपने कैरियर की शुरूआत की थी।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

- **सुखदेव सिंह तुलाः** सितंबर, 2019 में कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद सुखदेव सिंह तुला का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। सुखदेव सिंह तुला 1985 में 14वें (फतेहगढ़ साहिब) और 15वें (रोपड़) लोकसभा और पंजाब में विधायक थे। वह 1998-2004 से राज्यसभा के सदस्य रहे। तुला ने शिरोमणि गुरुद्वारा परबंध क कमेटी (एसजीपीसी) के सदस्य के रूप में भी कार्य किया था।
- **राबर्ट मुगाबे :** जिम्बाब्वे के पूर्व राष्ट्रपति रॉबर्ट मुगाबे का सिंगापुर में निधन हो गया। रॉबर्ट गेब्रियल मुगाबे जिम्बाब्वे के क्रांतिकारी और राजनेता थे, जिन्होंने 1980-1987 तक जिम्बाब्वे के प्रधानमंत्री और फिर 1987-2017 तक राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया था।
- **अब्दुल कादिर :** सितंबर, 2019 में पाकिस्तान के प्रसिद्ध लेग स्पिनर अब्दुल कादिर का लाहौर में हृदयगति रुकने से निधन हो गया।

## पुरस्कार और सम्मान

- **ग्लोबल गोलकीपर पुरस्कार, 2019ः** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 2019 का ग्लोबल गोलकीपर पुरस्कार प्रदान किया गया है। श्री मोदी को माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स और उनकी पत्नी मेलिंडा गेट्स के स्वामित्व वाले बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार वैश्विक लक्ष्यों के प्रति एक राजनीतिक नेता की प्रतिबद्धता का स्पष्टीकरण करता है, जो उनके देश में प्रभावशाली कार्य के माध्यम से प्रदर्शित होता है।
- **लता मंगेशकर पुरस्कार :** प्रसिद्ध संगीत निर्देशक ऊषा खन्ना को वर्ष 2019 का लता मंगेशकर पुरस्कार प्रदान किया गया है।

## खेल परिदृश्य

- **दक्षिण एशियाई अंडर-15 फुटबाल चैंपियनशिप :** पश्चिम बंगाल के कोलकाता के कल्याणी स्टेडियम में 2019 एसएएफ (साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन) अंडर-15 चौंपियनशिप के फाइनल में भारत ने नेपाल को 7-0 से हराया। इस टूर्नामेंट में इस क्षेत्र की पांच टीमें (बांग्लादेश, भूटान, भारत), नेपाल और श्रीलंका ने हिस्सा लिया।
- **दिलीप ट्राफी :** सितंबर, 2019 में इंडिया रेड ने बैंगलुरू चिन्नास्वामी स्टेडियम में दुलीप ट्रॉफी 2019-20 जीत ली। फाइनल में उसने इंडिया ग्रीन को एक पारी और 38 रन से हराया।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved
S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

# अक्टूबर-2019

## राष्ट्रीय घटनायें

### ध्रुव का शुभारंभ

- अक्टूबर, 2019 में केंद्र बंगलुरू में इसरो ने प्रधानमंत्री इनोवेशन लर्निंग प्रोग्राम 'ध्रुव' को प्रारंभ कर दिया है। इसका समापन आईआईटी, दिल्ली में होगा। इसका उद्देश्य उन छात्रों की अभिनव कल्पना, कौशल और ज्ञान को और तेज करना है, जिनसे देश में सामाजिक-आर्थिक, राजनीतिक और पर्यावरणीय मुद्दों का समाधान लाने में सहायता मिलने की आशा है।

### गंगा आमंत्रण कार्यक्रम

- अक्टूबर, 2019 में केंद्र सरकार ने 'गंगा आमंत्रण' नामक कार्यक्रम प्रारंभ किया है। यह नदी के हितग्राहियों से जुड़ने के लिए पहल है। यह गंगा नदी पर एक अग्रणी अन्वेषणात्मक अन्वेषणात्मक खुला जल राफ्टिंग और कयाकिंग अभियान है। अभियान की शुरुआत देवप्रयाग से होगी और इसका समापन गंगा सागर में होगा। यह कार्यक्रम देश में जल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये प्रारंभ किया गया है।

### केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण निर्णय

- अक्टूबर, 2019 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जम्मू-कश्मीर के विकास पैकेज के अंतर्गत 5,300 परिवारों को शामिल करने को भी मंजूरी दी, जिन्होंने प्रारंभ में राज्य से बाहर जाने का विकल्प चुना, लेकिन बाद में जम्मू-कश्मीर में वापस लौट गए और यहीं बस गए। इससे ऐसे विकास पैकेज वाले परिवार मौजूदा योजना के अंतर्गत साढ़े पांच लाख रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता पाने के पात्र बन सकेंगे।
- केंद्र सरकार ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते (डीए) में 5% की वृद्धि की है, जिसका तात्पर्य है कि महंगाई भत्ता 12% से बढ़ाकर 17% कर दिया गया है। यह वृद्धि जुलाई, 2019 से प्रभावी हो गयी। सरकारी खजाने में इससे 16,000 करोड़ रुपये का भार आयेगा।
- केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने नोएडा में अपशिष्ट प्लास्टिक से बने भारत के सबसे बड़े चरखा का उद्घाटन किया। इसके द्वारा प्रयुक्त किए गए प्लास्टिक कचरे से बने इस चरखा (कताई पहिया) का उद्घाटन महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती की पूर्व संध्या पर किया गया।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से दिल्ली-कटरा वंदे भरत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ट्रेन का पहला परिचालन 5 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

- फिलिस्तीन ने महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में महात्मा गांधी पर एक स्मारक डाक टिकट जारी किया है, जो उनकी विरासत और मूल्यों का सम्मान करता है ।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को धन जारी करने के लिए पूर्व शर्त के रूप में आधार वरीयता प्राप्त आंकड़ों की अनिवार्य आवश्यकता में भी ढील दी है। यह छूट 30 नवंबर, 2019 तक रहेगी।

# अंतर्राष्ट्रीय घटनायें

## भारत और जर्मनी के मध्य आयुष समझौता

- अक्टूबर, 2019 में भारतीय आयुष मंत्रालय और जर्मनी के एफआईजेड-फ्रैंकफर्टर इनोवेशनजेनट्रूम बायोटेक्नोलोजी जीएमबीएच के बीच एक समझौता संपन्न हुआ। इसके अंतर्गत अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान ने स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र में वर्तमान विकास के बारे में जर्मनी एवं भारतीय ज्ञान विनिमय कार्यक्रम में एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गये। यह समझौता जैव प्रौद्योगिकी के साथ पारंपरिक आयुर्वेदिक चिकित्सा के पूरक के लिए आधार रेखा बनाता है।
- इस समझौते के अंतर्गत, दोनों देशों के वैज्ञानिकों की एक दल मशीन लर्निंग और कृतिम बुद्धिमत्ता जैसी जैसी नवीनतम तकनीकों के साथ समर्थित सबूत आधारित दिशा-निर्देश विकसित करेगी एवं जीनोमिक्स के क्षेत्र में अनुसंधान करेगी।
- इसका उद्देश्य आयुर्वेदिक सिद्धांतों और प्रथाओं को आधुनिक दवाओं में एकीकृत करना है। इसके अलावा, देश अपने ज्ञान और अनुभवों का आदान-प्रदान भी करेंगे।
- **भारत एवं सऊदी अरब के बीच ने राज्य में रुपे कार्ड लॉन्च करने संबंधी समझौता**
- • अक्टूबर, 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सऊदी अरब यात्रा के दौरान भारत ने सऊदी अरब के साथ देश में रुपे कार्ड लॉन्च करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके लिए दोनों देशों के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए गए। इस कदम से न केवल खाड़ी राज्य में लाखों भारतीयों को लाभ होगा बल्कि हज और उमरा जाने वाले तीर्थयात्रियों को भी इसका लाभ मिलेगा।
- रुपे कार्ड लांच करने के उपरांत सऊदी अरब, भारत की डिजिटल पेमेंट प्रणाली प्रारंभ करने वाला पश्चिम एशिया का तीसरा देश है। इससे पहले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), बहरीन, भूटान और सिंगापुर में रुपे कार्ड लॉन्च कर चुके हैं।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

# आर्थिक घटनायें

- **इंडिया इनोवेशन इंडेक्स जारी**
- अक्टूबर, 2019 में नीति आयोग ने नॉलेज पार्टनर के रूप में इंस्टीटयूट फॉर कॉम्प्रोमिटी के साथ 'इंडिया इनोवेशन इंडेक्स (III) 2019' जारी किया। इसके अनुसार, कर्नाटक भारत का सबसे इनोवेटिव प्रमुख राज्य है।
- इसका उद्देश्य एक समग्र उपकरण बनाना है जिसका उपयोग देश भर के नीति निर्माताओं द्वारा अपने क्षेत्रों के लिए आर्थिक विकास नीतियों को डिजाइन करते समय बनाने के लिए चुनौतियों और ताकत की पहचान करने के लिए किया जा सकता है। यह अध्ययन भारतीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र की जांच करता है।
- दिल्ली, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश उत्पादन में आदानों का अनुवाद करने में सबसे कुशल राज्य हैं।
- तमिलनाडु, महाराष्ट्र, तेलंगाना, हरियाणा, केरल, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, गुजरात और आंध्र प्रदेश क्रमशः शेष शीर्ष दस प्रमुख राज्यों में हैं।
- सिक्किम और दिल्ली क्रमशः पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच शीर्ष स्थान पर हैं।

# नवीनतम सामान्य ज्ञान

## नियुक्त/चयनित/निर्वाचित

- **गिरीश चंद्र मुर्मु :** गिरीश चंद्र मुर्मू (59) ने 31 अक्टूबर 2019 को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहले उपराज्यपाल के रूप में शपथ ली थी। राजभवन में आयोजित समारोह में जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश जस्टिस गीता मित्तल ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।
- **के.एस. धटवालिया :** भारतीय सूचना सेवा के वरिष्ठ अधिकारी के.एस. धटवालिया को प्रेस सूचना ब्यूरो का प्रधान महानिदेशक नियुक्त किया गया है।
- **वी.एस.एस.एस. मल्लिकार्जुन राव:** वी एसएस मल्लिकार्जुन राव को पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी नियुक्त किया गया था ।
- **सुरजीत भल्ला :** केंद्र सरकार ने प्रसिद्ध अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला को तीन वर्ष की अवधि के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है ।
- **अमृत लुगुन :** भारत के विदेश मंत्रालय (विदेश मंत्रालय) ने अमृत लुगुन को यूनान में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया है।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved
S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

- **सुशील चंद्र मिश्रः** ऑयल इंडिया लिमिटेड ने सुशील चंद्र मिश्र को कंपनी का नया प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है।
- **यालितजा अपरिसिओ :** यूनेस्को के महानिदेशक ऑड्रे अजोले ने मैक्सिकन अभिनेत्री यालितजा अपरिसिओ को स्वदेशी लोगों के लिए यूनेस्को सद्भावना राजदूत के रूप में नामित किया है। वह नस्लवाद के विरूद्ध लड़ाई के लिए प्रतिबद्ध हैं और महिलाओं और स्वदेशी लोगों के अधिकारों के लिए कार्य करेंगी।
- **वी. अशोक मलिक :** वी अशोक मलिक को अतिरिक्त सचिव के पद पर विदेश मंत्रालय में नीति सलाहकार नियुक्त किया गया है।
- **पंकज कुमारः** भारत सरकार ने आईएएस अधिकारी पंकज कुमार को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण का नया सीईओ नियुक्त किया है।
- **सौरभ गांगुलीः** भारत के सबसे सफल कप्तानों में से एक सौरव गांगुली ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के 39 वें अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला।

## पुरस्कार और सम्मान

- **व्यास सम्मान :** वर्ष 2018 का प्रसिद्ध व्यास सम्मान प्रसिद्ध हिंदी कवि एवं लेखक लीलाधर जगूड़ी को उनकी कविता संग्रह 'जितने लोग उतने प्रेम' के लिये दिया गया है। उन्हें यह सम्मान नयी दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदान किया गया।

## नोबल पुरस्कार, 2019

- नोबल पुरस्कार, 2019 के प्रमुख विजेता इस प्रकार रहे :

1. **चिकित्सा या फिजियोलॉजी :** इस वर्ष का चिकित्सा या फिजियोलॉजी का नोबेल पुरस्कार संयुक्त रूप से हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के सर पीटर जे. रैटक्लिफ (यूनाइटेड किंगडम), विलियम जी. काइन (यूएसए) एवं ग्रेग एल सेमेंजा (यूएसए) को दिया गया है। उन्हें यह पुरस्कार कोशिकाओं और ऑक्सीजन की उपलब्धता के लिए अनुकूलन की उनकी खोजों के लिए दिया गया है।
2. **भौतिक विज्ञानः** इस वर्ष का भौतिक विज्ञान का नोबेल पुरस्कार संयुक्त रूप से जेम्स पेबल्स (कनाडा), मिशेल मेयर (स्विट्जरलैंड) एवं डिडिएर क्वेलोज (स्विट्जरलैंड) को दिया गया है। इन्हें यह पुरस्कार भौतिक ब्रह्मांड विज्ञान में सैद्धांतिक खोजों के लिए दिया गया है।
3. **रसायन विज्ञानः** इस वर्ष का रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार संयुक्त रूप से स्टेनली विटिंघम (यूनाइटेड किंग्डम) एवं अकीरो योसिनो (जापान) को संयुक्त रूप से दिया गया है। उन्हें यह पुरस्कार लीथियम ऑयन बैटरी के विकास के लिये दिया गया है।
4. **साहित्यः** इस वर्ष का साहित्य का नोबल पुरस्कार पीटर हैंड्सके (ऑस्ट्रिया) को दिया गया है। उन्हें यह पुरस्कार भाषाई सरलता के साथ परिधि और मानव अनुभव की विशिष्टता का पता लगाने के लिये दिया गया है।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved

5. **शांतिः** इस वर्ष का शांति का नोबल पुरस्कार अबी अहमद अली (इथियोपिया) को दिया गया है। उन्हें यह पुरस्कार अंतर्राष्ट्रीय शांति और सहयोग की दिशा में उनके प्रयासों के लिये दिया गया है।
6. **अर्थशास्त्रः** इस वर्ष का अर्थशास्त्र का नोबल पुरस्कार संयुक्त रूप से अभिजीत बनर्जी (भारत), ईस्टर डफलो (फ्रांस) एवं माइकल क्रेमर (अमेरिका) को दिया गया है। इन्हें यह पुरस्कार वैश्विक निर्धनता के उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण अध्ययन करने के लिये दिया गया है।

## खेल परिदृश्य

- एशियाई आयु वर्ग चैंपियनशिप में 10 मीटर प्लेटफॉर्म सिंक्रोनाइज्ड डाइविंग स्पर्धा : भारत के एन. विल्सन सिंह और सतीश कुमार प्रहपति ने बेंगलुरु में आयोजित एशियाई आयु वर्ग चौंपियनशिप में 10 मीटर प्लेटफॉर्म सिंक्रोनाइज्ड डाइविंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- आईएएएफ विश्व चौंपियनशिपः जमैका के धावक शैली–ऐन फ्रेजर ने दोहा में आयोजित 2019 आईएएएफ विश्व चौंपियनशिप की 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता।
- चाइना ओपनः जापान की नाओमी ओसाका ने चीन के बीजिंग में आयोजित चाइना ओपन में 3–6, 6–3, 6–2 से विश्व की नंबर एक खिलाड़ी अश्ले बार्टी को पराजित कर दिया।
- हीरो महिला इंडियन ओपन : ऑस्ट्रिया की क्रिस्टीन वुल्फ ने हरियाणा के गुरुग्राम में हीरो महिला इंडियन ओपन खिताब जीत लिया।

S. Chand And Company Limited Copyright Reserved
S. Chand And Company Limited Copyright Reserved